राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 357 लखनऊ,
गुरुवार 21 अगस्त, 2025
पृष्ठ- 16 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





संविधान प्रदत्त मूल्यों का प्रतीक है उत्तर प्रदेश विधानसभा : सतीश महाना 03

पुलिस ने चोर और ड्रोन की अफवाहों पर कसा शिकंजा 09


-: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,00,300/ |
| 22 कैरेट | = | 91,950/ |
| 18 कैरेट | = | 75,240/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 1,15,000/ |



# गिरफ्तारी पर अब जाएगा पीएम व सीएम का पद

## गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में संबंधित बिल किए पेश, तीनों विधेयकों के खिलाफ लोकसभा में हुआ जमकर हंगामा

▸ विरोध में विपक्ष ने गृह मंत्री शाह के ऊपर कागज के गोले फेंके

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री या कोई भी मंत्री किसी ऐसे क्राइम में अरेस्ट या 30 दिन की हिरासत में रहता है, जिसकी सजा 5 साल या उससे ज्यादा हो तो उसे पद छोड़ना पड़ेगा। गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में इससे संबंधित तीन बिल पेश किए। तीनों विधेयकों के खिलाफ लोकसभा में जमकर हंगामा हुआ। विपक्ष ने तीनों बिलों को वापस लेने की मांग की।

विपक्ष ने गृह मंत्री के ऊपर कागज के गोले फेंके। कांग्रेस, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और सपा ने बिलों को न्याय विरोधी, संविधान विरोधी बताया।



**पहला बिल :** 130वां संविधान संशोधन बिल 2025 है, जो केंद्र और राज्य सरकारों पर लागू होगा।
**दूसरा बिल :** गवर्नमेंट ऑफ यूनियन टेरिटरीज (संशोधन) बिल 2025 है, जो केंद्र शासित राज्यों के लिए है।
**तीसरा बिल :** जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) बिल 2025 है, जिसे जम्मू-कश्मीर पर लागू किया जाएगा।

इस पर शाह ने बिलों को संयुक्त संसदीय समिति को भेजने की बात कही। ये तीनों बिल अलग-अलग इसलिए लाए गए हैं, क्योंकि केंद्र सरकार, राज्य सरकार और केंद्र शासित राज्यों के लीडर्स के लिए अलग-अलग प्रावधान हैं। दिल्ली के सीएम केजरीवाल ने 6 महीने और

### संयुक्त संसदीय समिति को भेजे गए तीनों बिल

प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्री 30 दिन तक हिरासत में रहते हैं तो उनको बर्खास्त कर दिया जाएगा। बाद में इन विधेयकों को आगे विचार के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजा गया। विधेयक के उद्देश्य में कहा गया है कि ऐसा नैतिक उत्तरादायित्व सुनिश्चित करने के लिए किया गया है। संविधान संशोधन विधेयक के अलावा अन्य दो विधेयक केन्द्रशासित प्रदेशों और जम्मू-कश्मीर में इस तरह के प्रावधानों से जुड़े हैं। संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) में लोकसभा से 21 और राज्यसभा से 10 सदस्य होंगे। अमित शाह ने इस दौरान विपक्षी सदस्यों के आरोपों का जवाब भी दिया। विधेयक नैतिकता के मूल्य बने रहें, इसलिए लाया गया है।

### पद पर रहते हुए यह लोग जा चुके हैं जेल

दिल्ली के तत्कालीन सीएम अरविंद केजरीवाल शराब नीति केस केस में ईडी की गिरफ्तारी के बाद भी पद पर थे। जमानत के बाद उन्होंने इस्तीफा दिया था। इधर, तमिलनाडु के मंत्री सेंथिल बालाजी भी 241 दिन जेल में रहते हुए मंत्री रहे थे, बालाजी को मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन में नौकरी के बदले नकद घोटाले के आरोपों में प्रवर्तन निदेशालय ने जून 2023 में मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तार किया था। इसके बाद भी वह 13 फरवरी 2024 तक पद पर बने रहे थे। गिरफ्तारी से पहले वे बिजली, आबकारी और मद्य निषेध विभाग संभाल रहे थे। गिरफ्तारी के बाद मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने उन्हें बिना विभाग वाला मंत्री बनाए रखा और उनके विभाग अन्य सहयोगियों को सौंप दिए।

तमिलनाडु के मंत्री वी सेंथिल बालाजी ने 241 दिनों तक हिरासत और जेल में रहने के बाद अपने पद से इस्तीफा नहीं दिया था। केजरीवाल पद पर रहते गिरफ्तार होने वाले पहले सीएम थे।

### संविधान के मूल ढांचे व संसदीय लोकतंत्र के खिलाफ हैं तीनों विधेयक : मनीष तिवारी

लोक सभा में बुधवार को 130वें संविधान संशोधन विधेयक और दो अन्य विधेयकों को गृह मंत्री अमित शाह द्वारा पेश करने की अनुमति मांगने के दौरान विपक्षी सदस्यों ने भारी हंगामा किया, जिसके कारण इन्हें पेश नहीं किया जा सका और कार्यवाही तीन बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

ऑल इंडिया मजलिसे इत्तेहादुल मुस्लिमीन के असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि ये विधेयक निर्वाचित सरकारों को अस्थिर करने के लिए लाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन विधेयकों के अमल में आने पर नौकरशाही विधायिका काम करने लगेगी। कांग्रेस के मनीष तिवारी ने इन्हें संविधान के मूल ढांचे और संसदीय लोकतंत्र के खिलाफ बताया और कहा कि इनका राजनीतिक दुरुपयोग होगा। उनका कहना था कि ये विधेयक इस सिद्धांत का उल्लंघन करते हैं कि बेगुनाह साबित होने तक कोई दोषी नहीं होता। रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी के एन के प्रेमचंद्रन ने कहा कि सरकार ने विधेयकों को लाने में उचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया है। उन्होंने सवाल किया कि विधेयक इतनी जल्दबाजी में लाने की क्या जरूरत है और आरोप लगाया कि यह सरकार विपक्ष शासित राज्यों को अस्थिर करना चाहती है।

इस पर गृह मंत्री ने कहा कि विधेयकों को जल्दबाजी में लाने की बात ठीक नहीं है क्योंकि वह इन्हें संसद की संयुक्त समिति को सौंपने का अनुरोध करने वाले हैं। कांग्रेस के के सी वेणुगोपाल ने विधेयकों को संघीय ढांचे के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि श्री शाह को गुजरात में गृह मंत्री रहते हुए गिरफ्तार किया गया था। इस पर श्री शाह ने कहा कि उन पर झूठे आरोप लगाये गये थे।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत-वियतनाम तटरक्षक बल जारी रखेंगे संयुक्त गतिविधियां

**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल और वियतनाम तटरक्षक बल (वीसीजी) के बीच बुधवार को हुई छठी उच्च स्तरीय बैठक में हाल ही में हुई पोत यात्राओं और पेशेवर आदान-प्रदान की समीक्षा की गयी। दोनों देशों ने अंतर-संचालन क्षमता बढ़ाने के लिए संयुक्त गतिविधियों को जारी रखने पर सहमति जताई। आईसीजी के कमांडेंट अमित उनियाल ने बताया कि यह बैठक हनोई (वियतनाम) में दोनों एजेंसियों के बीच 2015 में हस्ताक्षरित तटरक्षक सहयोग पर समझौता ज्ञापन के प्रावधानों के तहत हुई। बैठक की सह अध्यक्षता भारतीय तटरक्षक बल के अतिरिक्त महानिदेशक आनंद प्रकाश बडोला और वियतनाम तटरक्षक बल के उप कमांडेंट मेजर जनरल वु ट्रुंग किएन ने की।

### दीपावली-छठ पर चलाई जाएंगी 12 हजार से अधिक ट्रेन सेवाएं

**नई दिल्ली।** दीपावली एवं छठ पर्व पर यात्रियों की सुविधा के लिए भारतीय रेल ने 12 हजार से अधिक स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को रेल भवन में प्रेस से बातचीत करते हुए कहा है कि बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, सांसद डॉ. संजय जायसवाल एवं केंद्रीय मंत्री ललन सिंह और सांसद संजय कुमार झा से चर्चा के बाद यह तय किया गया है कि आगामी दीपावली और छठ दो बड़े त्योहारों पर लोगों के लिए विशेष व्यवस्था की जाए।

### हीरो एशिया कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा

**नयी दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने बुधवार को आगामी हीरो पुरुष एशिया कप के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में 18 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा की। यह टूर्नामेंट 29 अगस्त से सात सितंबर तक बिहार के हाल ही में विकसित राजगीर हॉकी स्टेडियम में खेला जायेगा। एफआईएच हॉकी विश्वकप बेल्जियम-नीदरलैंड 2026 के लिए क्वालीफायर टूर्नामेंट में भारत को जापान, चीन और कज़ाकिस्तान के साथ पूल ए में रखा गया है। भारत अपने अभियान की शुरुआत 29 अगस्त को चीन के खिलाफ करेगा, उसके बाद 31 अगस्त को जापान और एक सितंबर को कजाकिस्तान से भिड़ेगा।

### पीएम मोदी की स्नातक डिग्री विवाद मामले में फैसला टला

**नयी दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्नातक डिग्री विवाद से संबंधित मामले में बुधवार को अपना फैसला टाल दिया। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता की एकल पीठ ने इस मामले में सुनवाई पूरी होने के बाद 27 फरवरी को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) को अदालत को रिकॉर्ड दिखाने में कोई आपत्ति नहीं है। उच्च न्यायालय ने दिल्ली विश्वविद्यालय की याचिका पर सुनवाई के बाद 23 जनवरी, 2017 को केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के आदेश पर रोक लगा दी थी।

## 35 वर्ष बाद टाडा मामले में उल्फा प्रमुख अरविंद समेत 38 लोग बरी

▸ वर्ष 1991 में दिसपुर थाने में दर्ज की गई थी प्राथमिकी

एजेंसी

**गुवाहाटी।** प्रतिबंधित संगठन यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट आफ असम (उल्फा) से जुड़े 38 लोगों को टाडा अदालत ने बुधवार को बरी कर दिया है। टाडा मामले में 38 लोगों को अदालत ने बुधवार को 35 साल बाद 43/2001 संख्या के मामले का निर्णय दिया। टाडा मामले में बरी होने वाले उल्फा के अध्यक्ष अरविंद राजखोआ, अनूप चेतिया, शशधर चौधरी, प्रदीप गोगोई, सुनील नाथ समेत 38 लोगों को अदालत ने दोषमुक्त घोषित किया।

इसी प्रकार, कल्पज्योति नेउग, राजू बरुवा, मुनीन नबिश, अनादर ठाकुरिया को भी दोषमुक्त घोषित किया गया। ज्ञात हो कि, वर्ष 1991 में दिसपुर थाने में इस मामले में प्राथमिकी दर्ज किया गया था। 2001 से टाडा अदालत में मामले की सुनवाई चल रही थी। 43/2001 नंबर टाडा मामले में कुल 45 आरोपित थे। 45 आरोपितों में से परेश बरुवा सहित 3 अभी भी फरार हैं। 4 लोगों की मृत्यु के कारण उनके नाम मामले से वापस ले लिए गए हैं। उग्रवाद पैदा करने, धन उगाही के आरोप में यह मामला दर्ज किया गया था। यूएपीए, टाडा के साथ-साथ आईपीसी की कई धाराएं उनके खिलाफ लगाई गई थीं।

### अब परशुरामपुरी नाम से जाना जाएगा शाहजहांपुर का जलालाबाद

**नयी दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले का जलालाबाद अब परशुरामपुरी नाम से जाना जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इसकी मंजूरी दे दी है और इसको लेकर राज्य के मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने केंद्र सरकार से जलालाबाद का नाम बदलने की मांग की थी। 27 जून 2025 को यूपी सरकार की ओर से जलालाबाद का नाम बदलने के लिए भेजा गया था खत। गृह मंत्रालय की ओर से जारी नोटिफिकेशन में बताया गया कि 27 जून 2025 को यूपी सरकार की ओर से जलालाबाद का नाम बदलने के लिए एक खत भेजा गया था। भारत सरकार को शहर जलालाबाद का नाम बदलकर परशुरामपुरी करने पर कोई आपत्ति नहीं है।

## राजग के उम्मीदवार राधाकृष्णन ने उप राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन पत्र किया दाखिल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उप राष्ट्रपति चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार सी पी राधाकृष्णन ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस एतिहासिक मौके पर प्रधानमंत्री उप राष्ट्रपति उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन के प्रस्तावक बने।



इस अवसर पर उनके साथ श्री मोदी के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और राजग सहयोगी दलों के वरिष्ठ नेता तथा जनता दल यूनाइटेड से ललन सिंह और संजय झा, लोजपा (रामविलास) से चिराग पासवान, केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी के अलावा और भी कई केन्द्रीय मंत्री मौजूद थे। श्री राधाकृष्णन का नामांकन चार सेटों में दाखिल हुआ है। जिनमें से प्रत्येक पर 20 प्रस्तावकों और 20 अनुमोदकों के हस्ताक्षर हैं। पहले सेट में मुख्य प्रस्तावक के रूप में प्रधानमंत्री मोदी के हस्ताक्षर हैं, जबकि बाकी सेटों में केंद्रीय मंत्रियों और वरिष्ठ राजग नेताओं के हस्ताक्षर हैं, जो गठबंधन में व्यापक सहमति को दर्शाता है। उप राष्ट्रपति उम्मीदवार राधाकृष्णन के इस एतिहासिक मौके पर संसद भवन में नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान मंत्रियों और सांसदों सहित राजग के लगभग 160 सदस्य उपस्थित रहे। श्री राधाकृष्णन को नामित करने का निर्णय केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी के आवास पर आयोजित राजग के नेताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया।

### बाहुबली विजय मिश्रा के बेटे को मिली राहत, आर्म्स एक्ट मामले में जमानत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बाहुबली पूर्व विधायक विजय मिश्रा के बेटे विष्णु मिश्रा को बड़ी राहत देते हुए उन्हें आर्म्स एक्ट में दर्ज मामले में ज़मानत दे दी है। गोपीगंज थाने में वर्ष 2022 में पुलिस ने विष्णु मिश्रा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने उस समय विवेचना के दौरान एके-47 रायफल और कारतूस बरामद करने का दावा किया था। विष्णु मिश्रा पर आर्म्स एक्ट के अलावा कई संगीन धाराओं में भी मुकदमे दर्ज रहे हैं। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस राजवीर सिंह की अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश दिया है। न्यायालय ने माना कि मौजूदा परिस्थितियों व साक्ष्यों को देखते हुए आवेदक विष्णु को जमानत पर रिहा किया जा सकता है।

## आठवें परीक्षण में भी अग्नि-5 मिसाइल कामयाब

▸ चीन-पाक समेत यूरोप और अफ्रीकी देशों को जद में लेगी यह मिसाइल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत ने परमाणु सक्षम इंटर कांटिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-5 का आठवां परीक्षण बुधवार को ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण केंद्र से किया है। सामरिक बल कमान के इस परीक्षण में सभी परिचालन और तकनीकी मानकों की पुष्टि हुई। ऑपरेशन सिंदूर के स्थगित होने के बीच चीन-पाकिस्तान समेत यूरोप और अफ्रीकी देशों को अपनी जद में लेने वाली इस मिसाइल की लॉन्चिंग को काफी अहम माना जा रहा है।

परमाणु सक्षम इंटर कांटिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-5 मिसाइल को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारत डायनामिक्स



लिमिटेड (बीडीएल) ने मिलकर बनाया है। इस बैलिस्टिक मिसाइल के सात परीक्षण भारत पहले ही कर चुका है। इसके बाद रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने 5,000 किलोमीटर से अधिक मारक क्षमता वाली इस मिसाइल का आगे यूजर ट्रायल किये बिना ही सेना और वायु सेना में शामिल किये जाने के संकेत दिए थे। अब अचानक ?भारत ने आज ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण केंद्र से मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-5 का परीक्षण किया है। इस परीक्षण में सभी परिचालन और तकनीकी मानकों की पुष्टि हुई। डीआरडीओ ने अग्नि-5 का पहला सफल परीक्षण 19 अप्रैल 2012 को किया गया था। दूसरा परीक्षण 15 सितंबर 2013 को, तीसरा 31 जनवरी, 2015 को, चौथा 26 दिसंबर, 2016 को, पांचवां 18 जनवरी, 2018 को, छठा 3 जून, 2018 को और सातवां परीक्षण 10 दिसंबर, 2018 को किया गया था। 2012 और 2013 में अग्नि-5 की पहली दो उड़ानें खुली कॉनफ़िगरेशन में थीं। तीसरा, चौथा और पांचवां प्रक्षेपण एक मोबाइल लांचर के साथ एकीकृत कनस्तर से किया गया था, जो एक खुले प्रक्षेपण की तुलना में कम समय में मिसाइल को लॉन्च करने में सक्षम बनाता है। इसके बाद 2020 में उपयोगकर्ता उड़ान परीक्षण किए जाने की योजना थी, लेकिन कोरोना महामारी के कारण यह नहीं हो पाया।

## उत्तर रेलवे ने दिव्यांग कर्मचारियों को वितरित किए विशेष सहायक उपकरण

समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे के प्रधान कार्यालय, कार्मिक शाखा के सभागार में बुधवार को प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी सुजीत कुमार मिश्रा के नेतृत्व में एवं मुख्य कार्मिक अधिकारी (आईआर) राजीव बजाज के मार्गदर्शन में दिव्यांग कर्मचारियों के लिए विशेष सहायक उपकरण वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर उप मुख्य कार्मिक अधिकारी अभिषेक ठाकुर, अवधेश कुमार, सहायक कार्मिक अधिकारी नरदेव कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। उत्तर रेलवे की कर्मचारी हित निधि योजना के अंतर्गत दिव्यांग कर्मचारियों एवं उनके परिजनों की कार्यक्षमता बढ़ाने तथा जीवन की गुणवत्ता



सुधारने हेतु आवश्यक सहायक उपकरण प्रदान किए जाते हैं। आज के समारोह में कुल 18 दिव्यांग कर्मचारियों एवं उनके एक-एक परिवार सदस्य को स्मार्ट ग्लासेज़, वॉकर, वॉकिंग स्टिक आदि आधुनिक सहायक उपकरण वितरित किए गए। कार्यक्रम में उत्तर रेलवे केंद्रीय चिकित्सालय, नई दिल्ली के डॉ. एम.सी. दास एवं ज्योति कंपनी के प्रशिक्षक हनी भी उपस्थित रहे। उन्होंने उपकरणों के सही उपयोग हेतु प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। इस वितरण से पूर्व दिव्यांग कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया गया।

### दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर सीएम हाउस में हमला

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर बुधवार सुबह सीएम आवास में जनसुनवाई के दौरान हमला हुआ। दिल्ली सीएम ने शाम करीब 6 बजे एक्स पर लिखा, जनसुनवाई के दौरान मेरे ऊपर हुआ हमला दिल्ली की सेवा और जनता की भलाई के संकल्प पर कायराना प्रयास है। हमले के बाद सदमे में थी। अब बेहतर महसूस कर रही हूं। वहीं, भाजपा विधायक हरीश खुराना ने घटना में आम आदमी पार्टी के शामिल होने का दावा किया है। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर गुजरात के आप विधायक गोपाल इटालिया के साथ आरोपी की फोटो शेयर की। खुराना ने पोस्ट में लिखा- जिसका शक था वही हुआ। अरविंद केजरीवाल के खास गोपाल इटालिया के साथ फोटो बहुत कुछ कह रही है। रेखा गुप्ता के ऊपर हुए हमले का कनेक्शन्नआप से जुड़ता है। केजरीवाल जी प्लीज एक्सप्लेन- यह रिश्ता क्या कहलाता है। आरोपी राजेशभाई खीमजीभाई सकरिया (41) गुजरात के राजकोट का रहने वाला है। उस पर हत्या की कोशिश का केस दर्ज किया गया है।






अपील

### सीएम योगी आदित्यनाथ ने खाद की कालाबाजारी पर किसानों से अपील करते हुए कहा

# जितनी जरूरत हो उतनी ही खाद लें किसान, न करें भंडारण

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने खाद की कालाबाजारी पर कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने किसानों से अपील की है कि खाद का भंडारण न करें। जितनी आवश्यकता है, उतना खाद लें, जब-जब आवश्यकता है, तब-तब खाद लें। योगी सरकार ने एक बार फिर साफ किया है कि प्रदेश में कहीं भी उर्वरकों की दिक्कत या कमी नहीं है।किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। सरकार ने खाद के अनावश्यक भंडारण न करने की अपील की है।



कृषि विभाग ने सभी 18 मंडलों में खाद की उपलब्धता व बिक्री की जानकारी दी। खरीफ सत्र 2024 में इस अवधि 18 अगस्त तक 36.76 लाख मीट्रिक टन उर्वरक की बिक्री हुई थी, वहीं इस वर्ष अब तक 42.64 लाख मीट्रिक टन उर्वरक की बिक्री की जा चुकी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसानों से अपील की है कि खाद का भंडारण न करें। जितनी आवश्यकता है, उतना खाद लें, जब-जब आवश्यकता है, तब-तब खाद लें। हर जनपद में शिकायत प्रकोष्ठ है। किसी परेशानी की स्थिति में अवगत कराएं। मुख्यमंत्री ने उर्वरक की ओवररेटिंग, कालाबाजारी करने वालों को कड़ी चेतावनी भी दी है। उन्होंने अधिकारियों को समय-समय पर निरीक्षण करने, किसानों से संवाद स्थापित करने और समस्याओं का निस्तारण करने का निर्देश दिया है। कृषि विभाग ने बताया कि प्रदेश में खाद की कोई कमी नहीं है। प्रदेश में पिछले साल की अपेक्षा इस वर्ष अभी तक अधिक खाद वितरण किया जा चुका है। विगत वर्ष 27.25 लाख मीट्रिक टन यूरिया वितरण हुआ था, इस साल अभी तक 31.62 लाख मीट्रिक टन वितरण किया जा चुका है। डीएपी 2024 में वितरण 5.28 लाख मीट्रिक टन का रहा, इस वर्ष यह बिक्री 5.38 लाख मीट्रिक टन हु।

### तीन जिला कृषि अधिकारी सस्पेंड, 10 को नोटिस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा है कि पदीय दायित्वों का निर्वहन में लापरवाही बरतने के आरोप में तीन जिलों के जिला कृषि अधिकारियों को निलंबित करने के साथ ही दस अन्य लोगों को नोटिस जारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि नोटिस उन लोगों को जारी की जा रही है, जिनके पास खेत कम है और उन्होंने खाद ज्यादा उठा ली है। यहां कृषि भवन में बुधवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कृषि मंत्री ने कहा कि जिन जिला कृषि अधिकारियों को निलंबित किया गया है। उनमें मंजीत कुमार सिंह, जिला कृषि अधिकारी बलरामपुर प्रकाश चंद्र विश्वकर्मा और अशोक प्रसाद मिश्र जिला कृषि अधिकारी श्रावस्ती शामिल है। प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में खाद की कालाबाजारी को लेकर रिपोर्ट मंगाई जा रही है। जांच के बाद उन पर कार्रवाई की जाएगी।

### अब्बास अंसारी की विधायकी होगी बहाल

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश की राजनीति से बड़ी खबर सामने आई है। हेट स्पीच मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अब्बास अंसारी को राहत दे दी है। कोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को पलट दिया है। अब अंसारी की विधायकी बहाल होगी। आप को बता दें कि हेट स्पीच केस में मऊ सेशन कोर्ट ने अब्बास अंसारी को 2 साल की सजा सुनाई थी।

इसके बाद उनकी विधायकी चली गई थी। लोअर कोर्ट के फैसले के खिलाफ अब्बास अंसारी ने रिविजन पिटीशन दाखिल की थी। बुधवार को न्यायमूर्ति समीर जैन की बेंच ने इस मामले में फैसला सुनाया। मामले में कोर्ट ने कोर्ट ने 30 जुलाई को बहस पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था।

## खबरें एक नजर में

### गन प्वाइंट पर दबोचे गए फरार आरोपी, मेन मार्केट में घेराबंदी, अफरा-तफरी और भगदड़



बिजुआ (खीरी)। बुधवार सुबह कस्बा भीरा की मेन मार्केट अचानक रणभूमि में बदल गई। उत्तराखंड पुलिस की टीम ने फरार चल रहे आरोपियों को फिल्मी अंदाज़ में घेराबंदी कर गन प्वाइंट पर दबोच लिया। घटना के दौरान अफरा-तफरी और भगदड़ मच गई। सूत्रों के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी वही हैं जिन्होंने हाल ही में निकाय चुनाव के दौरान फायरिंग कर सनसनी फैलाई थी। चुनाव आयोग ने इस घटना पर सख्त रुख अपनाया था और तभी से पुलिस इनकी तलाश में जुटी थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सुबह करीब 11 बजे आरोपी एक गाड़ी से कस्बे के मेडिकल स्टोर पर दवा लेने पहुंचे थे। इसी दौरान उत्तराखंड पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें रोक लिया। गिरफ्तारी के समय दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और एक-दूसरे पर पिस्तौल तान दी, जिससे बाजार में दहशत फैल गई। लोग जान बचाने के लिए दुकानों और गलियों में भागने लगे। पुलिस ने मौके से तीनों आरोपियों को दबोचकर कड़ी सुरक्षा में थाने लाकर पूछताछ शुरू कर दी है। आरोपियों के पास से एक लग्जरी थार गाड़ी भी बरामद हुई है। थाना भीरा से मिली जानकारी के अनुसार, थानाध्यक्ष अनीश अहमद के नेतृत्व में उपनिरीक्षक फिरोज आलम, हेड कॉन्स्टेबल मंजीत सिंह, कांस्टेबल संजय दोसाद और संजय सिंह सहित नैनीताल जिले की बेतालघाट पुलिस की टीम संयुक्त कार्रवाई में शामिल रही। इस सनसनीखेज गिरफ्तारी के बाद इलाके में दहशत के साथ-साथ चर्चा का दौर जारी है।

### मितौली विकासखंड में स्वच्छ जल व्यवस्था ठप, आरओ खराब



मितौली (खीरी)। विकासखंड मितौली परिसर में स्वच्छ जल उपलब्ध कराने के लिए क्षेत्र पंचायत व जिला पंचायत द्वारा लगाए गए आरओ केवल दिखावा बनकर रह गए हैं। भीषण गर्मी में अधिकारी और कर्मचारी तक बाहर से पानी मंगवाकर पीने को मजबूर हैं, जबकि आमजन इंडियामार्का हैंडपंप का सहारा ले रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि हैंडपंप का पानी पीने योग्य नहीं है। आरओ लंबे समय से खराब पड़े हैं, लेकिन उनकी मरम्मत को लेकर न तो जिला पंचायत और न ही क्षेत्र पंचायत ने कोई गंभीरता दिखाई है। जल संकट से जूझ रहे लोगों में रोष व्याप्त है। क्षेत्रीय नागरिकों ने जिला पंचायत खीरी व क्षेत्र पंचायत मितौली से खराब पड़े आरओ को तत्काल ठीक कराने की मांग की है।

### 1990 से लंबित है गन्ना किसानों का एक करोड़ से अधिक बकाया, समिति ने की अपील

गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)। क्षेत्र की सहकारी गन्ना विकास समिति में वर्ष 1990 से अब तक लगभग आठ हजार गन्ना किसानों का गन्ना मूल्य भुगतान लंबित है। जानकारी के अनुसार, यह बकाया राशि एक करोड़ रुपये से अधिक की है, जिसे लेकर किसानों या उनके वारिसों से संपर्क स्थापित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। समिति द्वारा गन्ना पर्यवेक्षकों के माध्यम से गांव-गांव जाकर प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है, लेकिन अब तक किसान समिति में संपर्क नहीं कर सके हैं। समिति प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि जिन किसानों का यह बकाया मिलना है, वे या उनके वारिस आधार कार्ड, खतौनी, कोड नंबर और बैंक पासबुक के साथ गन्ना पर्यवेक्षक अथवा गन्ना समिति कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद ही बकाया राशि पात्र किसानों को प्रदान की जाएगी। समिति ने अपील की है कि सभी लाभार्थी शीघ्र संपर्क कर दस्तावेज जमा करें, जिससे लम्बे समय से लंबित भुगतान उन्हें सौंपा जा सके।

### स्कूल जाने के लिए निकली किशोरी रहस्यमय ढंग से लापता

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)। नगर के मोहल्ला पश्चिमी दीक्षितान निवासी एक 14 वर्षीय छात्रा रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई है। छात्रा रोजाना की तरह सोमवार सुबह करीब 7-30 बजे कृषक समाज इंटर कॉलेज के लिए घर से निकली थी, लेकिन स्कूल नहीं पहुंची। तीसरे दिन भी छात्रा का कोई सुराग न मिलने पर परिजनों की चिंता बढ़ गई है। लापता छात्रा के पिता सत्यम गुप्ता पुत्र शिव कुमार गुप्ता ने बताया कि उनकी बेटी अनु गुप्ता रोज की तरह स्कूल यूनिफॉर्म में बैग लेकर निकली थी, लेकिन स्कूल में उसकी उपस्थिति दर्ज नहीं हुई। परिजनों ने सभी रिश्तेदारों और परिचितों के यहां पता लगाया, परंतु कहीं कोई जानकारी नहीं मिली। थाना कोतवाली में पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि हर पहलू से जांच की जा रही है और छात्रा को जल्द बरामद करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### प्रेम प्रसंग में किशोरी प्रेमी के साथ फरार, युवक पर मुकदमा

गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)। थाना कोतवाली क्षेत्र से एक 14 वर्षीय किशोरी अपने कथित प्रेमी के साथ घर से फरार हो गई है। घटना 16 अगस्त की शाम की बताई जा रही है, जब किशोरी शौच के बहाने घर से निकली थी और वापस नहीं लौटी। परिजनों ने काफी तलाश की कोई जानकारी न मिलने पर पुलिस को सूचना दी। बाद में जानकारी मिली कि गोपालापुर निवासी मनीष कुमार पुत्र लल्लन किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि किशोरी की बरामदगी और युवक की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

### प्रेमजाल में फंसी अनाथ युवती, गर्भवती होने पर घर से निकाला

निघासन खीरी। उन्नाव की एक अनाथ युवती को प्रेमजाल में फंसाकर लखीमपुर खीरी के युवक ने घर बुलाया और पत्नी का दर्जा देने का झांसा दिया। आरोप है कि युवती के गर्भवती होने पर आरोपी ने मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। अब लाचार युवती होटलों और बसअड्डे पर रात गुजारने को मजबूर है। पीड़िता ने पुलिस पर भी थाने से भगा देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने बताया कि उसके माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका है। वह लखनऊ में रहकर मजदूरी करती थी। करीब एक साल पहले निघासन थाना क्षेत्र के ओरीपुरवा निवासी संजय यादव उसके संपर्क में आया और उससे मेलजोल बढ़ाया। आरोप है कि संजय अक्सर उसके कमरे पर आने-जाने लगा। एक माह पूर्व युवती को अपने घर ले जाकर पत्नी का दर्जा देने की बात कही। पीड़िता का कहना है कि जब वह गर्भवती हुई तो संजय ने उसके साथ मारपीट की और घर से बाहर निकाल दिया। तब से वह दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है। कभी होटल तो कभी बसअड्डे पर रात गुजार रही है। उसने बताया कि जब वह शिकायत लेकर निघासन कोतवाली पहुंची तो पुलिस ने भी उसे वहां से भगा दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक निघासन महेशचंद्र ने बताया कि युवती की तहरीर मिली है। मामले की जांच कराई जा रही है। जांच के विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### झांकियों और भजन-कीर्तन से गूंजा उतरौला, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर उमड़ा जनसैलाब



उतरौला (बलरामपुर)। उतरौला नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इस समय भक्ति और उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। छह दिनों तक चलने वाला श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पूरे उत्साह और धूमधाम और आस्था के साथ मनाया जा रहा है। नगर के प्रमुख मंदिरों और पूजा पंडालों में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की झलक साफ दिखाई दे रही है। श्री दुखहरण नाथ मंदिर, श्री शिव मंदिर (गोंडा मोड़), श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर, श्री हनुमानगढ़ी मंदिर, श्री ठाकुरद्वारा मंदिर, गांधीनगर पुलिस चौकी क्षेत्र, अलावलपुर मोहल्ला, गुप्ता टेंट हाउस, ज्वाला महारानी मंदिर, गुन्ने हलवाई और बस स्टॉप परिसर सहित नगर के दर्जनों स्थलों पर सुंदर पूजा पंडाल सजाए गए हैं। इन सभी पंडालों में भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़ी विविध झांकियां प्रस्तुत की जा रही हैं। विशेष रूप से बाल कृष्ण की माखन चोरी, कालिया नाग दमन, गोवर्धन लीला, रासलीला और भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग से संबंधित आकर्षक झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। इन झांकियों को देखने के लिए प्रतिदिन शाम से देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। महिलाएं, पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग सभी भक्ति भाव से झांकियों का अवलोकन कर रहे हैं और भगवान श्रीकृष्ण के भजन-संकीर्तन में शामिल होकर भक्तिमय वातावरण का अनुभव कर रहे हैं। पूजा पंडालों में सुंदर सजावट, रोशनी और भजन-कीर्तन से पूरा नगर आलोकित हो उठा है। जगह-जगह भजन मंडलियां भगवान श्रीकृष्ण की महिमा गा रही हैं, जिससे भक्तों के मन आह्लादित हो रहे हैं। इस अवसर पर नगर में सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद रखी गई है ताकि श्रद्धालु बिना किसी व्यवधान के धार्मिक अनुष्ठान और झांकियों का आनंद ले सकें। उतरौला का यह श्रीकृष्ण जन्मोत्सव महोत्सव न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता का भी संदेश दे रहा है। श्रद्धालु इस पर्व के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का स्मरण कर भाव-विभोर हो रहे हैं।

# अमेठी-सुलतानपुर के युवाओं से लाखों की ठगी

- विदेश भेजने के नाम पर युवकों से ऐंठें रुपए
- आठ महीने से टालमटोल करने का वीज़ा एजेंट पर आरोप

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।




एक बार फिर विदेश भेजने का झांसा देकर युवाओं से लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। यह मामला कोतवाली गोला क्षेत्र के न्यू वीज़ा मास्टर ऑफिस से जुड़ा है, जहां संचालक द्वारा अमेठी, सुलतानपुर और आस-पास के इलाकों के युवाओं से कुवैत भेजने के नाम पर प्रति व्यक्ति रु.33,000 की रकम वसूली गई, लेकिन वीज़ा की प्रक्रिया आज तक पूरी नहीं की गई। पीड़ितों का आरोप है कि पिछले आठ महीने से एजेंट लगातार उन्हें आज-कल कर टाल रहा है। पीड़ित रिजवान अहमद पुत्र मतीन अहमद, निवासी ग्राम इमलीगांव चूपी, थाना मुसाफिरखाना, जनपद अमेठी सहित कुल 11 युवाओं ने न्यू वीज़ा मास्टर के संचालक पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए गोला कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ितों में गुफरान पुत्र अली मोहम्मद, राशिद हुसैन पुत्र बासित हुसैन, जुबैर पुत्र अनीस, आज़म पुत्र अमन्नम, कबीर अहमद पुत्र शमशाद अहमद, महबूब पुत्र मकबूल, शमीम पुत्र शरीफ, लईक पुत्र नईम तथा वामिद खां पुत्र अब्दुल कदीर खां जैसे कई अन्य युवक भी शामिल हैं। सभी युवाओं से एजेंट ने यह कहकर एडवांस पैसे लिए कि उन्हें जल्दी ही कुवैत में नौकरी के लिए भेजा जाएगा। पीड़ित रिजवान अहमद ने बताया कि संचालक ने सभी से वादा किया था कि एक महीने के भीतर वीज़ा उपलब्ध करा दिया जाएगा। लेकिन बीते आठ महीने से सिर्फ बहाने बनाए जा रहे हैं। कई बार फोन और व्यक्तिगत रूप से संपर्क करने के बावजूद उन्हें कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिला।

> कोतवाली गोला पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर प्राथमिक जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक अम्बर सिंह का कहना है कि पीड़ितों द्वारा लगाए गए आरोपों की गंभीरता से जांच की जा रही है और आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं। उचित कार्रवाई की जाएगी।

#### 30 अगस्त तक पैसे लौटाने का आश्वासन, रकम न मिलने पर फिर गहराएगा संदेह

विवाद बढ़ने पर न्यू वीज़ा मास्टर की ओर से एक समझौता पत्र जिसमें लिखा गया है कि सभी लोगों का पैसा 30 अगस्त 2025 तक वापस कर दिया जाएगा। एजेंसी ने यह भी कहा कि अगर समय पर पैसे नहीं लौटाए गए, तो सभी पीड़ित एजेंसी पर कानूनी कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र होंगे। एजेंसी की ओर से यह भी लिखा गया कि अगर इसके बाद में किसी को कार्यालय आना पड़ेगा तो उसका यात्रा खर्च भी न्यू वीज़ा मास्टर उठाएगा। बुधवार को पीड़ितों ने थाना गोला में की गयी अपनी पूर्व शिकायत पर कार्यवाही की मांग की है। साथ ही पुलिस से इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभाव से एजेंट के खिलाफ ठोस कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में किसी और के साथ ऐसा धोखा न हो। साथ ही, उन्होंने अनुरोध किया है कि उनके पैसे जल्द से जल्द वापस कराए जाएं।

### अनियंत्रित ट्रॉली-पलटी, चार लोग गंभीर रूप से घायल

गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)। हैदराबाद थाना क्षेत्र में गोला-सिकंदराबाद मार्ग पर वैदाखेड़ा के पास बुधवार को एक ट्राली अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार ट्राली पलटने से बिलहरी निवासी 13 वर्षीय आकाश पुत्र संजय कुमार, मजगई थाना क्षेत्र के ग्राम लधपुरवा निवासी 30 वर्षीय वकील पुत्र कमरूद्दीन, मथुरानगर गोला निवासी 45 वर्षीय ओमप्रकाश पुत्र कामता प्रसाद तथा 65 वर्षीय माजिद अली पुत्र जमील अहमद को गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल सीएचसी पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चारों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गई है और ट्राली के चालक की तलाश जारी है।

## आसमान में दिखी रोशनी और ड्रोन उड़ने की अफवाह से ग्रामीणों में दहशत

- पुलिस ने लोगों को किया जागरूक



गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)। रात के समय आसमान में तेज रोशनी और ड्रोन कैमरे उड़ने की अफवाहों ने क्षेत्र के ग्रामीणों में भय का माहौल पैदा कर दिया है। ग्रामीण रातभर जागकर निगरानी करने को विवश हो गए हैं। सोशल मीडिया पर इस संबंध में कई वीडियो भी वायरल हो रहे हैं, जिससे स्थिति और अधिक चिंताजनक हो गई है। इस संदर्भ में थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा एक जागरूकता अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी सुनील मलिक और अजान चौकी प्रभारी अशोक सिंह ने अजान, ममरी, मोहम्मदाबाद, रैनखेड़ा, तकिया, रोशन नगर, रामपुर ग्रंट नंबर 18 व घरधनिया गांवों में जाकर ग्रामीणों से संवाद किया। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को स्पष्ट रूप से बताया कि यह कोई आपराधिक गतिविधि नहीं, बल्कि मात्र अफवाह है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे सोशल मीडिया पर बिना पुष्टि के कोई भी जानकारी साझा न करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। पुलिस की इस पहल से ग्रामीणों ने राहत महसूस की और अफवाहों पर ध्यान न देने का आश्वासन दिया। साथ ही पुलिस ने चेताया कि अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# इंडो-नेपाल बॉर्डर गौरीफंटा पर एआरटीओ की बड़ी कार्रवाई, 11 अवैध टैक्सियां सीज

गौरीफंटा (खीरी), समृद्धि न्यूज़।



इंडो-नेपाल सीमा क्षेत्र गौरीफंटा में ए आर टी ओ टीम ने बुधवार को अवैध रूप से संचालित टैक्सियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बिना परमिट के संचालित 11 टैक्सियों को सीज कर दिया। अचानक हुई इस कार्रवाई से टैक्सी चालकों और स्थानीय टैक्सी गैंगों में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लंबे समय से गौरीफंटा बॉर्डर पर कई टैक्सियां बिना किसी वैध परमिट एवं कागजात के यात्रियों को सीमा तक पहुंचाने और वापस लाने का कार्य कर रही थीं। इस संबंध में लगातार शिकायत मिलने के बाद ए आर टी ओ विभाग ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से सघन जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान जब अधिकारियों ने एक-एक कर टैक्सियों के दस्तावेजों की जांच की तो 11 टैक्सियों के पास न तो वैध परमिट थे और न ही फिटनेस संबंधी कागजात।

सभी 11 टैक्सियों को मौके पर ही सीज कर पुलिस चौकी में खड़ा कराया गया। कार्रवाई के बाद प्रशासन ने साफ किया कि भविष्य में बिना परमिट के वाहन पकड़े जाने पर सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि अवैध टैक्सी संचालन से न केवल शासन को राजस्व का नुकसान हो रहा था, बल्कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी यह बेहद गंभीर मामला है, क्योंकि सीमा क्षेत्र में संचालित प्रत्येक वाहन का प्रमाणित व रजिस्टर्ड होना अनिवार्य है। वाहन स्वामियों व टैक्सी चालकों में इस कार्रवाई को लेकर हड़कंप मचा हुआ है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत, परिजनों में कोहराम

निघासन खीरी। सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब सुखदेव सिंह 55 अपने हरीपुरवा स्थित फॉर्म हाउस से बाइक पर सवार होकर निघासन कस्बे के रिलायंस पेट्रोल पंप के पास स्थित अपने घर जा रहे थे। बताया जाता है कि सुक्खनपुरवा मोड़ के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने आनन-फानन में उन्हें निघासन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लखीमपुर जिला अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने सुखदेव सिंह को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों की भीड़ जिला अस्पताल में जुट गई।

# एथलेटिक प्रतियोगिता और नगर पंचायत बैठक में दिखा उत्साह

- सिंगहा कला में धावकों ने दिखाया दम, बैठक में बनी गंगवार टीम

सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज़।



ग्राम पंचायत सिंगहा कला स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय डिग्री कॉलेज के मैदान में बुधवार को एथलेटिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद कय्यूम ने फीता काटकर किया। 1600 मीटर, 400 मीटर और 200 मीटर दौड़ कराई गई, जिनमें 1600 मीटर की दौड़ कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही। प्रतियोगिता देखने के लिए सुखदेव, वीरेंद्र, हिमांशु, समीर, नरेंद्र गुप्ता, रामकिशोर, मेंराज गौरी सहित तमाम खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

इसी दिन नगर पंचायत के मैरिज हॉल में अध्यक्ष मोहम्मद कय्यूम की अध्यक्षता में कर्मचारियों की बैठक भी आयोजित हुई। इसमें कस्बे की साफ-सफाई और विकास कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में गंगवार टीम गठित की गई तथा सफाई और फॉगिंग के लिए रोस्टर बनाया गया। साथ ही नगर में बन रही सड़कों की गुणवत्ता की जांच करने पर जोर दिया गया। बैठक में सभासद, प्रधान लिपिक अखिलेश अवस्थी, सुरेंद्र सहित सभी सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

## पसगवां में आग से मवेशियों की मौत, लाखों का नुकसान

पसगवां (खीरी)। लखीमपुर खीरी जिले के पसगवां क्षेत्र के नेवादा गांव में एक पशुशाला में अचानक आग लग गई। हादसे में दो गाय और एक पड़िया की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन भैंसें और तीन बकरियां बुरी तरह झुलस गईं। झुलसे मवेशियों का इलाज पशु चिकित्सकों की देखरेख में किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, आग अज्ञात कारणों से लगी। देखते ही देखते लपटों ने पूरी पशुशाला को अपनी चपेट में ले लिया। आसपास के लोगों ने किसी तरह आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक भारी नुकसान हो चुका था। पशुपालक जीतराम की मेहनत की कमाई से पाले गए मवेशियों के मरने से उसे लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासनिक और राजस्व टीम मौके पर पहुंची। क्षेत्रीय लेखपाल अरविंद शुक्ला ने आगजनी की रिपोर्ट तैयार की। वहीं, नायब तहसीलदार मोहम्मदी रामबालक और पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राहुल कुमार सिंह ने मौके का निरीक्षण किया और पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। प्रशासन ने कहा है कि पशुपालक को शासन की ओर से उचित मुआवजा दिलाने की कार्यवाही की जाएगी। साथ ही, भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ग्रामीणों को सुरक्षा उपायों और एहतियाती कदमों की जानकारी भी दी जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में अक्सर शॉर्ट-सर्किट और लापरवाही के कारण आग की घटनाएं घट जाती हैं। उन्होंने प्रशासन से आग बुझाने के लिए पर्याप्त संसाधन और समय पर राहत पहुंचाने की व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

## यूरिया की किल्लत से बेहाल किसान, समितियों पर रातभर डटे रहे लाइन में

बीपी त्रिपाठी/आशीष कुमार गुप्ता



रेहराबाजार/बलरामपुर। क्षेत्र में यूरिया खाद की किल्लत ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। गन्ना और धान की फसल के लिए इस समय यूरिया की टॉपड्रेसिंग की अत्यधिक आवश्यकता है, लेकिन समितियों पर पर्याप्त खाद उपलब्ध न होने से किसान परेशान हैं।

हालात यह हैं कि साधन सहकारी समिति मुबारकपुर के सामने किसान बीती रात से ही लाइन लगाने के लिए चारपाई बिछाकर डटे रहे। सुबह लाइन में आगे होने के लिए कई किसानों ने रातभर वहीं डेरा डाला। इसके बावजूद खाद मिलने की गारंटी नहीं है।

किसानों का कहना है कि जब भी खाद की खेप आती है, तो उसकी कालाबाजारी हो जाती है। आम किसानों को खाद लेने के लिए घंटों धूप में खड़ा रहना पड़ता है। यदि समय पर खाद न मिली तो गन्ना और धान की फसल पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तत्काल पर्याप्त यूरिया उपलब्ध कराने और कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## अजा एकादशी पर खाटू श्याम मंदिर में संकीर्तन महोत्सव

गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।




पावन अजा एकादशी के अवसर पर कंजा बरम बाबा हनुमान मंदिर देव स्थान स्थित खाटू श्याम मंदिर में भव्य संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा और बाबा श्याम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। रात्रि आठ बजे से शुरू हुए संकीर्तन में प्रसिद्ध भजन गायक अजय गुप्ता ने अपने मधुर स्वरों से बाबा की महिमा का गुणगान किया। भजनों ऐ गणपति दीन दयाल प्रभु, मेरे राम जी से कहे देना, पकड़ो लो हाथ बनवारी जैसे भक्ति गीतों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंदिर मंडप को रंग-बिरंगे गुब्बारों व पुष्प सज्जा से सजाया गया था। पुरुष, महिलाएं और बच्चे बड़ी संख्या में इस आयोजन में उपस्थित रहे। धार्मिक मान्यता के अनुसार, अजा एकादशी व्रत के पालन से पापों का नाश होता है और भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त होती है। महोत्सव का समापन मंदिर के पुजारी संतोष पाठक द्वारा श्री खाटू श्याम बाबा की आरती से हुआ, जिसके बाद श्रद्धालुओं ने बाबा का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर अनिल जलोटा, दीपक राजपूत, सुधीर गुप्ता, शिवम गुप्ता, प्रमोद सोनी, नवनीत श्रीवास्तव, अनुराग गुप्ता, सुमित राठौर, मयंक महेश्वरी सहित बड़ी संख्या में सेवादार उपस्थित रहे।

### भादो में जेठ-वैशाख जैसी तपिश, जनजीवन बेहाल

सादुल्लानगर/बलरामपुर। भादो कृष्ण पक्ष का महीना चल रहा है, जिसे बरसात का महीना कहा जाता है, लेकिन इस बार मौसम की बेरुख़ी ने लोगों को जेठ-वैशाख जैसी तपिश का अहसास करा दिया है। आसमान से बरसती तीखी धूप और उमस ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। हालत यह है कि बिना गमछा या तौलिया के सड़कों पर निकलना मुश्किल हो गया है। भीषण गर्मी के कारण नगर की गलियों और सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा, वहीं बाजारों में भी ग्राहक नदारद दिखे। इस झुलसाती गर्मी के बीच विद्युत आपूर्ति ने भी लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है ।बुधवार की सुबह से ही सूरज की तपिश ने लोगों को बेहाल कर दिया। गर्मी और उमस से बचने के लिए लोग छांव और पानी की तलाश में भटकते नजर आए।

# डीएम की अध्यक्षता में कर करेत्तर एवं राजस्व वसूली की बैठक संपन्न

- डीएम ने वार्षिक एवं मासिक लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व प्राप्ति एवं विशेष प्रवर्तन अभियान चलाए जाने का दिया निर्देश

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।



डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में कर करेत्तर एवं राजस्व वसूली की बैठक संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने वाणिज्य कर, स्टांप, आबकारी, विद्युत, परिवहन, नगर निकाय, बांट-माप, मंडी, खनन आदि द्वारा राजस्व प्राप्ति की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने वाणिज्य कर द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष कम राजस्व प्राप्ति का नाराजगी जताई एवं लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व प्राप्ति का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग वार्षिक एवं मासिक लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व प्राप्ति का निर्देश दिया। उन्होंने परिवहन, खनन, आबकारी आदि विभागों के अधिकारियों को सघन प्रवर्तन अभियान चलाए जाने का निर्देश दिया। बैठक में डीएम द्वारा राजस्व वादों के निस्तारण की समीक्षा की गई।

उन्होंने तहसीलवार राजस्व न्यायालय में वादों के निस्तारण की समीक्षा की एवं विशेष अभियान चलाकर राजस्व वादों के निस्तारण का निर्देश दिया। उन्होंने निर्धारित समयावधि के भीतर आय, जाति, निवास आदि प्रमाण पत्र जारी किए जाने के निर्देश दिया। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व, समस्त एसडीएम, तहसीलदार, जिला आबकारी अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता ने जिला सैनिक बंधु की बैठक संपनन



डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सैनिक बंधु की बैठक संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने पूर्व सैनिकों की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना तथा शिकायतों के विशेष प्राथमिकता के साथ निस्तारण का निर्देश दिया। उन्होंने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को पूर्व सैनिकों को शासन से अनुमन्य सभी सुविधाएं मिले , यह सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान जिला सैनिक कल्याण अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## ज्येष्ठ गन्ना निरीक्षक ने मिल क्षेत्र में बाढ़ ग्रसित एरिया का किया निरीक्षण

उतरौला, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।



ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक उतरौला,बलरामपुर द्वारा बाढ़ जल भराव, रोग-किट के निरीक्षण हेतु उतरौला परिषद के ग्राम गिद्धौर, गौर, त्रिगुणायतपुर, रमवापुर आदि ग्रामों का फार्म एवं होम विजिट के अंतर्गत प्लाटों का निरीक्षण किया गया। गाँव के पास से ही कुआनों नदी बहती है, लेकिन बाढ़ अथवा जल जमाव की स्थिति नहीं है। गन्ने की फसल स्वस्थ एवं रोग रहित है। गिद्धौर ग्राम के कृषक सुभाष वर्मा के दरवाजे पर चीनी मिल इटई मैदा के फील्ड स्टाफ ओमप्रकाश वर्मा द्वारा सर्वे सट्टा प्रदर्शन कराया जा रहा था। सट्टा प्रदर्शन के दौरान उपस्थित विश्राम, राम मनोरथ, राजमान आदि कृषकों से गन्ने के फसल पर रोग-कीट के संक्रमण, सर्वे सट्टा प्रदर्शन एवं आगामी शरद कालीन गन्ना बुवाई हेतु वार्ता की गई। इस अवसर पर सर्कल गन्ना पर्यवेक्षक अजीत कुमार चौधरी भी उपस्थित रहे ।

# यूपी में 2.88 करोड़ से अधिक किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का लक्ष्य

## मुख्यमंत्री के निर्देश पर 16 सितम्बर से प्रदेशभर में चलाया जाएगा विशेष अभियान, फार्मर रजिस्ट्री में अब तक बिजनौर जिला सबसे आगे

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 2.88 करोड़ से अधिक किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का लक्ष्य है। इसके सापेक्ष अब तक 50 प्रतिशत से अधिक लगभग 1.45 करोड़ किसानों की रजिस्ट्री पूरी हो चुकी है।

किसानों की फार्मर रजिस्ट्री में अब तक बिजनौर जिला सबसे आगे है, जहां 58 फीसदी से अधिक रजिस्ट्री पूर्ण हो चुकी है। उत्तर प्रदेश में किसानों की फार्मर रजिस्ट्री को लेकर बड़ा अभियान शुरू होने जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर 16 सितम्बर से प्रदेशभर में विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत जिलाधिकारियों को फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति पर प्रतिदिन समीक्षा करने के निर्देश दिए गए हैं।

राजस्व विभाग को निर्देश है कि राजस्व अधिकारियों को मानक कार्यप्रणाली एसओपी उपलब्ध कराई जाए ताकि अधिकार अभिलेख में मालिकों के नाम को आधार के अनुसार सही किया जा सके। प्रदेश में 2.88 करोड़ से अधिक किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 50 प्रतिशत से अधिक लगभग 1.45 करोड़ किसानों की रजिस्ट्री पूरी हो चुकी है। किसानों की फार्मर रजिस्ट्री में अब तक बिजनौर जिला सबसे आगे है, जहां 58 फीसदी से अधिक रजिस्ट्री पूर्ण हो चुकी है। हरदोई 57.84 फीसदी, श्रावस्ती 57.47 फीसदी, पीलीभीत 56.89 फीसदी और रामपुर 56.72 फीसदी टॉप-5 जिलों में शामिल हैं।जो किसान अभी तक रजिस्ट्री का हिस्सा नहीं हैं, उनके डाटा का फील्ड ऑफिसर्स द्वारा वेरिफिकेशन किया जा रहा है। इसमें अमरोहा, आजमगढ़, बलरामपुर, एटा और जौनपुर जैसे जिलों में 100 प्रतिशत वेरिफिकेशन पूरा हो चुका है। योगी सरकार ने जिलाधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत किसानों का 100 फीसदी पंजीकरण अगली किस्त जारी होने से पहले पूरा हो।

फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनवाने के लिए किसान को अपनी पंचायत में लगे कैंप में जाना होगा। यहां रजिस्ट्री करने के बाद 11 अंकों की विशिष्ट आईडी दी जाएगी। इस आईडी को बनवाने के लिए किसानों को कुछ डिटेल देनी होगी। इसमें आधार कार्ड, जमाबंदी, मोबाइल नंबर की जरूरत होगी। एक बार यह आईडी बन जाने के बाद पात्र किसान प्रधानमंत्री किसान या मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, कृषि विभाग की अन्य योजनाओं का लाभ आसानी से उठा सकते हैं।

# नवरात्रि में हो सकता है योगी कैबिनेट का विस्तार, नए चेहरों को मिल सकती है जगह

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** यूपी सरकार फिर कैबिनेट का विस्तार कर सकती है।पार्टी नेताओं से लेकर राजनीतिक गलियारों में इसकी चर्चा शुरू हो गई है। चर्चा की शुरुआत समाजवादी पार्टी द्वारा बागी विधायकों को बाहर को रास्ता दिखाने पर हुई है।

कयास लग रहे कि सपा से निकाले गये विधायक भारतीय जनता पार्टी में शामिल होते हैं तो योगी सरकार कैबिनेट का विस्तार कर सकती है। यूपी में मंत्रिमंडल विस्तार की सुगबुगाहट तेज हो गई है और अगले महीने नवरात्रि के दौरान मंत्रिमंडल का विस्तार हो सकता है। सूत्रों के अनुसार मंत्रिमंडल विस्तार के लिए नवरात्रि का समय चुने जाने के पीछे तर्क दिया जा रहा है कि नवरात्रि से पहले कोई अन्य शुभ दिन नहीं हैं। सपा से निष्कासित विधायकों में से पूजा पाल और मनोज पांडेय के भाजपा जॉइन करने पर योगी के मंत्रिमंडल में जगह मिल सकती है। कुछ मंत्रियों का प्रमोशन भी हो सकता है।

यूपी में मौजूदा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी को कैबिनेट मंत्री बनाया जा सकता है। कुछ मंत्रियों के विभागों बदलाव हो सकता है। योगी के मंत्रिमंडल में कुछ नए चेहरे शामिल हो सकते हैं। ओबीसी और दलितों को संदेश देने के लिए भाजपा योगी कैबिनेट में उनका प्रतिनिधित्व बढ़ा सकती है।पार्टी क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखने पर भी ध्यान दे सकती है। पश्चिमी यूपी से एक ओबीसी भाजपा नेता को मंत्रिमंडल में शामिल किए, जाने की संभावना है। सपा के पीडीए कार्ड को तोड़ने के लिए पीडीए, नेताओं को मंत्रिमंडल में जगह मिल सकती है। नये चेहरों को मौका देने का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए संदेश देना भी है कि पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ताओं की अनदेखी नहीं होने दी जाएगी।

# खबरें एक नजर में

## झमाझम बारिश से मोहनलालगंज में बरगद का पेड़ गिरा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के कई इलाकों में आज बारिश हुई। आसमान में बादल छाए हैं। हल्की हवाएं चल रही हैं। उमसभरी गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। आज राजधानी का अधिकतम तापमान 30 से 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 25 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। उमस से राहत मिलेगी, लेकिन नमी का असर बना रहेगा। मौसम विभाग ने अगले 4-5 दिन तक मौसम का मिजाज ऐसा ही रहने की संभावना जताई है। आज सुबह से मौसम साफथा। सुबह करीब 11 बजे अचानक मौसम का मिजाज बदला। गोमती नगर, हजरतगंज, लालबाग, मोहनलालगंज में बारिश हुई। मोहनलागंज में मौरावां रोड पर बरगद का पेड़ गिर गया। इससे आवाजाही बाधित हो गई। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, लखनऊ में अगले 5 दिनों तक रुक-रुककर बारिश होती रहेगी। शाम के वक्त कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, इस समय पूर्वी उत्तर प्रदेश पर मानसूनी ट्रफ सक्रिय है, जिसकी वजह से राजधानी और आसपास के जिलों में बारिश हो रही है। बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी भी बारिश में योगदान कर रही है।

## स्कूल में 550 फलदार व छायादार पौधा लगाया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मोहनलालगंज स्थित चतुर्थ वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ने पौधारोपण अभियान 2025 के तहत एक महत्वपूर्ण पहल की। कमांडेंट अरविन्द कुमार के नेतृत्व में यह अभियान उच्च माध्यमिक विद्यालय और राजकीय हाई स्कूल कनकहा में चलाया गया। स्कूल परिसर में कुल 550 बालवृक्षों का रोपण किया गया। इनमें फलदार और छायादार दोनों तरह के पौधे शामिल थे। इस कार्यक्रम में स्कूल के छात्र-छात्राएं, शिक्षक और स्थानीय नागरिक भी शामिल हुए। स्कूल की इंचार्ज पूनम सक्सेना के साथ साधना सिंह, शालिनी, राजकुमारी, मंजू, अंजली भार्गव और अर्जना जैसी शिक्षिकाओं ने भी उत्साह से भाग लिया। सभी प्रतिभागियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता देखी गई।चतुर्थ वाहिनी पिछले साल की तरह इस वर्ष भी विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण कर रही है। इसमें स्कूल, कॉलेज, सरकारी संस्थान, धार्मिक स्थल, गांव और कस्बे शामिल हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखना है।

## पीजीआई के सफाई कर्मचारी हड़ताल पर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पीजीआई अस्पताल में एक स्वच्छता निरीक्षक पर संविदा भर्ती के नाम पर पैसे लेने और फिर वापस मांगने पर मारपीट करने का आरोप लगा है। आरोपी निरीक्षक ओम प्रकाश ने एक सफाई कर्मचारी से नौकरी दिलाने के नाम पर रकम ली थी। पीड़ित कर्मचारी के मुताबिक, लंबे समय तक नौकरी नहीं मिलने पर उसने अपने पैसे वापस मांगे। इस पर निरीक्षक ने उस पर और उसकी पत्नी पर हमला कर दिया। इस घटना के विरोध में क्षेत्र के सभी सफाई कर्मचारियों ने काम बंद कर दिया है। कर्मचारी आरोपी निरीक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। हड़ताल से अस्पताल की सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

## 31 सूत्रीय मांगों को लेकर माध्यमिक शिक्षकों का प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के बैनर तले आज यानी बुधवार को माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक पूरे प्रदेश में प्रदर्शन कर रहे। ये प्रदर्शन सभी जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालयों में हो रहा। धरना-प्रदर्शन खत्म होने के बाद डीआईओएस और संयुक्त शिक्षा निदेशक के माध्यम से सीएम को संबोधित 31 सूत्री ज्ञापन भेजा जाएगा। संघ के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. आरपी मिश्रा ने बताया कि लखनऊ में सिटीजन चार्टर लागू करने और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर शिक्षक दूसरा ज्ञापन डीआईओएस को सौंपेंगे। सीएम को भेजे जाने वाले 31 सूत्री ज्ञापन में पुरानी पेंशन की बहाली, तदर्थ शिक्षकों का परमानेंट करने, ऑफलाइन स्थानांतरण किए जाने, वित्तविहीन विद्यालयों मे कार्यरत शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतन दिलाने जैसी मांगें शामिल होंगी।

## युवाओं के कौशल विकास से आत्मनिर्भर भारत का निर्माण

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना डीडीयूजीकेवाई के अंतर्गत लखनऊ स्थित एलएनजे इंस्टिट्यूट ऑफस्किल्स एंड टेक्नोलॉजी के प्रशिक्षण केंद्र का उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन निदेशक पुलकित खरे ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मिशन निदेशक ने प्रशिक्षणार्थियों से संवाद स्थापित कर उनके अनुभव जाने तथा उन्हें उपलब्ध कराए जा रहे प्रशिक्षण की गुणवत्ता का आकलन किया। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि समर्पण और लगन के साथ कौशल विकास कर वे न केवल आत्मनिर्भर बनेंगे बल्कि समाज और प्रदेश की प्रगति में योगदान देंगे।उन्होंने युवाओं को भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार रोजगारोन्मुखी कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## शिया पीजी कॉलेज में ऑनलाइन काउंसिलिंग शुरू

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बी0ए0, बीएससी, बी0 काम0, एलएलबी (पंचवर्षीय), बी0बीए एवं बी0ए पत्रकारिता एवं जनसंचार पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु जिन अभ्यर्थियों ने अपनी फीस महाविद्यालय में जमा कर दी है उनकी काउंसलिंग ऑनलाइन माध्यम से शिया पी0 जी0 कालेज के एडमिशन पोर्टल पर दिनांक-22 अगस्त से 28 अगस्त के मध्य होगी। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए प्रवेश समन्वय प्रो0 एम0एम0 अबु तैय्यब ने बताया कि अभ्यर्थी निम्न प्रकार से अपनी काउंसिलिंग कर सकते हैं-सर्वप्रथम अभ्यर्थियों को महाविद्यालय के एडमिशन पोर्टल पर स्टूडेन्ट लॉगिन आप्शन पर जाकर रजिस्ट्रेशन नम्बर व जन्मतिथि डालकर लॉगिन करना होगा। लॉगिन करने के पश्चात अभ्यर्थियों को 03 विषयों का चयन करना होगा, जिसमें दो मेजर विषय होंगे व एक माइनर विषय होगा। अभ्यर्थियों को विषय चयन करने के पश्चात अपनी फाइनल रसीद 3 कार्यदिवस के उपरान्त स्टूडेंट लॉगिन आप्शन से डाउनलोड करना होगा और उसे अपने पास सुरक्षित रखना होगा।

## यूपी विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने राजस्थान विस के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का विधान भवन में किया स्वागत

# संविधान प्रदत्त मूल्यों का प्रतीक है उत्तर प्रदेश विधानसभा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने राजस्थान विधान सभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का विधान भवन में हार्दिक स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने श्री देवनानी का पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। उन्हें विधान भवन का अवलोकन कराया और भवन के ऐतिहासिक वैभव, स्थापत्य सौंदर्य तथा लोकतांत्रिक गरिमा से परिचित कराया।

स्पीकर श्री महाना ने कहा कि उत्तर प्रदेश विधान भवन केवल एक इमारत भर नहीं है बल्कि यह भारतीय लोकतंत्र की गौरवशाली परंपराओं और संविधान प्रदत्त मूल्यों का प्रतीक है। इसकी स्थापत्य कला, गरिमा, कार्यप्रणाली जनप्रतिनिधियों को सदैव जनता की सेवा और राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देती है। उन्होंने इस अवसर पर उत्तर प्रदेश विधान सभा की दीर्घ संसदीय परंपराओं, कार्यसंस्कृति और लोकतांत्रिक यात्रा का भी विस्तृत परिचय कराया।श्री महाना ने कहा कि विधान सभा लोकतंत्र की उस प्रयोगशाला के समान है, जहाँ जनता की आकांक्षाएँ नीतियों और कार्यक्रमों का रूप लेती हैं। सदन की कार्यप्रणाली अनुशासन, पारदर्शिता और जनता की भागीदारी पर आधारित है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों को और अधिक सुदृढ़ करती है।

### यह अनुभव मेरे लिए अत्यंत प्रेरणादायी : वासुदेव देवनानी

राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विधान भवन की भव्यता, स्थापत्य कला और गौरवशाली परंपराओं की सराहना करते हुए कहा कि यह अनुभव उनके लिए अत्यंत प्रेरणादायी है। उन्होंने उत्तर प्रदेश विधान सभा की संसदीय कार्यसंस्कृति और लोकतांत्रिक यात्रा के प्रति अपनी गहरी प्रशंसा व्यक्त की।इस अवसर पर दोनों अध्यक्षों के बीच संसदीय कार्यप्रणाली, नवाचार और जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक विचार-विमर्श भी हुआ। लोकतंत्र को और अधिक जनोन्मुख और सशक्त बनाने के लिए आपसी सहयोग और अनुभवों के आदान-प्रदान की आवश्यकता पर बल दिया गया। अध्यक्ष सतीश महाना ने विश्वास व्यक्त किया कि उत्तर प्रदेश और राजस्थान विधान सभा के बीच यह संवाद भविष्य में और अधिक प्रगाढ़ होगा तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर विधान सभा के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित भी रहे।

## यूपी में खाद का संकट हो रहे प्रदर्शन, पुलिस ने चलाईं लाठियां

**लखनऊ।** कृषि विभाग का दावा है कि हर जिले में सात से 10 दिन का यूरिया का स्टॉक मौजूद है।हकीकत यह है कि यूरिया के लिए कहीं प्रदर्शन हो रहा है तो कहीं किसान कतार में खड़े नजर आ रहे हैं।कृषि विभाग के आंकड़ों के मुताबिक करीब 16 लाख मीट्रिक टन खाद उपलब्ध है, जिसमें करीब छह लाख मीट्रिक टन यूरिया मौजूद है। कई कंपनियों की रैक रास्ते में है, जो दो दिन में पहुंच जाएंगी। कई जिलों में स्थानीय स्तर पर वितरण की नई रणनीति बनाई गई है। जिन समितियों पर मंगलवार को यूरिया का वितरण किया गया है, वहां बुधवार के बजाय बृहस्पतिवार को वितरण किया जाएगा। बुधवार को दूसरी समितियों पर खाद वितरण किया जाएगा।

# सद्भावना दिवस के रूम में मनाई गई पूर्व पीएम स्व. राजीव गांधी की जयंती

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** आधुनिक भारत के प्रणेता, पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की 81 वीं जयंती के अवसर पर आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर निशुल्क चिकित्सा शिविर, रक्तदान शिविर एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। इससे पूर्व कालीदास चौराहा एवं राजीव चौक मॉल एवेन्यू स्थित स्व. राजीव गांधी की प्रतिमा पर पूर्व सांसद पी.एल. पुनिया एवं पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए पूर्व सांसद पी.एल. पुनिया ने अपने सम्बोधन में कहा कि स्व. राजीव गांधी ने राष्ट्रीय एकता, सांप्रदायिक सौहार्द और शांतिपूर्ण सहअस्तित्व पर जोर दिया जिसके लिए उन्हें शांतिदूत के नाम से नवाजा गया और उनकी जयंती को पूरे देश भर में सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जाता है। संगोष्ठी को पूर्व विधायक सतीश अजमानी, श्याम किशोर शुक्ला, पूर्व सदस्य विधान परिषद दीपक सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओंकारनाथ सिंह, विजय बहादुर, अनीस अंसारी, आदि ने भी संबोधित किया। संगोष्ठी का संचालन वरिष्ठ कांग्रेस नेता बिजेन्द्र सिंह ने किया। सद्भावना दिवस को सार्थक बनाने के लिए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर एक निशुल्क चिकित्सा शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

## 69000 शिक्षक अभ्यर्थियों का हंगामा, मंत्री अनुप्रिया पटेल का आवास घेरा

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में 69000 शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों ने हंगामा किया। 6800 सीटों पर नियुक्ति की मांग को लेकर केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल का आवास घेरा। अभ्यर्थियों ने कहा 4 सालों से हम लोग सड़क पर संघर्ष कर रहे हैं। मगर सुनवाई नहीं हो रही है। 69000 शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों ने इससे पहले सोमवार को शिक्षा मंत्री संदीप सिंह का और मंगलवार को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का आवास घेरा था। अभ्यर्थी अमित मौर्य ने कहा 4 सालों से हम लोग सड़क पर संघर्ष कर रहे हैं। मगर सुनवाई नहीं हो रही है। अनुप्रिया पटेल हमारे समाज की नेता हैं। हम इनको वोट देते हैं। इसलिए हम इनके दरवाजे पर आए हैं

# चारा, राशन व नाव की व्यवस्था की जाए : डीएम

**डीएम ने बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा किया**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** लखनऊ डीएम विशाख जी. ने बुधवार को बख्शी का तालाब तहसील के बाढ़ प्रभावित गांवों-लासा, अंगड़िया कला, सुल्तानपुर, बहादुरपुर और शिवपुरी का दौरा किया।

डीएम ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद किया और विभागीय अधिकारियों को राहत और बचाव इंतजामों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। ग्राम लासा में निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों और सचिव ने जानकारी दी कि फिलहाल जलस्तर घट रहा है। डीएम ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को आदेश दिया कि हर ग्राम पंचायत में चारे-भूसे की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और गोवंश के इलाज के लिए वेटरनरी डॉक्टरों की तैनाती की जाए। डीएम ने जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देश दिया कि प्रभावित इलाकों में कोटेदार नियमित रूप से राशन बांटे और किसी भी स्तर पर सामग्री की कमी न हो। वहीं, पंचायतराज अधिकारी को कहा गया कि स्टीमर की समय सारणी और कैंपों की लोकेशन की जानकारी मुनादीध्गाड़ी से लोगों तक पहुंचाई जाए। तहसीलदार बीकेटी को डीएम ने हिदायत दी कि स्कूली बच्चों और बुजुर्गों के आवागमन के लिए नावों की व्यवस्था पुख्ता हो। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने बताया कि अभी तक 8 नाव और एक स्टीमर की व्यवस्था प्रभावित क्षेत्रों में की जा चुकी है।

# दफ्तर से निकलकर रोजाना फील्ड में जाएं अधिकारी

**ऊर्जा मंत्री एके शर्मा की अध्यक्षता में संगम सभागार में हुई बैठक**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने विभाग के अधिकारियों को चेताया है कि वे दफ्तरों तक सीमित न रहकर फील्ड में उतरकर अपनी सक्रियता दिखाएं। यह भी हिदायत दी कि अधिकारी मौके पर जाकर वास्तविक स्थिति देखें और उपभोक्ताओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें।

एके शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक हुई। इस मौके पर ऊर्जा मंत्री ने स्पष्ट और कड़े निर्देश देते हुए कहा कि विद्युत उपभोक्ताओं की सुविधा एवं संतोष ही हमारी प्राथमिकता है।

सरकार की मंशा है कि हर घर तक निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो, ऊर्जा मंत्री ने विशेष रूप से 1912 उपभोक्ता सेवा हेल्पलाइन का उल्लेख करते हुए कहा कि इस नंबर पर आने वाली हर शिकायत को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि शिकायतों की अनदेखी या लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जायेगी और ऐसी स्थिति में जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में अपर मुख्य सचिव नरेंद्र भूषण, चेयरमैन आशीष गोयल, पंकज कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा सभी एमडी व जनपद स्तरीय अधिकारी ऑनलाइन मौजूद रहे। ऊर्जा मंत्री ने निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर बार-बार खराब होते हैं, उन्हें चिन्हित कर तुरंत ट्रांसफार्मर उच्चीकृत किया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को बार-बार बिजली बाधित होने की परेशानी से राहत मिले। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि विभागीय कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही और संवेदनशीलता लाकर उपभोक्ताओं का भरोसा जीता जाए।

## अतिक्रमण और पॉलिथीन विरोधी अभियान तेज

**लखनऊ।** शहर में बढ़ते पॉलिथीन प्रयोग, अवैध अतिक्रमण और यातायात बाधाओं को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम लखनऊ ने बुधवार को कई जोनों में एक साथ व्यापक अभियान चलाया। यह कार्रवाई महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल के निर्देश और नगर आयुक्त गौरव कुमार के आदेश पर की गई। अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़कों और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कराना और नागरिकों को सुगम व सुरक्षित यातायात उपलब्ध कराना है। जोनल अधिकारी शिल्पा कुमारी के नेतृत्व में वार्ड मोतीलाल नेहरू चंद्रभानु गुप्त नगर क्षेत्र में चारबाग नत्था चौराहा, बस स्टैंड और मेट्रो स्टेशन के आस-पास अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। इस दौरान 2 काउंटर, 4 मेज और 2 बोर्ड फ्लेक्स जब्त किए गए।

# भाजपा, चुनाव आयोग व स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत ने लोकतंत्र पर डाला डाका

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** वोटों की चोरी को लेकर विपक्ष, चुनाव आयोग और केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ लगातार हमलावर है। इस बीच समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार, चुनाव आयोग और स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत वो चुनावी तीन तिगाड़ा है जिसने सारा काम बिगाड़ा है और देश के लोकतंत्र पर डाका डाला है। अब जनता इस त्रिगुट की अदालत लगाएगी।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बुधवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखते हुए कहा है कि कासगंज, बाराबंकी और जौनपुर के जिलाधिकारी जिस तरह से हमारे एफिडेविट पर सक्रिय हो गए हैं। उससे यह तो साबित हो गया है कि चुनाव आयोग की एफिडेविट न मिलने की बात झूठी निकली। उन्होंने कहा कि अब जिलाधिकारी इन पर सतही जवाब देकर खानापूर्ति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मामले में इन जिलाधिकारियों की संलिप्तता की जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि डीएम से जनता का एक सवाल है कि क्यों इतने वर्षों बाद उन्होंने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि जिस तरह कासगंज, बाराबंकी, जौनपुर के डीएम हमारे 18000 शपथपत्रों के बारे में अचानक अति सक्रिय हो गए हैं।

# महापौर का सनातन गोरखा कल्याण समिति ने किया सम्मान



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** बाला कदर रोड स्थित महापौर शिविर कार्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सनातन गोरखा कल्याण समिति, उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों ने लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल को नेपाली पौते, शॉल, दुलदस्ता और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। समिति ने महापौर को स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2024-25 में उत्तर प्रदेश को देश में तीसरा और लखनऊ को प्रदेश में प्रथम स्थान दिलाने के लिए भी सम्मान-पत्र प्रदान किया।

सनातन गोरखा कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष गौरव सिंह ने बताया कि 20 अगस्त 1992 को नेपाली भाषा को भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया था। प्रदेश प्रवक्ता विमल सिंह राणा ने महापौर को पुस्तक ज्ञान अमृत भेंट की। महापौर सुषमा खर्कवाल ने समिति को आश्वासन दिया कि वह संस्था के साथ हर कदम पर साथ खड़ी रहेंगी।

उन्होंने कहा कि नगर निगम के दरवाजे हमेशा समिति के लिए खुले रहेंगे। कार्यक्रम में संस्था के सलाहकार संतोष दुबे, प्रदेश महामंत्री शानू मल कौशल, पूर्व पार्षद प्रत्याशी नीतू राणा, प्रदेश सचिव अमित कुमार समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# बकाएदारों से 18 लाख गृहकर वसूली

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** नगर निगम लखनऊ ने कर जमा न करने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए मंगलवार को एक बड़ा वसूली अभियान चलाया। नगर आयुक्त के निर्देश पर जोन-03, 04, 05, 06, 07 और 08 की संयुक्त टीमों ने बकाया संपत्ति कर जमा कराने के लिए अभियान चलाया।

इस दौरान नगर निगम ने विभिन्न क्षेत्रों में स्थित भवन स्वामियों से लगभग 18 लाख रुपये की वसूली की। अभियान के दौरान जोन-03 में सीतापुर रोड और केशव नगर इलाके में कार्रवाई की गई। यहाँ भवन स्वामी टिकाराम से 61,740.51, फखरुद्दीन से 1,17,891.74 और विद्या श्रीवास्तव से 85,580.85 की वसूली हुई। जोन-04 के चिनहट बाजार क्षेत्र में सैयद मोहम्मद अतीक शाह से 41,127, सरवर जहां से 20,000 और दिनेश चंद्र शर्मा से 50,000 वसूले गए। जोन-05 के इंद्रलोक इलाके में अरुण शुक्ला से 70,000 और अवतार सिंह से 40,000 की वसूली की गई।जोन-06 में कन्हैया माधवपुर द्वितीय और लाल जी टंडन क्षेत्र में कार्रवाई हुई।

यहाँ मो. जुबैर से 30,000, लखनऊ फिनिशिंग गत्ता फैक्ट्री से 50,000 और ऊदन कुमार से सबसे बड़ी रकम 1,70,683 की वसूली की गई। जोन-07 में प्रधान यादव से 10,044, रूपचंद्र से 32,000, सिया राम से 48,002 और बीरेंद्र पांडेय से 17,901 की वसूली की गई। जोन-08 में सबसे बड़ी कार्रवाई हुई। एसएन आहूजा और कांता आहूजा के जे-370 और 371 नंबर भवन से कुल 9,61,099 की वसूली की गई।

# मुख्यमंत्री योगी को दिया गणेश महोत्सव का आमंत्रण पत्र



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** श्री गणेश प्रकट कमेटी की ओर से झूलेलाल वाटिका पर 27 अगस्त से 6 सितंबर तक होने वाले गणेश उत्सव का आमंत्रण पत्र बुधवार को कमेटी के पदाधिकारियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर आमंत्रण पत्र दिया और कार्यक्रम में आने का आग्रह किया। कमेटी के संरक्षक भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री जी से उत्सव के प्रथम दिन 27 अगस्त को आने के लिए आग्रह किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम में आने का आश्वासन दिया। इस मौके पर कमेटी द्वारा मुख्यमंत्री जी को गणेश जी की प्रतिमा भेंट की। कमेटी के संरक्षक भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि महाराज योगी आदित्यनाथ जी की प्रेरणा से गोमती को प्रदूषण से बचाने के लिए कमेटी ने पिछले कई वर्षों से गणेश प्रतिमा का भू विसर्जन गोमती तट के पास किया जाता है। मुख्यमंत्री से मिलने वालों में भारतीय जनता पार्टी के लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, कमेटी के संरक्षक भारत भूषण गुप्ता, अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल गुड्डा, महामंत्री सतीश अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल मौजूद थे।

# पूर्व स्वर्गीय विधायक अखिलेश सिंह की मूर्ति का हुआ अनावरण

- प्रभारी मंत्री राकेश सचान, स्वास्थ्य राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह कार्यक्रम में हुए शामिल
- राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला, बीजेपी संगठन मंत्री संजय राय भी कार्यक्रम में हुए शामिल

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

सदर विधानसभा सीट पर 1993 से विधायक रहे अखिलेश सिंह की आज छठवीं पुण्य तिथी पर उनके पैतृक आवास क्षेत्र में राजनीतिक दिग्गजों का जमावड़ा रहा। अखिलेश सिंह को उनकी पुण्य तिथी पर श्रद्धांजलि देने वाले आम लोगों की भी भारी भीड़ उमड़ी थी। इस दौरान अखिलेश सिंह की बेटी व सदर भाजपा विधायक अदिति सिंह पूरे समय आने वाले सभी लोगों के स्वागत में परिवार समेत मौजूद रहीं। यहां के अमावा ब्लॉक प्रांगड़ में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान अखिलेश सिंह की मूर्ति का भी अनावरण किया गया। इस मौके पर ज़िले के प्रभारी मंत्री राकेश सचान, स्वास्थ्य राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला व भाजपा के संगठन मंत्री संजय राय भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान ज़िले के प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने अखिलेश सिंह को याद करते हुए उनसे जुड़े संस्मरण साझा किया। उन्होंने कहा कि 1993 में जब से वह सदन में पहुंचे तब से ही मैंने उन्हें अपने क्षेत्र के लिए विकास योजनाओं के लिए लड़ते ही देखा है। इस दौरान ज़िले के प्रभारी मंत्री राकेश सचान से जन विश्वास संशोधन बिल के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने इसे स्वागत योग्य बताया है।



## आबकारी विभाग ने पकड़ी 40 लीटर अवैध कच्ची शराब

- 200 किग्रा महुआ लहन मौके पर कराया नष्ट, दो को किया गिरफ्तार

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के आदेशानुसार प्रवर्तन अभियान के दृष्टिगत संयुक्त आबकारी आयुक्त लखनऊ जोन एव उप आबकारी आयुक्त लखनऊ प्रभार के मार्गदर्शन मे अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध अभियान के अन्तर्गत जिला आबकारी अधिकारी दिनेश कुमार के पर्यवेक्षण में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र -1 , द्वारा थाना गुरूबक्शगंज में सुल्तानपुर खेड़ा, बसीगवा मे दबिश की कार्यवाही की गयी। दबिश के दौरान लगभग 40 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 200 किलोग्राम महुआ लहन मौके पर नष्ट कर 2 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किये गए। जिले में अवैध शराब के निर्माण एव बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी।



## खबरें एक नजर में

### जहरीले जंतु के काटने से चार वर्षीय बालक की मौत



**महराजगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** जहरीले जंतु के काटने से 4 वर्षीय बालक की हुई मौत। चन्दापुर थाना क्षेत्र के भदीहा मंज़रे डोमापुर में निर्माणाधीन मकान में खेल रहे 4 वर्षीय अखिल को किसी जहरीले जंतु ने डंस लिया। अमर बहादुर पुत्र अखिल को जहरीले जंतु के डसने पर मां के द्वारा पैदल ही कुछ दूर ले जाया गया उसके बाद मोटरसाइकिल से उसे लेकर अस्पताल पहुंचे तब तक बालक की मौत हो चुकी थी। बारिश के मौसम में जहरीले जंतु के काटने से बहुत लोगों की मौत हो जाती है वही अमर बहादुर का ये अकेला लड़का था वही बच्चों की मौत से माता-पिता काफी गमगीन है बच्चे को उसके पैतृक स्थान पर ही अंतिम संस्कार किया गया।

### धूमधाम से मनाई गई भारत रत्न राजीव गांधी की जयंती



**महराजगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** संचार क्रांति के जनक एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की जन्म जयंती महराजगंज कांग्रेस कार्यालय पर धूमधाम के साथ मनाई गई। कांग्रेसियों ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें राजीव गांधी के पदचिन्हों पर चलते हुए भारत देश को आगे बढ़ाना है तथा आज उन्हीं के द्वारा जो कार्य किए गए हैं वो हमें दिखाई पड़ रहे हैं। चाहे वह कंप्यूटर हो या फिर संचार की अन्य व्यवस्था इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष सच्चिदानंद त्रिपाठी अध्यक्ष भरत मिश्रा ब्लॉक उपाध्यक्ष रामसागर चौधरी भगवानदीन फौजी गया प्रसाद चौरसिया हनुमान जायसवाल अंकुर जायसवाल प्रिन्सू वैश्य रामचंद्र सिंह राजेश भारती सहित कांग्रेसी मौजूद रहे।

### मंडल आयुक्त ने किया सेल्फी पॉइंट का निरीक्षण



**सीतापुर।** आयुक्त लखनऊ मंडल लखनऊ डॉ. रोशन जैकब द्वारा बहुगुणा चौराहे पर बनी सेल्फी प्वाइंट का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सेल्फी प्वाइंट केवल एक सजावटी स्थल न होकर बेटियों के सम्मान एवं उनके अधिकारों की भी पहचान है। रोड सेफ्टी योजना अंतर्गत एनएच-24 से बहुगुणा चौराहा होते हुए जिलाधिकारी आवास तक के शहरी मार्ग पर बहुगुणा चौराहा ब्लैक स्पॉट सुधार कार्य कराया जा रहा है। 58.70 लाख रुपये लागत की इस परियोजना की 90 प्रतिशत प्रगति पूर्ण हो चुकी है। कार्य में चौराहे के दोनों ओर 1.50 मीटर चौड़ाई की इंटरलॉकिंग, मुख्य चौराहे पर बिटुमिनस कंक्रीट से एज ड्राप, रोड मार्किंग, साइन बोर्ड एवं कैट आई लगाने का कार्य शामिल है, जिसे निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग, सीतापुर द्वारा कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लम्बित कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाये तथा सभी कार्य मानक के अनुरूप किये जायें। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### तोरिया मिनीकिट बुकिंग की निर्धारित तिथि बढ़कर हुई 31 अगस्त

**सीतापुर।** उप कृषि निदेशक ने बताया कि कृषक बन्धुओं को तिलहनी फसल तोरिया (लाही) का निःशुल्क बीज मिनीकिट प्राप्त करने का अवसर प्रदेश सरकार द्वारा कृषि विभाग के अंतर्गत संचालित राज्य सहायतित निःशुल्क तिलहन बीज मिनीकिट वितरण प्रदर्शन एवं प्रसार कार्यक्रम के अंतर्गत तोरिया (लाही) फसल का दो किलोग्राम मात्रा की मिनीकिट निःशुल्क प्राप्त करने हेतु कृषि विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत कृषकों के द्वारा ऑनलाइन बुकिंग दिनांक 01-8-2025 से 15-08-2025 तक होना था, तोरिया मिनीकिट बुकिंग की निर्धारित तिथि 15-08-2025 को बढ़ाकर 31-08-2025 तक कर दी गयी है। ऑनलाइन आवेदन करने वाले कृषकों को बीज मिनीकिट आवेदन अवधि में प्राप्त आवेदकों के मध्य लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होने की दशा में ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से लाभार्थियों का चयन किया जाएगा। अतः इच्छुक कृषक निःशुल्क तोरिया बीज मिनीकिट प्राप्त करने हेतु कृषि विभाग के पोर्टल agridarshan.up.gov.in पर ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं।

### गड़बड़ी की शिकायत पर शादाब खाद भंडार का एसडीएम ने किया निरीक्षण

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद में खाद वितरण में अनियमितता की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना अभिनव कनौजिया ने बुधवार को जगदीशपुर क्षेत्र के निहालपुर स्थित शादाब खाद भंडार का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ खाद्य निरीक्षक तथा सहायक विकास अधिकारी कृषि भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान गोदाम में रखी खाद की उपलब्धता एवं वितरण से संबंधित अभिलेखों की गहन जांच की गई। मौके से एक नमूना संकलित कर प्रयोगशाला परीक्षण हेतु भेजा गया है। अधिकारियों ने बताया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषी पाए जाने पर खाद भंडार संचालक के विरुद्ध आवश्यक दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम अभिनव कनौजिया ने स्पष्ट किया कि खाद वितरण प्रणाली में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसानों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण खाद उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### किसान दिवस पर सुनी गईं किसानों की समस्याएं

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** तहसील सभागार गौरीगंज में माह के तृतीय बुधवार को किसान दिवस का आयोजन डिप्टी कलेक्टर सात्विक श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। किसान दिवस में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए किसानों की समस्याओं व सुझावों को गंभीरता से सुना गया तथा मौके पर ही उनके समाधान हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। कार्यक्रम के दौरान किसानों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। उन्हें जैविक व प्राकृतिक खेती के लाभों के साथ-साथ आधुनिक तकनीकों के माध्यम से उन्नत खेती करने के सुझाव भी दिए गए। कृषि विज्ञान केंद्र कठौरा के कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को फसल सुरक्षा, कीट एवं चूहे नियंत्रण, तथा फसल उत्पादन बढ़ाने के उपायों पर व्यावहारिक जानकारी दी गई। इस अवसर पर जनपद के प्रगतिशील किसानों ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि कैसे उन्होंने शासन की योजनाओं का लाभ लेकर खेती में नवाचार किया और अच्छा लाभ अर्जित किया। उन्होंने अन्य किसानों से भी इन योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। किसान दिवस में उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार, जिला कृषि अधिकारी राजेश कुमार, अधिशासी अभियंता सिंचाई, नलकूप, विद्युत विभाग के अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में किसान बंधु उपस्थित रहे।

### अप्रेन्टिस मेला में 27 अभ्यर्थी चयनित

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज, में बुधवार 20 अगस्त को अप्रेन्टिस मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में लगभग 52 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान टाटा मोटर्स लखनऊ के एच.आर. सुजीत सिंह ने अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया। साक्षात्कार प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत 27 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस अवसर पर नोडल प्रधानाचार्य विवेक कुमार, अप्रेन्टिसशिप प्रभारी अनिल कुमार मिश्र, सहायक अप्रेन्टिसशिप प्रभारी भारत भूषण मिश्रा एवं दिवाकर मिश्र उपस्थित रहे।

### अपर पुलिस अधीक्षक को मिली प्रोन्नति

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद के अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह का भारतीय पुलिस सेवा( उप्र कैडर) में प्रोन्नति होने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा भारतीय पुलिस सेवा का बैज लगाकर शुभकामनाएं दी गयी। भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा निर्गत अधिसूचना के अनुपालन में उत्तर प्रदेश शासन एवं पुलिस मुख्यालय, लखनऊ द्वारा निर्गत आदेश के अनुपालन में बुधवार को जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा जनपद के अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह को भारतीय पुलिस सेवा (उप्र कैडर) में प्रोन्नति होने पर पदभार ग्रहण कराया गया एवं कंधों पर भारतीय पुलिस सेवा का बैज लगाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गयी।

### बीएसए के संरक्षण में चल रहे सैकड़ों मानकविहीन विद्यालय

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी के संरक्षण के चलते जनपद में मान्यता प्राप्त मानक विहीन और गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों की संख्या हजारों में है। इनमें प्रत्येक विकास खण्ड में इस तरह से संचालित हो रहे विद्यालयों की संख्या सैकड़ों में है। सूत्रों के मुताबिक विकास खंड शाहगढ़ में ही बीएसए संजय तिवारी के सत्र सुविधा शुल्क निर्धारण की वजह से चलाए जा रहे हैं सैकड़ों विद्यालय। जिसमें जो विद्यालय एक मुश्त रकम नहीं दे पाता है उसे किस्तों में दे देने की सुविधा मिली है। ऐसे विद्यालयों के पास न तो मानक के अनुसार भवन है न बच्चों के लिए खेल का मैदान है तथा कई तो विद्यालय ऐसे भी हैं जो कि आवासीय भवन में चलाए जा रहे हैं। अध्यापकों के नाम पर हाई स्कूल से लेकर बीए तक के पढ़ने वाले तथा पढ़ाई छोड़ देने वाले लड़के लड़कियां शामिल हैं। जिन्हें बीएड या बीटीसी का प्रशिक्षण प्राप्त नहीं है। कुछ विद्यालयों में तो विद्यालय संचालक के घर के लोग पढ़ा रहे हैं। शासन द्वारा अध्यापकों का जो मानक रखा गया है उससे विद्यालय संचालकों का कोई मतलब नहीं है, क्योंकि इन विद्यालयों का संरक्षण बीएसए संजय तिवारी और उनके खास लोगों द्वारा किया जाता है। इन निजी स्कूलों द्वारा किताब, ड्रेस स्टेशनरी आदि बच्चों को स्वयं उपलब्ध कराई जाती है। इस तरह के सैकड़ों विद्यालय प्रत्येक विकास खण्डों में चल रहे हैं। कक्षा एक से आठ तक अवैध रूप से संचालित किए जा रहे ये विद्यालय अभिभावकों की जेबें खाली कर रहे हैं। कुछ विद्यालयों में तो उच्च कक्षाएं भी संचालित की जा रही हैं।

## वृहद रूप में मनाई जाएगी अमर शहीद राणा बेनी माधव सिंह की जयंती



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** अमर शहीद राणा बेनी माधव सिंह की जयंती इस बार पहले से भी अधिक भव्य स्वरूप में मनाई जाएगी। मुख्य आयोजन स्थल के तौर पर जगतपुर का खेल मैदान तय किया गया है, जहां 24 अगस्त को सुबह 11 बजे हजारों की भीड़ जुटने की संभावना जताई जा रही है। बुधवार को राणा बेनी माधव सिंह सेवा समिति ने प्रेसवार्ता कर समारोह की विस्तृत रूपरेखा साझा की। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि जयंती में सांस्कृतिक व देशभक्ति कार्यक्रम, कवि सम्मेलन, विचार गोष्ठी और स्कूली बच्चों की देशभक्ति झांकियां मुख्य आकर्षण होंगी। इसके अलावा बाहर से आए सांस्कृतिक दलों को भी आमंत्रित किया गया है। समारोह में जिलेभर के जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद, सामाजिक संगठन और आमजन बड़ी संख्या में शामिल होंगे। समिति ने यह भी स्पष्ट किया कि भीड़ व यातायात व्यवस्था को लेकर प्रशासन को पहले ही सूचित कर दिया गया है। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि यह आयोजन सिर्फ जयंती तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य युवाओं को शहीदों के बलिदान, कर्तव्यनिष्ठा और देशप्रेम से प्रेरणा दिलाना है।

## कांग्रेसियों ने पूर्व पीएम की जयंती पर मरीजों में बांटें फल

**डलमऊ रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

आधुनिक भारत की नींव रखने वाले भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर कांग्रेस ब्लॉक कार्यालय डलमऊ में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जहां पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें याद किया गया तथा नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं युवा विधान सभा उपाध्यक्ष के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ में भर्ती मरीजों में फल मीठा आदि का वितरण किया। कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री की स्मृतियों को याद करते हुए उनके बताए हुए पद चिन्हों पर चलने का प्रण लिया इस दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने 2 मिनट का मौन धारण करते हुए देश की खुशहाली उन्नति एवं समृद्धि की प्रार्थना की ब्लॉक अध्यक्ष डलमऊ हरिवन चौधरी ने कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री रहे। उन्हें 21वीं सदी के भारत का निर्माता कहा जाता है। उन्होंने आधुनिक भारत की नीव रखने की दिशा में काम किया था। इस मौके पर नगर अध्यक्ष मोहम्मद शकील अहमद, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष विनोद प्रताप सिंह, जिला सचिव अजय प्रताप सिंह, ब्लॉक उपाध्यक्ष बैजनाथ दीक्षित, मंडल अध्यक्ष मुकेश त्रिपाठी, सभासद विक्रम सोनकर, युवा विधानसभा उपाध्यक्ष ऋतिक जायसवाल, प्रिन्शू पांडे, न्याय पंचायत अध्यक्ष रामविलास त्रिवेदी, बाबू टेलर, गुड्डू टेलर, ब्लॉक उपाध्यक्ष नन्हे सिंह सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।





### 42 टन गेहूं भेजने का करार, पहुंचाया मात्र 11 टन

**खीरों,रायबरेली।** परिवहन के नाम पर बड़ा खेल सामने आया है। प्रयागराज निवासी एक व्यापारी द्वारा दर्ज कराए गए मामले में आरोप है कि ट्रक मालिकों ने भाड़े का अग्रिम भुगतान लेकर पूरे गेहूं की आपूर्ति नहीं की और माल को बेचकर लाखों की हेराफेरी कर डाली। प्राप्त जानकारी के अनुसार संजय शुक्ला पुत्र स्व. विजय शंकर शुक्ला निवासी चक हरिहर वन, सरायतकी थाना झूसी, जिला प्रयागराज ने जनता दर्शन प्रार्थना पत्र के जरिए शिकायत दर्ज कराई। वादी ने बताया कि ट्रक संख्या जेएच 02 बीपी 9981 के माध्यम से मेसर्स सिद्ध विनायक ट्रेडर्स, ओल्ड फाफामऊ प्रयागराज द्वारा उनके 42.2 टन गेहूं को सेमरी, रायबरेली से मेसर्स

- 31.1 टन अनाज गायब, ट्रक मालिक पर धोखाधड़ी का मुकदमा

आईटीसी लिमिटेड, उल्बेरिया हावड़ा (कोलकाता, पश्चिम बंगाल) पहुंचाने का करार हुआ था। भाड़ा 92,840 रुपये में तय हुआ, जिसमें से 80,500 रुपये अग्रिम भुगतान वादी व मेसर्स सिद्ध विनायक के मालिक शिवकुमार द्वारा किया गया। लेकिन आरोप है कि ट्रक मालिक सुमेन कुमार पुत्र सतीश कुमार सिंह (बबलू सिंह) एवं सतीश कुमार सिंह (बबलू सिंह) पुत्र अज्ञात, निवासी फ्लैट-202, अपार्टमेंट, निकट मथान मैरिज हॉल, वरियातु, रांची (झारखंड) ने कपटपूर्ण तरीके से धोखाधड़ी की। शिकायतकर्ता का कहना है कि आरोपियों ने 42.2 टन गेहूं में से केवल 11.1 टन गेहूं ही आईटीसी लिमिटेड कोलकाता को सप्लाई किया, जबकि शेष 31.1 टन गेहूं, जिसकी कीमत लगभग 9.50 लाख रुपये बताई गई है, उसे अज्ञात स्थान पर छिपाकर बेच डाला और अनैतिक धन अर्जित किया। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह का कहना है। मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में झूम उठे श्रद्धालु

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**

- अध्यक्ष बेबी अभिषेक गुप्ता व मां गौरी देवी समिति खैराबाद द्वारा आयोजित किया जा रहा है कार्यक्रम
- कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों का अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह व माल्यार्पण कर किया स्वागत

खैराबाद में इस समय जन्माष्टमी के मौके 18 तारीख से 21 तारीख तक मां गौरी देवी मंदिर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं जिसमें खैराबाद के कस्बे सहित दूर दूर से आए श्रद्धालु रासलीला को देखते है और भक्ति का रसपान करते है। आपको बताते चलें कि गत वर्षो के बाद इस वर्ष भी मां गौरी देवी समिति और अध्यक्ष नगर पालिका प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता के द्वारा मंदिर प्रांगण में जन्माष्टमी से छठी तक रामलीला का कार्यक्रम आयोजित कराया जा रहा है जिसमें खैराबाद वह आसपास के लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं और भक्ति में डूबे नजर आ रहे हैं कार्यक्रम के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में लखीमपुर खीरी से सदस्य विधान परिषद अनूप गुप्ता मौजूद रहे साथ में विशिष्ट अतिथि के रूप में सीतापुर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग प्रचारक अभिषेक व लखीमपुर से आए इंद्रेश गुप्ता का भी आगमन हुआ।



जिनका अध्यक्ष प्रतिनिधि में अंग वस्त्र पहनाकर और माल्यार्पण कर स्वागत किया जिसके बाद रासलीला कार्यक्रम में नरसिंह भगवान का अवतार देखकर मुख्य अतिथि व मौजूद नगरवासी भक्ति रस में डूब गई कलाकारों द्वारा अन्य कई और मनमोहक झांकियों की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम में नगर पालिका खैराबाद के अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता सफाई निरीक्षक मनोज राणा, युवा भाजपा नेता सचिन मिश्रा सभासद आलोक बाजपाई, अप्पू गुप्ता, विष्णु गौतम, उमेश जायसवाल, महंत कृष्णाचारी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि खैराबाद अपूर्व अग्रवाल, प्रेम त्रिपाठी, पुनीत सिंह, कुलदीप जायसवाल, प्रहलाद कृष्ण शास्त्री, गौरव अग्रवाल, गौरव गुप्ता, रिंकू सिंह, अंकित गुप्ता, रुस्तम मिश्रा, अर्पित सिंह राठौर अमित तिवारी, निरंकार गुप्ता, संदीप मिश्रा, पवन पाण्डे,ध्रुव शुक्ला निरंकार गुप्ता, रोमिल गुप्ता, वीरू गुप्ता सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## आईएमए में रक्तदान शिविर का आयोजन

- राना बेनी माधव बक्श सिंह की 221वीं जयंती के उपलक्ष्य में किए जा रहे प्रोग्राम

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

अमर सेनानी राना बेनी माधव बक्श सिंह की 221वीं जयंती के अवसर पर एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन स्थानीय आई एम ए भवन में किया गया। रक्तदान शिविर में लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अमृता सिंह ने किया। रक्तदान शिविर में 55 लोगों ने रक्तदान किया और दो दर्जन लोगों ने रक्तदान के लिए पंजीकरण कराया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी अमृता सिंह ने कहा कि गुलामी की जंजीर से आजादी पाने के 1857 में लड़ाई मेरठ से शुरू हुई लेकिन असली जंग अवध के लोगों ने गंगा जमुना वा सरयू के किनारे लड़ी थी। 1857 में पड़ी जंग की नींव की वजह से हमारा देश आजाद हुआ ऐतिहासिक स्तर पर जंग की नींव रखने वाले इसी जमीन के लोग हैं इन्हीं लोगों की वजह से हमें आजादी मिली इसी विजन को हमें सुरक्षित रखना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ी को आदर्श रूप दे सकें। आजादी की लड़ाई में राणा के योगदान एवं बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता है। रक्तदान महादान होता है। इसी के बहाने हम ऐतिहासिक मूल्य एवम परंपरा को याद करते रहें।





### अज्ञात वाहन की टक्कर से शिक्षक की मौत

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र जायस के सिटी पब्लिक इंटर कॉलेज के सामने नेशनल हाईवे पर बुधवार की सुबह लगभग 6:30 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें शिक्षक विवेक कुमार शुक्ला उम्र लगभग 42 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार विवेक शुक्ला पुत्र राम किशोर शुक्ला, निवासी चक्र भूर मजरे बघेल, प्रतिदिन की तरह अपने ससुराल कृष्णा नगर जामो से जायस स्थित आदर्श पब्लिक स्कूल कोचिंग पढ़ाने जा रहे थे। जैसे ही वह सिटी पब्लिक इंटर कॉलेज के सामने पहुंचे, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे विवेक शुक्ला के सिर और हाथ-पैर पर गंभीर चोटें आईं और उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही जायस थाना पुलिस मौके पर पहुंची, और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## भाजपा जिला अध्यक्ष व जनप्रतिनिधियों ने सीएम योगी की मुलाकात



**सीतापुर।** भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला व जिले के जनप्रतिनिधि विधायक ज्ञान तिवारी, विधायक रामकृष्ण भार्गव, विधायक शंशाक त्रिवेदी विधायक मनीष रावत व मिश्रिख की नवनिर्वाचित चेयरपर्सन सीमा भार्गव द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार मुलाकात की गई। इस अवसर पर भाजपा जनप्रतिनिधियों एवं जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा जनपद के विकास को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सकारात्मक चर्चा भी की गई। साथ ही साथ आगामी 2027 में सीतापुर की नौ विधानसभाओं में भाजपा की विजय के संकल्प को जनप्रतिनिधियों एवं जिला अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री के समक्ष दोहराया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय भार्गव उपस्थितरहे।

## आबकारी विभाग ने पकड़ी 50ली अवैध कच्ची शराब

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में मंगलवार को जनपद में गठित आबकारी टीम द्वारा ग्राम-पीपरपुर, अंगूरीगंज, पूरे दुनिया का पुरवा व जगेसरगंज में आकस्मिक दबिश दी गयी । दबिश के दौरान थाना-मुसाफिरखाना के ग्राम-पूरे दुनिया का पुरवा से लगभग 50 ली अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 150 किलो ग्राम लहन महुआ मौके पर नष्ट किया गया। इस कार्यवाही मे 2 अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किए तथा ग्राम वासियो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण करने व बेचने की रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई। साथ ही थाना- जगदीशपुर व कमरौली के अंतर्गत आने वाली दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकानों पर उपभोग रजिस्टर, क्यू आर कोड, स्टॉक, लाइसेंस, नौकरनामा, बोर्ड व बोर्ड पर अंकित होने वाली सूचनाओं POS मशीन से की गई पूर्व की कई दिनों की बिक्री की समीक्षा की गई तथा विक्रेताओं को निर्धारित मूल्य पर विक्री, POS मशीन से 100 प्रतिशत बिक्री किए जाने, 24 घंटे कैमरों के संचालन तथा समयानुसार दुकान खोले व बंद किए जाने के सख्त निर्देश दिए गए। उक्त कार्यवाही मे चंद्रभान वर्मा,आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 व आबकारी स्टाफ क्षेत्र -3 से तीरथ नाथ, शमशेर कुमार, सर्वेश वर्मा, आदि शामिल रहे।

## श्रद्धापूर्वक मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 81वीं जयंती

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 81वीं जयंती जनपद में बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन्हीं कार्यक्रमों की श्रृंखला में राजीव गांधी संदेश साइकिल दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जो जिला मुख्यालय गौरीगंज के सैंठा से गौरीगंज सब्जी मंडी बाजार तक संपन्न हुआ। साइकिल दौड़ प्रतियोगिता को कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रतियोगिता में युवा प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और राजीव गांधी के आदर्शों व विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। प्रतियोगिता में मुलायम सिंह यादव मुंशीगंज ने प्रथम स्थान, विक्की यादव तिलोई ने द्वितीय स्थान, तथा प्रदीप यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में कार्यक्रम संयोजक अनिल सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने विजेताओं को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया और सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। श्री सिंह ने कहा कि राजीव गांधी ने युवाओं की शक्ति और तकनीकी प्रगति को भारत के भविष्य की नींव माना था। आज की साइकिल दौड़ प्रतियोगिता उन्हीं के संदेश को आगे बढ़ाने का एक प्रयास है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कहा कि राजीव गांधी ने आधुनिक भारत की नींव रखी थी और अमेठी की धरती हमेशा उनके योगदान के लिए गौरवान्वित रहेगी। अमेठी कांग्रेस कमेटी जिला उपाध्यक्ष अनुराग सिंह द्वारा सद्भावना सम्मान एवं पुरस्कार वितरण जिला पुस्तकालय गौरीगंज में आयोजित हुआ। इसमें प्रदीप सिंघल बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने पुरस्कार वितरण किया। अनुराग सिंह द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य स्वामी शरण सिंह, केडी द्विवेदी, मुनीर खां, को सम्मानित व 51 छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

### पॉपकार्न व दोना मेकिंग मशीन हेतु साक्षात्कार कल

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड, लखनऊ द्वारा संचालित टूल किट्स योजनान्तर्गत पॉपकार्न मेकिंग मशीन एवं दोना मेकिंग मशीन निःशुल्क वितरण के लिए चयन प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अमरचन्द्र पाण्डेय ने बताया कि जनपद को दोनों मशीनों के लिए 10-10 लाभार्थियों का लक्ष्य आवंटित किया गया है। प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों के आधार पर लाभार्थियों का साक्षात्कार 22 अगस्त को प्रातः 11-00 बजे से किया जाएगा। यह साक्षात्कार परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी, अयोध्या मण्डल, अयोध्या की अध्यक्षता में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी कार्यालय, सैंठा रोड गौरीगंज, अमेठी में सम्पन्न होगा। उन्होंने स्पष्ट किया है कि साक्षात्कार में अनुपस्थित रहने वाले आवेदकों पर किसी भी प्रकार से विचार नहीं किया जाएगा।

## सेवा की सजा

इसमें दो राय नहीं कि जब भी मूल रूप से जेल की अवधारणा का विकास हुआ होगा, तो उसका मकसद भटके लोगों के जीवन में सुधार ही रहा होगा। किसी सभ्य समाज के कायदे-कानून तोड़ने वाले, भटके हुए लोगों को जेल के एकाकी जीवन में आत्ममंथन का समय देने का भी मकसद रहा होगा। साथ ही यह भी अहसास कराना होगा कि समाज से विलग रहने के क्या मायने हैं। वहीं दूसरी ओर जीवन मूल्यों व सामाजिकता का अहसास कराना भी मकसद रहा होगा। दरअसल, भारतीय न्याय संहिता, 2023 पर आधारित नई व्यवस्था छोटे अपराधों के लिए दोषियों को जेल भेजने के बजाय समाज सेवा करने का अवसर देती है। ताकि उन्हें अपनी गलती का अहसास हो और उत्तरदायित्व के साथ सामाजिकता का बोध हो सके। हरियाणा सरकार द्वारा जारी सामुदायिक सेवा दिशानिर्देश, 2025 की अधिसूचना आपराधिक न्यायिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकती है। जिसका लक्ष्य दंड देने के बजाय सुधार व बदलाव है। ऐसे समय में जब देश की जेलें कैदियों की निर्धारित संख्या से कहीं अधिक बोझ उठा रही हैं। विचाराधीन कैदियों की संख्या 76 फीसदी से अधिक है, राज्य की यह पहल कम जोखिम वाले अपराधियों के लिये कारावास का सकारात्मक विकल्प प्रदान करती है। निस्संदेह, इस पहल का दायरा व्यापक होने के साथ ही उद्देश्यपूर्ण भी है। यह व्यवस्था कम संगीन अपराधों के लिये दोषियों को पार्कों के रखरखाव, अस्पतालों में मरीजों की सहायता करने, आंगनबाडिय्यों में योगदान देने, ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण, स्वच्छ भारत तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे राष्ट्रीय अभियानों में योगदान के लिये प्रेरित करती है। इस बाबत जारी दिशा-निर्देश किशोरों के लिये भी भूमिकाएं निर्धारित करते हैं। मसलन, नेशनल कैडिट कोर प्रशिक्षण, राष्ट्रीय सेवा योजना, पर्यावरण परियोजनाएं तथा महिलाओं के लिये प्रसूति वार्ड व शिशु देखभाल केंद्र जैसे सुरक्षित स्थानों पर सेवा करने का अवसर प्रदान करती है। निश्चय ही नई व्यवस्था जहां एक ओर अपराधियों को उनके अपराध का प्रायश्चित करने का अवसर प्रदान करती है, वहीं समाज में उनके योगदान को बढ़ावा देती है। दरअसल, हरियाणा मॉडल के तहत की जाने वाली पहल, उसे अन्य राज्यों के प्रयासों से विशिष्टता प्रदान करती है। जैसे कि दिल्ली में 40 से 240 घंटे की सेवा निर्धारित करने वाली नीति से अलग, इसके परिचालन का विवरण, इसे विश्वसनीय बनाता है। इसके अंतर्गत बायोमेट्रिक उपस्थिति, जियो-टैग की गई तस्वीरें, वीडियो प्रमाण और प्रगति रिपोर्टिंग सत्यापन इसकी सार्थकता सुनिश्चित करती है। चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों को गौशालाओं और वृद्धाश्रमों में सेवा करने की सजा और जम्मू की एक अदालत द्वारा अपराधियों को स्वास्थ्य केंद्र और पार्क की सफाई करने के लिये बाध्य करने का आदेश यह दर्शाता है कि सामुदायिक सेवा समाज को लाभ पहुंचाने के साथ ही भटके व्यक्ति के व्यवहार को कैसे नया रूप दे सकती है। निस्संदेह, इस सुधार अभियान को सफल बनाने के लिये सुरक्षा उपाय भी बेहद जरूरी हैं। इस बात में सावधानी बरती जानी चाहिए कि समाज में बार-बार अपराध करने वालों को इस व्यवस्था से बाहर रखा जाए। दूसरा, इससे जुड़ी निगरानी पारदर्शी और मजबूत होनी चाहिए। जिसमें सावधानी से निगरानी और चूक करने पर त्वरित दंड की व्यवस्था भी शामिल है। दूसरा उनके कार्य के परिणाम का मूल्यांकन होना चाहिए कि अभियुक्त अपना काम ईमानदारी से कर रहे हैं। इस बात का भी मूल्यांकन होना चाहिए क्या पीड़ितों को इस तरह की सजा दिए जाने से राहत मिली है। यह भी कि क्या समाज में अपराध की पुनरावृत्ति कम हुई है। यह इस व्यवस्था का सकारात्मक पक्ष है कि छोटी-मोटी गलतियों को यह सामाजिक ऋण चुकाने के अवसर में बदल देता है। साथ ही कारावास से होने वाले नुकसान को कम करता है। कई बार जेल के हालात, विषम परिस्थितियों में भूलवश अपराध करने वाले व्यक्ति को पेशेवर अपराधी बना देते हैं। नई पहल से अपराधी में नागरिक उत्तरदायित्व बोध का भी विकास होता है। यदि इस अभियान को विवेकपूर्ण तरीके से आगे बढ़ाया जाता है तथा ऐसे लोगों की सतर्क निगरानी की जाती है तो यह राष्ट्र के लिये सुधारात्मक न्याय का एक मॉडल भी बन सकता है।

# लाल किले की प्राचीर से पीएम का जीएसटी रिफॉर्म के आगाज पर अमल शुरू



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी

वैश्विक स्तर पर पूरी दुनियाँ जानती है कि ट्रंप नें अपने राष्ट्रपति पद के चुनावी अभियानों, भाषणों में 24 घंटे में युद्ध समाप्ति, अमेरिकी फर्स्ट, मेक अमेरिका ग्रेट अगेन जैसे अनेकों वादे किए थे।जनवरी 2025 में राष्ट्रपति पद संभालते ही उन्हें पूरा करने की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं,जो हम करीब 8 महीनों से देख रहे हैं। इसी क्रम में दुनियाँ के तमाम देशों पर टैरिफ लगाने की बात भी कही थी जिसे अब वह पूरा करने पर तुले हुए हैं। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि इससे पूरी दुनियाँ हिल गई है, हालांकि ट्रंप द्वारा टैरिफ़ के डंडे के बल पर अनेक देशों से अपने मन मुताबिक एग्रीमेंट करवाकर उन्हें टेरिफ से कुछ हद तक छूट दे दी गई है, परंतु भारत पर अभी 50 पेर्सेंट टैरिफ लगाया गया है,जिससे भारत के फार्मा, कृषि स्टील इत्यादि अनेक क्षेत्रों पर फर्क पड़ने की संभावना जताई जा रही है, दरअसल अब 27 अगस्त से 25 पेर्सेंट इसे दोगुना कर 50 पेर्सेंट तक करने का ऐलान किया है। इस फैसले से भारत के करीब 40 अरब डॉलर के निर्यात- जिसमें ज्वेलरी, वस्त्र और फुटवियर जैसे सेक्टर शामिल हैं,पर सीधा खतरा मंडरा रहा है। यही नहीं,भारत-अमेरिका के बीच होने वाली द्विपक्षीय व्यापार वार्ता भी इसी विवाद की वजह से रोक दी गई। यह वार्ता 25 से 29 अगस्त के बीच प्रस्तावित थी, लेकिन अमेरिकी ट्रेड टीम का दौरा अचानक रद्द कर दिया गया इसीलिए माननीय पीएम द्वारा 18 अगस्त 2025 को देरशाम इकोनामिक एडवाइजरी कमेटी की बैठक बुलाई गई थी जिसमें सात केंद्रीय मंत्री व नीति आयोग सहित अनेको संस्थाएं ने भाग लिया जिसमें जीएसटी रिफॉर्म पर भी चर्चा हुई। मीडिया में अंदाज लगाया जा रहा है कि अब जीएसटी स्लैप दो सिलेबेस 5 पेर्सेंट व 18 पेर्सेंट तक सीमित कर दिया जाएगा, उधर 18-19 अगस्त 2025 को चीनी विदेश मंत्री भारत दौरे पर हैं, इसके पूर्व कल ज्वलेंसकी ने हमारे पीएम महोदय से बात की, उसके बाद अलास्का बैठक के बाद पुतिन ने भी 18 अगस्त 2025 को देर शाम भारत भारतीय पीएम को फोन कर अलास्का मीटिंग के बारे में जानकारी दी, जिससे भारत की प्रतिष्ठा में चार चांद लगनें को रेखांकित किया जा सकता है। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, ट्रंप के टैरिफ़ को बेअसर करने भारतीय उद्योगों, अर्थव्यवस्था को जीएसटी सुधारों क़ा बूस्ट डोज-उपभोक्ताओं व राष्ट्र के लिए नई आर्थिक दिशा।

साथियों बात अगर हम वैश्विक अर्थव्यवस्था आज इस मोड़ पर खड़ी होने की करेंतो, ट्रंप प्रशासन द्वारा भारत समेत कई देशों पर 50 पेर्सेंट तक के आयात टैरिफ लगाने की घोषणा ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार संतुलन को हिला दिया है। भारत जैसे उभरते हुए देश के लिए यह टैरिफ न केवल निर्यात क्षेत्र पर दबाव डालते हैं बल्कि घरेलू उद्योग और उपभोक्ता बाजार पर भी असर डाल सकते हैं। ऐसे समय में भारत सरकार ने जीएसटी सुधारों के रूप में 'बूस्टर डोज' देने की जरूरत महसूस की, जिससे न केवल टैरिफ के प्रभाव को बेअसर किया जा सकेगा बल्कि घरेलू मांग, उत्पादन और उपभोग की गति भी तेज होगी।अंतरराष्ट्रीय राजनीति और वैश्विक व्यापार की दुनियाँ में आर्थिक हथियारों का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। ट्रंप प्रशासन ने अमेरिका को अमेरिका फर्स्ट की नीति पर खड़ा किया, जिसके तहत उसने भारत समेत कई देशों पर ऊँचे टैरिफ लगा दिए। इन टैरिफ का उद्देश्य अमेरिकी उद्योगों की रक्षा करना था, लेकिन इसका सीधा असर भारत के निर्यात, उद्योगों और उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। ऐसे समय में भारत सरकार ने घरेलू अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए जीएसटी सुधारों का रास्ता चुना।

ये सुधार न केवल अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव को संतुलित करेंगे बल्कि उपभोक्ताओं को राहत और उद्योगों को सुरक्षा भी देंगे। अमेरिका द्वारा भारत पर थोपे गए भारी-भरकम टैरिफ के बीच पीएम ने सोमवार शाम 6:30 बजे एक बेहद अहम बैठक बुलाई थी। यह बैठक उनके आधिकारिक आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर हुई, जिसमें वित्तमंत्री समेत सात केंद्रीय मंत्री भी शामिल हुए। मीडिया का कहना है कि इस मीटिंग में भारत की अर्थव्यवस्था पर अमेरिकी टैरिफ के असर की समीक्षा की गई और आगे की रणनीति तय की गई ऐसा मीडिया से ज्ञात हुआ।

साथियों बात अगर हम अमेरिका के 50 पेर्सेंट टैरिफ का पृष्ठभूमि के भारत पर असर पढ़ने की करें तो,अमेरिका ने हाल ही में चीन, भारत, मेक्सिको और यूरोप के कुछ देशों पर उच्च टैरिफ लागू करने का संकेत दिया है। भारत से निर्यात होने वाले स्टील, एल्युमिनियम, टेक्सटाइल, आईटी हार्डवेयर, फार्मा और ऑटो पार्ट्स पर सीधा असर पड़ सकता है। टैरिफ से भारतीय कंपनियों की लागत बढ़ेगी, जिससे अमेरिकी बाजार में उनकी प्रतिस्पर्धा कम होगी। भारत का आईटी और फार्मा सेक्टर, जो अमेरिकी बाजार पर काफी निर्भर हैं, विशेष रूप से चुनौती का सामना करेंगे, इससे भारत का ट्रेड बैलेंस बिगड़ सकता है और डॉलर के मुकाबले रुपये पर दबाव आ सकता है।यानें साफ है कि अमेरिकी टैरिफ एक आर्थिक हथियार की तरह है, जिसे भारत की वृद्धि की गति धीमी करने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। इसकी काट के रूप में भारत का जीएसटी सुधारों का बूस्टर डोज के रूप में जवाब है,भारत सरकार



ने इसे केवल व्यापारिक समस्या न मानकर घरेलू आर्थिक अवसर में बदलने की रणनीति बनाई है। इसी क्रम में हाल ही में पीएम द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर जीएसटी सुधारों की घोषणा की गई थी। ये सुधार वस्तुतः बूस्टर डोज हैं, जिनका लक्ष्य है-(1) घरेलू खपत बढ़ाना (2) उद्योगों की लागत घटाना (3) टैक्स प्रणाली को सरल और पारदर्शी बनाना (4) वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करना (5) निर्यातकों को प्रोत्साहन देना। जीएसटी सुधारों की मुख्य विशेषताएँ- (1) मल्टी-रेट सिस्टम का सरलीकरण -पहले जीएसटी की दरें 0 पेर्सेंट, 5 पेर्सेंट,12 पेर्सेंट,18 पेर्सेंट और 28 पेर्सेंट थीं।

सुधारों के बाद अधिकांश वस्तुएं 12 पेर्सेंट और 18 पेर्सेंट के बीच लाने की संभावना है,इससे टैक्स स्लैब कम होकर सरल और पारदर्शी बन जायेगा। (2) ई-कॉमर्स और एमएसएमई को राहत-छोटे उद्योगों को अब सालाना रु. 2 करोड़ तक टर्नओवर पर जीएसटी से छूट मिलेगी (3) ई-कॉमर्स कंपनियों के लिए एकीकृत फाइलिंग सिस्टम लागू किया गया है। (4) इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) को आसान बनाना (5) अब उद्योगों को ऑटोमेटिक आईटीसी रिफंड मिलेगा। (6) कैश फ्लो की दिक्कतें कम होंगी और कारोबार का माहौल सुधरेगा। (7) निर्यात क्षेत्र के लिए विशेष प्रावधान (8) निर्यातकों को टैक्स रिफंड 15 दिनों में मिलने का प्रावधान। (9) सेज़ और मेक इन इंडिया यूनिट्स को अतिरिक्त टैक्स राहत। निर्यात क्षेत्र के लिए विशेष प्रावधान- (1) निर्यातकों को टैक्स रिफंड 15 दिनों में मिलने का प्रावधान। (2)सेज़ और मेक इन इंडिया यूनिट्स को अतिरिक्त टैक्स राहत। (3) उपभोक्ताओं को सीधा फायदा (4) रोजमर्रा की वस्तुओं जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल, वस्त्र और खाद्य पदार्थों पर टैक्स दरें घटाई गईं। (5) इससे मुद्रास्फीति पर नियंत्रण होगा और उपभोक्ता खर्च बढ़ेगा।अमेरिकी टैरिफ और जीएसटी सुधारों का आपसी संबंध- (1) अमेरिका के टैरिफ का मकसद भारत के निर्यात को नुकसान पहुंचाना है।(2) भारत ने इसके जवाब में घरेलू खपत और उत्पादन पर जोर देकर यह सुनिश्चित किया कि टैरिफ का असर सीमित हो।उदाहरण के लिए-यदि अमेरिका भारतीय टेक्सटाइल पर 50 पेर्सेंट टैरिफ लगाता है,तो भारतीय कंपनियां घरेलू बाजार में कम टैक्स रेट और सरल जीएसटी प्रक्रिया का लाभ उठाकर अपनी बिक्री बढ़ा सकती हैं। (3) इसी तरह फार्मा सेक्टर को टैक्स रिफंड स्कीम और इनपुट क्रेडिट से राहत मिलेगी।

साथियों बात अगर हम जीएसटी रिफॉर्म्स से उपभोक्ताओं व उद्योगों को फायदों की करें तो, उपभोक्ताओं के लिए फायदे- (1) जीएसटी सुधारों का सबसे बड़ा लाभ आम उपभोक्ता को मिलेगा। (2) वस्तुओं पर कम टैक्स दरें- जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स और पैकेज्ड फूड। (3) अधिक पारदर्शिता-अब टैक्स चोरी और कैस्केडिंग इफेक्ट कम होगा। (4) महंगाई पर नियंत्रण- पेट्रोलियम उत्पादों को आंशिक रूप से जीएसटी में लाने की चर्चा भी इससे जुड़ी है। (5) बढ़ती खपत-कम कीमतों से मांग बढ़ेगी, जिससे अर्थव्यवस्था में गति आएगी।उद्योगों के लिए फायदे-(1) टैक्स का सरलीकरण -उद्योगों का प्रशासनिक बोझ कम होगा। (2) कैश फ्लो सुधरेगा-तेज आईटीसी रिफंड से निवेश और उत्पादन में तेजी आएगी। (3) घरेलू बाजार में सुरक्षा कवच-अमेरिकी टैरिफ से निर्यात घटने की स्थिति में घरेलू बिक्री को बढ़ावा मिलेगा। (4) वैश्विक निवेश आकर्षण-सरल टैक्स प्रणाली विदेशी कंपनियों को भारत में निवेश करने के लिए प्रेरित करेगी।

अतः अगर हम ऊपर पूरे विवरण का अध्ययन करें उसका विशेषण करें तो हम पाएंगे कि ट्रंप के टैरिफ़ को बेअसर करने भारतीय उद्योगों, अर्थव्यवस्था को जीएसटी सुधारों क़ा बूस्ट डोज़ - उपभोक्ताओं व राष्ट्र के लिए नई आर्थिक दिशा अंतरराष्ट्रीय राजनीति व वैश्विक व्यापार की दुनियाँ में आर्थिक हथियारों का इस्तेमाल तेज़ी से बढ़ रहा हैलाल किले की प्राचीर से पीएम का जीएसटी रिफॉर्म का आगाज़-टैरिफ भारत के लिए बाधा नहीं बल्कि अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर, उपभोक्ता केंद्रित बनाने का अवसर है।

*संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी) एडवोकेट*

विचार

# ट्रंप ने खोया अपनों का भरोसा


*डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा*

यह तो भविष्य के गर्व में छिपा है कि रुस-यूक्रेन युद्ध को लेकर दोनों देशों का क्या निर्णय होगा या युद्ध कब तक समाप्त होगा या सहमति के हालात बनेंगे या नहीं- पर एक बात साफ हो गई है कि अमेरिका के लोगों को ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निर्णय को लेकर भरोसा नहीं है। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव के समय 81 प्रतिशत अमेरिकियों को भरोसा था कि ट्रंप द्वारा जो निर्णय लिया जाएगा वह भरोसे लायक होगा। यानी वह सोच समझ भरा निर्णय होगा। कहने का अर्थ यह है कि अमेरिका के 81 फीसदी नागरिक यह मानकर चल रहे थे कि ट्रंप द्वारा रुस-यूक्रेन युद्ध को लेकर लिया जाने वाला निर्णय भरोसे लायक होगा।

राष्ट्रपति बनने के बाद जिस तरह से ट्रंप द्वारा एक के बाद एक तुगलकी निर्णय लिए जा रहे हैं और जिस तरह से विश्व के देशों को धमकाना शुरु किया है उससे ट्रंप ने स्वयं के साथ अमेरिका की फजीहत ही अधिक कराई है। विश्व का दादा बनने के प्रयास में ट्रंप और अमेरिका दोनों की साख में तेजी से गिरावट आई है। ट्रंप-पुतिन मुलाकात के बाद भी साफ हो गया है कि कोई ठोस निर्णय नहीं हो पाया है और भले ही जेलेंस्की को ट्रंप ने चर्चा के लिए अमेरिका बुलाया हो और बातचीत भी हुई हो पर लब्बोलुबाव यही रहेगा कि इस मुलाकात के बाद अमेरिका की हेठी साफ दिखाई दे ही रही है। इससे पहले जेलेंस्की और ट्रंप की गत मुलाकात के समय जिस तरह से अमेरिका की हेठी हुई वह भी सबके सामने है। भले पुतिन-जेलेंस्की मुलाकात को राजी हो गये हों पर सीजफायर भी हो गया तो वह स्थाई सीजफायर होगा, इसमें पूरी तरह से संदेह है।

इन हालातों में प्यू रिसर्च द्वारा हाल ही किये गये सर्वे में जो परिणाम सामने आये हैं वह इसके पीछे की तस्वीर साफ करते हैं। 81 प्रतिशत भरोसे लायक नेता पर 40 प्रतिशत अमेरिकियों का भरोसा और इनमें से भी 25 प्रतिशत का थोड़ा भरोसा तो फिर देखा जाए तो केवल 15 प्रतिशत अमेरिकी ही ट्रंप पर पूरी तरह से भरोसा जता रहे हैं। 59 प्रतिशत अमेरिकियों का तो ट्रंप पर अब बिलकुल भरोसा नहीं रहा है। देखा जाए तो दुनिया के देश तो ट्रंप की बेजा हरकतों से परेशान हैं ही वहीं अमेरिकावासियों को भी अमेरिका का भविष्य कोई अच्छा संकेत देता नहीं लग रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप के एक के बाद लिए गए फैसलों ने उन्हें दुनिया का सबसे बड़ा खलनायक बना दिया है। ट्रंप की हर धमकी हवा हवाई बनकर रह गई है। इसके साथ ही ट्रंप द्वारा कही जाने वाली बात कब तक रहेगी इस पर भी दुनिया के लोगों को संदेह होने लगा है।

टैरिफ वार सामने हैं। टैरिफ के नाम पर देशों को धमकाना ज्यादा नहीं चल सकता, यह अमेरिका को समझना होगा। भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने से उलटा मोदी को मजबूत बनाने का काम ही अमेरिकी राष्ट्रपति ने किया है। इससे पहले जिस तरह से कनाडा को अपना 51 वां राज्य कहना दादागिरी का बड़ा नमूना है। भारत-पाकिस्तान के बीच ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान सीजफायर करने के दावे की पोल खुल चुकी है। देखा जाए तो ट्रंप तानाशाही रवैया अपनाते हुए दुनिया के देशों को ड़राने धमकाने में लगे हुए हैं। हांलाकि चाहे टैरिफ नीति हो या उपनिवेशवादी सोच, देर-सबेर इसका खामियाजा अमेरिका को ही भुगतना पड़ेगा और गत बैठक के दौरान व्हाइट हाउस में ट्रम्प और जेलेंस्की के बीच तीखी बहस और नोकझोंक से दुनिया के देशों में साहस का संचार हुआ है। व्हाइट



हाउस की घटना का तात्कालिक परिणाम ही यह सामने आ गया है कि यूरोप के देश एक स्वर में यूक्रेन के साथ खड़े होने लगे तो दूसरी ओर अपना नया नेता चुनने पर विचार करने लगे हैं।

हालांकि जेलेंस्की ने देश हित को पहली वरियता दी है और अमेरिका से अब भी खनिज संपदा के अधिकार देने पर सहमति समझौता करने को लगभग तैयार है। पर अमेरिका दबाव बनाकर और डरा-धमकाकर समझौता करना चाहता है। यही कारण है कि समझौते के प्रारुप पर चर्चा करने आये जेलेंस्की को ही रुस -यूक्रेन युद्ध का जिम्मेदार बताते हुए तीखी नोंकझोंक तक हालात पहुंच गए और जेलेंस्की की हिम्मत की इसलिए सराहना करनी होगी कि अमेरिका के आगे नाक रगड़ने की जगह वार्ता छोड़ कर यूरोपीय देशों की यात्रा पर आ गये।

भविष्य में क्या होता है यह तो अलग बात हैं पर चाहे रुस यूक्रेन युद्ध हो, चाहे इजरायल हमास या फिर भारत-पाक, ट्रंप एक्सपोज हो गए हैं। इससे रुस और पुतिन का विश्व राजनीति में उभार का अवसर मिला है वहीं दुनिया के देशों की कोरोना व अन्य नीतियों के कारण चीन के प्रति बनी सोच में भी बदलाव आने लगा है। इसके साथ ही दुनिया के देशों में आज भारत की छवि भी बदलाव आया है और भारत को सशक्त और दुनिया का नेतृत्व करने में सक्षम देश के रुप में देखा जाने लगा है। टैरिफ वार के नाम पर भारत को धमकाना और पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष के साथ लंच करने से अमेरिका और ट्रंप दोनों की साख नकारात्मक रुप से प्रभावित हुई है।

ट्रंप के सलाहकारों को यह समझाना होगा कि डराने-धमकाने या दादागिरी का समय नहीं रहा। छोटे- से-छोटा देश अपनी अस्मिता के लिए लंबा संघर्ष करने में पीछे हटने या झुकने वाला नहीं है। रुस-यूक्रेन युद्ध इसका जीता जागता उदाहरण है। ट्रंप को अपनी हैसियत बनाये रखनी है तो उसे अपनी कार्यशैली में बदलाव लाना होगा नहीं तो वह अपने देश में ही बदनामी के शीर्ष पर पहुंच जाएगा। ट्रंप को अपने पराये की पहचान करनी होगी।

*(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

साहित्य

## अपने नाम में मेरा नाम जोड़ दिया



**अनुभव शर्मा**


अपने नाम में मेरा नाम जोड़ दिया,
फिर जाने क्यों ये रिश्ता तोड़ दिया।

जा चुके हैं अब सभी मेरी जिंदगी से,
हैरत तो तब हुई जब तूने छोड़ दिया।

हाल ऐ दिल की किताब लगा लिखने,
तेरा जिक्र आया तो पन्ना मोड़ दिया।

सूने हाथ लेकर बैठी थी वो मंडप में,
मेहंदी की जगह मैंने लहू निचोड़ दिया।





## राशिफल

**मेष:-** प्रयासरत क्षेत्रों में कुछ अड़चनों का आभास होगा। आपका मन किसी महिला की ओर केंद्रित हो सकता है। निकट संबंधों में शंकाओं को न हावी होने दें।

**वृषभ:-** अपने पराक्रम व जौहर का भरपूर लाभ उठाएंगे। राजनीतिक क्रिया-कलापों में आपकी सक्रियता काफी तेज होगी। आलस्य कतई न करें।

**मिथुन:-** महवाकांक्षी मन को दूसरों की प्रगति से हीनता का शिकार होने दें। विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**कर्क:-** परिवार में कोई सुखद स्थिति प्रसन्नता लाएगी। कार्यक्षेत्र में संबंधों का भरपूर लाभ मिलेगा। मन नयी सुंदर कल्पनाओं से प्रभावित रहेगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**सिंह:-** अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कन्या:-** पारिवारक संबंधों में असंतोष की आशंका है। आपका ज्यादा बोलना या बिना मांगे अपनी राय देना हानिकारक हो सकता है। घर-परिवार में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

**तुला:-** समय के साथ तालमेल बिठाकर चलने का प्रयास करें। संतान संबंधित दायित्वों की पूर्ति होगी। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

**वृश्चिक:-** राजनीति से जुड़े लोगों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति होने के आसार हैं।

**धनु:-** कुछ नये संबंधों के प्रति निकटता आपके लिए काफी लाभकरी दिखाई दे रही है। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा करने के आसार हैं। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**मकर:-** ऐसा कोई कार्य न करें, जिससे अपयश या लान्छन मिले। नकारात्मक चिंताएं उत्साह में कमी लाएंगी। क्रोध पर काबू रखें और आवेश में कोई निर्णय न लें। जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी।

**कुंभ:-** कुछ नये पारिवारिक तनावों से मन अशांति से प्रभावित रहेगा। कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी। शिक्षार्थी शिक्षा में ध्यान दें।

**मीन:-** योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छवि बनावें। विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी।

# कर्नाटक कांग्रेस में बढ़ रहा आंतरिक राजनीतिक संकट

*कल्याणी शंकर*

कर्नाटक कांग्रेस की राजनीति में मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। कांग्रेस पार्टी के भीतर एक आंतरिक राजनीतिक संकट विकसित हो रहा है, जिसमें मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उनके उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार के बीच सत्ता संघर्ष चल रहा है। क्या कर्नाटक में सत्ता परिवर्तन होगा?

शिवकुमार के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की जगह लेने की बढ़ती अटकलों ने अनिश्चितता का माहौल बना दिया है। सत्तारूढ़ कांग्रेस असहमति, आंतरिक संघर्ष, अनुशासन की कमी और अपने सदस्यों के बीच सत्ता संघर्ष से जूझ रही है, जिससे यह मामला और पेचीदा हो गया है।

अफवाहें जोर पकड़ रही हैं, मुख्य रूप से इसलिए, क्योंकि जी. परमेश्वर जैसे वरिष्ठ नेताओं ने सार्वजनिक रूप से पार्टी के भीतर महत्वपूर्ण असंतोष को स्वीकार किया है। जबकि सिद्धारमैया कुछ नुकसान नियंत्रण करने का प्रयास कर रहे हैं, शिवकुमार खेमा खुले तौर पर नेतृत्व परिवर्तन की पैरवी कर रहा है। उनका दावा है कि यह अगले 3 महीनों के भीतर हो सकता है। अगले 3 महीने की समय सीमा का कारण दिलचस्प है। अंदरूनी सूत्रों का दावा है कि सत्ता संघर्ष अब सामने आ गया है। इसके अलावा, कांग्रेस विधायक इकबाल हुसैन ने दावा किया है कि लगभग 100 विधायक नेतृत्व परिवर्तन के पक्ष में हैं, जो शीर्ष पर बदलाव का समर्थन करते हैं। डी.के. ने उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई जारी की है लेकिन बदलाव की संभावना बनी हुई है। 2023 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस सत्ता में लौटी। चर्चा थी कि दोनों नेता शीर्ष पद के दावेदार हैं। हाईकमान ने अढ़ाई साल का रोटेशनल फॉर्मूला पेश किया। इसके मुताबिक, सिद्धारमैया इस साल नवंबर तक कर्नाटक के मुख्यमंत्री के तौर पर अढ़ाई साल पूरे कर लेंगे। वह अपने नेतृत्व के 25 साल भी पूरे करेंगे। सिद्धारमैया को प्रशासन में उनके व्यापक अनुभव और ओ.बी.सी. समुदाय से उनके मजबूत समर्थन के लिए जाना जाता है।

साल के अंत में बिहार चुनाव नजदीक आने के साथ, कांग्रेस नेतृत्व एक महत्वपूर्ण ओ.बी.सी. नेता सिद्धारमैया को परेशान न करके स्थिरता बनाए रखने के लिए उत्सुक है। उनका प्रशासन मुफ्त में सामान देने, मुसलमानों को खुश करने और हिंदू समुदाय को विभाजित करने के लिए जाना जाता है। दूसरी ओर, शिवकुमार को 'मिस्टर-फिक्सिट' के रूप में जाना जाता है। डी.के. को 'गो-टू' मैन के रूप में जाना जाता है और कांग्रेस नेतृत्व ने अन्य कांग्रेस शासित राज्यों में भी असंतुष्टों से निपटने में उनका इस्तेमाल किया है। उन्हें उनके कुशल नेतृत्व और संगठनात्मक कौशल के साथ-साथ उनके वित्तीय संसाधनों और आंतरिक असंतोष को प्रबंधित करने की क्षमता के लिए महत्व दिया जाता है।

दोनों नेताओं का कांग्रेस में अपना योगदान है। संकट के समय पार्टी को उनकी जरूरत है। डी.के. के अलावा, अन्य उम्मीदवार भी इस पद के लिए होड़ में हैं। लिंगायत समुदाय के मंत्री एम.बी. पाटिल भी शीर्ष पद के लिए इच्छुक हैं। शिवकुमार वोक्कालिंगा समुदाय का प्रतिनिधित्व करते हैं, जबकि कुरुबा समुदाय से सिद्धारमैया एक महत्वपूर्ण ओ.बी.सी. व्यक्ति हैं। असंतुष्ट गतिविधि से चिंतित मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने हाल ही में कैबिनेट की बैठक में अपने मंत्रियों को पार्टी के आंतरिक मामलों के बारे में गोपनीयता बनाए रखने की चेतावनी दी, साथ ही कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। शिवकुमार ने सार्वजनिक रूप से कहा, ''पार्टी और हाईकमान जो चाहेगा वही होगा।'' उन्होंने कहा, ''मेरे पास क्या विकल्प है? मुझे उनके साथ खड़ा होना है और उनका समर्थन करना है।'' हालांकि, उनका खेमा 'डी.के. को सीएम बनाना' का नारा लगाता रहता है। इस बीच, सत्ता में वापसी के अवसर पर नजर गड़ाए भाजपा मध्यावधि चुनाव की भविष्यवाणी कर रही है और कह रही है कि कांग्रेस सरकार जल्द ही गिर सकती है।

सिद्धारमैया ने नेतृत्व परिवर्तन के किसी भी सुझाव को खारिज कर दिया है और कांग्रेस आलाकमान ने भी ऐसी किसी संभावना से इंकार किया है। कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला द्वारा विधायकों और नेताओं के साथ बैठकों के बाद नेतृत्व परिवर्तन के लिए कोई कदम नहीं उठाए जाने की बात कहने के एक दिन बाद, मुख्यमंत्री ने पुष्टि की, ''कर्नाटक में मुख्यमंत्री में कोई बदलाव नहीं होगा।'' फिलहाल, सिद्धारमैया को भरोसा है कि वह पूरे पांच साल का कार्यकाल पूरा करेंगे। उनकी कड़ी घोषणा और चेतावनी का उद्देश्य न केवल असहमति को शांत करना है, बल्कि जनता, पार्टी कार्यकर्त्ताओं और कांग्रेस नेतृत्व को स्थिरता का संदेश देना भी है। सिद्धारमैया को बदलना कांग्रेस नेतृत्व के लिए आसान नहीं है क्योंकि वह पार्टी में फूट डाल सकते हैं। कर्नाटक में स्थिति को संभालने में कांग्रेस नेतृत्व सावधानी बरत रहा है। अगर सोनिया गांधी या राहुल गांधी ने डी.के. को रोटेशनल मुख्यमंत्री की भूमिका का वादा किया होता, तो अब उन्हें मना करना मुश्किल होता। हाईकमान को मुख्यमंत्री मुद्दे को सुलझाने के लिए चुनाव के बाद किए गए वादों को पूरा करना चाहिए। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं, तो कर्नाटक को राजस्थान और छत्तीसगढ़ जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। मुख्यमंत्री पद के प्रमुख उम्मीदवार शिवकुमार ने 2023 में सिद्धारमैया के अधीन उपमुख्यमंत्री के रूप में काम करने पर सहमति व्यक्त की। उन्हें शांत करने के लिए उन्हें पार्टी की राज्य इकाई का प्रमुख भी बनाया गया। अनुशासनहीनता, गुटबाजी और विद्रोह कर्नाटक में लगातार चुनौतियां रही हैं और कांग्रेस पार्टी ने लगातार स्वीकार्य समाधान की मांग की है। समस्या विभिन्न जातियों और समुदायों का प्रतिनिधित्व करने वाले विभिन्न पदों के लिए बड़ी संख्या में उम्मीदवारों की है, जो प्राथमिक मुद्दा है। विभिन्न जाति समूहों के शीर्ष पर कई प्रभावशाली नेताओं के होने के कारण, हाई कमान को बार-बार उत्पन्न होने वाले राजनीतिक संकटों को प्रभावी ढंग से संबोधित करने में दुविधा का सामना करना पड़ता है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# पुलिस ने चोर और ड्रोन की अफवाहों पर कसा शिकंजा

- लोगों को चौपाल लगाकर किया जागरूक
- अफवाह फैलाने वालों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की चेतावनी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद में हाल के दिनों में सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से चोरों के आने और संदिग्ध ड्रोन उड़ने की कई भ्रामक सूचनाएं सामने आईं। इन अफवाहों से जनता में दहशत और भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही थी। इस पर प्रभावी रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में विशेष जनजागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत जनपद के सभी क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों द्वारा 50 से अधिक गांवों और मोहल्लों में चौपाल लगाकर लोगों को जागरूक किया गया। पुलिस ने हाल ही में फैलाई गई भ्रामक सूचनाओं और अफवाहों की सच्चाई को उजागर करते हुए आमजन से अपील की कि वे बिना पुष्टि के किसी भी सूचना पर विश्वास न करें और अफवाह न फैलाएं।



तालग्राम थाना क्षेत्र में चौपाल लगाकर लोगों को जागरूक थानाध्यक्ष शशिकांत कन्नौजिया

**हाल ही में संज्ञान में आईं कुछ प्रमुख घटनाएं**

1- **थाना तालग्राम:** ग्राम उमरपुर में एक रिश्तेदार को देखने जा रहे व्यक्ति को ग्रामीणों ने चोर समझ लिया और अफवाह फैला दी। जांच में पता चला कि वह व्यक्ति पूरी तरह निर्दोष था।

2- **थाना कोतवाली कन्नौज:** उन्नाव का एक युवक काम की तलाश में आया था। भोजन की तलाश में एक गांव पहुंचा तो उसे चोर समझकर पीटा गया। मारपीट व अफवाह फैलाने वालों पर मुकदमा दर्ज कर 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

3- **थाना गुरसहायगंज (जलालाबाद):** मानसिक रूप से अस्थिर एक व्यक्ति को चोर समझकर पुलिस को सौंपा गया। जांच में वह निरपराध निकला।

4- **थाना गुरसहायगंज (सौसरापुर):** एक किशोरी, जो ढाबे पर कार्य करती थी, पैसे न होने के कारण पैदल अपने गांव जा रही थी। ग्रामीणों ने उसे चोर समझकर पकड़ लिया, जबकि वह चोर नहीं थी।

5- **थाना छिबरामऊ:** एक मजदूर, जो पैदल काम की तलाश में जा रहा था, को चोर बताकर वीडियो वायरल कर दी गई। जांच में कोई आपराधिक इतिहास न मिलने पर तीन अफवाह फैलाने वालों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने सख्त चेतावनी दी कि यदि कोई व्यक्ति भ्रामक सूचना फैलाता है, तो उसके विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम व गैंगस्टर एक्ट जैसी कठोर धाराओं में कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने जनता से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना देने से पहले उसकी पुष्टि अवश्य करें। अफवाह फैलाना कानूनन अपराध है और इससे न केवल निर्दोष व्यक्तियों को हानि होती है, बल्कि समाज में भी भय का माहौल बनता है।

# देश में संचार क्रांति के जनक थे राजीव गांधी

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**



- सद्भावना दिवस के रूप में कांग्रेसियों ने मनाई 81वीं जयंती

पुराने सौरिख बस स्टॉप स्थित कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेसियों ने पूर्व पीएम राजीव गांधी की जयंती सद्भावना दिवस के रूप में मनाई और कहा वह देश में संचार क्रांति के जनक थे। कांग्रेसियों ने पूर्व पीएम राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर अध्यक्षता कर रहे कांग्रेस विचार मंच के जिलाध्यक्ष वरिष्ठ नेता विनोद कुमार दुबे ने कहा पूर्व पीएम राजीव गांधी सूचना प्रौद्योगिकी के जनक थे। अपने कार्यकाल में राजीव गांधी ने कुछ ऐसे काम किए, जिससे देश की %तस्वीर और तकदीर दोनों बदल गई थी। गोष्ठी का संचालन कर रहे अजय कुमार दुबे ने कहा देश में पंचायती राज व्यवस्था को लाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी के उल्लेखनीय कार्यों को भुलाया नहीं जा सकता। राजीव अग्निहोत्री ने कहा राजीव गांधी देश के सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री बने थे और दुनिया के उन राजनेताओं में से एक थे, जिन्होंने भारत जैसे युवा देश में सरकार का कुशल नेतृत्व किया। आसाराम यादव ने कहा राजीव गांधी ने उस महान विरासत को आगे बढ़ाया, जो उनके नाना और उनकी मां इंदिरा गांधी जी छोड़ कर गई थी। उन्होंने अपने कार्यकाल में पंचायती राज का गठन किया व संचार क्रांति को तेजी से आगे बढ़ाया। प्रदीप दुबे ने कहा आज का युवा उनको अपना आदर्श मानता है। उनकी जयंती को पूरा देश सदभावना दिवस के रूप में मना रहा है। कार्यक्रम में सुरेश तोमर, रमेश तोमर, महेश दीक्षित, उमेश पांडेय, देवकीनंदन दुबे, प्रिया श्रीवास्तव, भैया लाल दुबे व संजीव दीक्षित आदि मौजूद रहे।



## राजीव गांधी जयंती पर मरीजों में बांटे फल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती को सद्भावना दिवस के रूप में कांग्रेस कार्यालय, देवीसहाय मार्केट में मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी और सौ शैया अस्पताल में मरीजों को फल व बिस्किट वितरित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विनोद कुमार दुबे (पप्पू) ने कहा राजीव गांधी ने 18 वर्ष की आयु में मतदान का अधिकार देकर लोकतंत्र को मजबूत किया और संचार क्रांति की नींव रखी। कन्नौज में दूरदर्शन केंद्र, मेंहदी घाट का पुल और दिवियापुर में गैस प्लांट उनके योगदान के प्रतीक हैं। यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष अम्बुज शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस का देश के विकास में अतुलनीय योगदान है। इस अवसर पर राहुल शाक्य, अंशू यादव, यश चतुर्वेदी, अभिषेक चतुर्वेदी, अतुल यादव, योगेश शाक्य, अमन यादव, रजत शाक्य, शुशांत शाक्य और मोहित शाक्य सहित दो दर्जन नेताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। पीसीसी सदस्य संजय पौल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार दुबे, नगर अध्यक्ष आशीष चौहान सहित कई नेता उपस्थित रहे।

# मायानगरी में इत्रनगरी की सुगंध घोल रहीं सिम्मी दीक्षित

- जल्द ही सोनी सब के शो पुष्पा इम्पॉसिबल में आएंगी नजर

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**

शहर से लगे असालत नगर गांव के निवासी मध्यमवर्गीय परिवार के ज्ञानेंद्र दीक्षित और आंगनबाड़ी कार्यकत्री रीता दीक्षित की पुत्री सिम्मी दीक्षित अपने अभिनय का लोहा मनवाने में कामयाब रही हैं। वह जल्द ही सोनी सब के शो पुष्पा इम्पॉसिबल में नजर आएंगी। इससे पहले सिम्मी रब से है दुआ, कुछ रंग प्यार के (सीज़न 1) और ये मोह मोह के धागे जैसे टीवी शोज़ का हिस्सा रह चुकी हैं। इसके अलावा, वह ओटीटी सीरीज़ बड़ी हीरोइन बनती है में भी दिखाई दी हैं। सावधान इण्डिया, काइम पेट्रोल में जबरदस्त अभिनय के बाद अब बड़े पर्दे की फिल्म आंकड़ा में दिखेंगी। कौन जनता था कि वर्ष 2015 में फर्रूखाबाद में आयोजित युवा





महोत्सव में मिस प्रेटी का खिताब जीतने वाली सिम्मी दीक्षित एक दिन मायानगरी में इत्र की खूशबू घोलकर कन्नौज का नाम रोशन करेंगी। सावधान इण्डिया, काइम पेट्रोल, मोह मोह के धागे में कावेरी की भूमिका में उन्होंने प्रभावशाली छाप छोड़ी है। रियल्टी शो एमटीवी के ड्राप आउट में भी वे दिखाई दी थीं। ढाई वर्षों तक एयर हॉस्टेस की नौकरी कर वे मायानगरी पहुंच गयीं। वे एक बेहतरीन खिलाड़ी भी रहीं। इन दिनों वे बड़े पर्दे की फिल्म आंकड़ा की शूटिंग में व्यस्त हैं। यह फिल्म बिजली समस्या पर फिल्माई जा रही है और इसकी शूटिंग प्रदेश के कई ग्रामीण इलाकों में हो रही है। सिम्मी दीक्षित का कहना है मेरा सपना था कुछ बड़ा करने का। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शुरू से ही भाग लेती रही। जवाहर नवोदय विद्यालय अनौगी में, उसके बाद केन्द्रीय विद्यालय कानपुर में अध्ययन के दौरान खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बराबर हिस्सा लिया और पुरस्कृत हुई। 2015 में फर्रुखाचाद युवा महोत्सव में मिस प्रेटी चुनी गयी। इंटर के बाद घर आयी तो घर के आर्थिक हालात बेहद खराब थे। पापा किसी मामले में जेल में थे। अक्सर रात रात भर जागकर सोचा करती थी, क्या करूं। मम्मी ने ग्रेजुएशन के लिए कहा



और शादी करने की बात कही। लेकिन मैंने मम्मी के सामने कहा, मुझे कुछ करना है। लगभग 2012 में फिर दिल्ली में गयी वहां भाई के साथ एक प्राइवेट फैक्ट्री में काम किया। उसके बाद ढाई वर्ष तक एयर हॉस्टेस का जॉब स्पाईस जेट, बिरला ग्रुप, इण्डिगो आदि में किया। मेरे मित्रों ने मुझसे फिल्म जगत में जाने को कहा। मैंने किशोर नमित कपूर के यहां अभिनय का क्लास ली। प्रियंका चोपड़ा समेत कई हस्तियों ने यहां ही प्रशिक्षण लिया था। फिर मैंने मुकेश चापड़ा के साथ भी काम किया। उनके साथ खिड़कों फेस्टिवल्स किया। उन्होंने मुझे एक फिल्म चकनाचूर मोतीचूर के लिए भी ऑफर दिया था। उसमें मैं फिट नहीं हुई। उसके बाद अपनी एक मित्र के जरिए मैंने एमटीवी का रियल्टी शो %ड्रॉप आउट% वाया कॉम 18 में काम किया। मेरा पहला सीरियल सोनी टीवी का मोह-मोह के धागे था, जिसमें मैंने कावेरी का निगेटिव रोल किया। उसके बाद सावधान इण्डिया में काम मिला जिसके पांच-छह एपीमोड में मैंने काम किया। मैं इसके साथ प्रोडक्शन हाउस में क्रिएटिव का जॉब भी कर रही थी। सोनी टीवी के क्राइम पेट्रोलमें मैंने इंस्पेक्टर की भूमिका निभाई। कुछ रंग प्यार के, स्टार प्लस के भारावाहिक चंद्रनदिनी में विषकन्या की भूमिका निभाई। स्टेयरमैन प्रोडक्शन हाउस की फिल्म रेड सिग्नल में काम किया। इसका फाइनेंस यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव जी ने किया। मेरा इसमें प्रियंका नाम है।

## वादी को न्याय दिलाना होगी प्राथमिकताः कोतवाल

**जालौन (उरई)।** शिकायतों की जांच के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। वादी को न्याय दिलाना प्राथमिकता होगी। यह बात नवागंतुक कोतवाल अजय बह्म तिवारी ने कोतवाली में कार्यभार ग्रहण कर पत्रकारों से वार्ता के दौरान कही। कोतवाली कुठौंद से स्थानांतरित होकर आए नवागंतुक कोतवाल अजय ब्रह्म तिवारी ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि पुलिस के प्रति लोगों का भरोसा बढ़ाने के लिए लिए पीड़ित को त्वरित न्याय दिलाया जाएगा। अपराधियों को सुधरना होगा नहीं तो उन्हें जेल की सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। बताया कि पुलिस व प्रशासन को सहयोग करने वाले अच्छे और सच्चे लोगों का पूरी तरह सम्मान करते हैं।

# करंट लगने से भाई-बहन की मौत, स्वजनों में कोहराम

- बहन को बचाने में भाई भी आया करंट की चपेट में, दोनों की मौत
- पुलिस की रिपोर्ट आने के बाद की जाएगी आगे की कार्रवाई

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

इन्वर्टर का प्लग लगाते समय करंट की चपेट में आने से भाई-बहन की मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब 16 वर्षीय नेहा पढ़ाई के लिए बल्ब का प्लग लगा रही थी। इसी दौरान इन्वर्टर का तार उस पर गिर गया। जिससे उसे करंट लग गया। बचाने के प्रयास में उसका भाई सनी भी करंट की चपेट में आ गया। यह देख स्वजनों में चीख- पुकार मच गयी। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। आनन- फानन में दोनों को जलालाबाद सीएचसी ले गए। वहां से जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वही स्वजनों का रो रोकर बुरा हाल है। क्षेत्र के नेकपुर कायस्थ निवासी दिनेश दोहरे की पुत्री नेहा (16) व पुत्र सनी (19) की करंट की चपेट में आने से दोनों भाई- बहन की मौत हो गई। भाई- बहन की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया और उनका रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में शोक की लहर दौड़ गयी। जानकारी के अनुसार पिता नेपाल रहकर नौकरी करता था। नेहा कन्नौज के एक कॉलेज की इंटरमीडिएट की छात्रा थी। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



मृतक नेहा व सनी

## महिला के साथ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कपूरपुर में सोमवार शाम करीब 4 बजे सैरुन्ना पत्नी लियाकत खाँ के घर में फिरोज बेगम उर्फ राबिया, सादाब, साहबाज और फरहान ने घुसकर मारपीट की। आरोपियों ने सैरुन्ना को कमरा खाली करने और घर से निकलने की धमकी दी। विरोध करने पर कुल्हाड़ी, बेल्या, ईंट, लाठी-डंडों से हमला किया, जिसमें सैरुन्ना उनके पति लियाकत, सास साबरा बेगम और पुत्र फरमान को गंभीर चोटें आईं। पुत्रियों के साथ भी मारपीट की गई। आरोपियों ने 1850 रुपये, एक जोड़ी तोड़िया और पर्स लूट लिया। बीच-बचाव करने आए आफाक खाँ और सुहैल खान को भी भगा दिया। सैरुन्ना ने बताया कि डर के कारण तुरंत शिकायत नहीं कर पाईं। घटना का वीडियो उनके पास है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# छात्र-छात्राओं को दिया गया योग का प्रशिक्षण



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**

जनता इंटर कॉलेज में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार (भारत स्वाभिमान ट्रस्ट) के जिला योग प्रभारी सत्यराम यादव ने छात्र-छात्राओं को योग का प्रशिक्षण दिया और कहा योग से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को कपालभाति, सूर्य नमस्कार, भ्रामरी, बज्रासन आदि आसनों का अभ्यास कराया। उन्होंने स्वस्थ जीवन के लिए समय पर भोजन और नींद की महत्ता पर जोर दिया और छात्रों को देश व राष्ट्र के लिए लक्ष्य निर्धारित करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ज्ञानेश दुबे, कमल सिंह यादव, राम महेश पाल, योगेंद्र सिंह यादव, एडवोकेट हरिवंश सिंह और समस्त कॉलेज स्टाफ उपस्थित रहा।

## मंडल स्तरीय कुश्ती के लिए हुआ दीपांशु का चयन



**छिबरामऊ, कन्नौज।** जगदीश्वर दयाल जनता इंटर कालेज के छात्र दीपाशु का चयन मंडल स्तरीय कुश्ती के लिए हुआ है। आदर्श इंटर कॉलेज ठठिया में आयोजित अण्डर 17 जिलास्तरीप कुश्ती प्रतियोगिता में दीपांशु ने प्रतिभाग किया और वहां के छात्र को पटकनी देकर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दीपांशु का चयन मण्डल स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए किया गया। प्रधानाचार्य ज्ञानेश चन्द्र दुबे व पीटीआई खीन्द्र कुमार स्वर्णकार ने दीपाशु को मिठाई खिलाकर बधाई दी एवं उत्साहवर्धन किया।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से शिक्षक की मौत, पुत्री घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**

बुधवार की देर शाम नगर से अपने गांव प्रानपुर पल्यौरा लौट रहे हीरालाल बीएन इंटर कॉलेज के प्रवक्ता श्याम सिंह (55) और उनकी पुत्री प्रियांशी (18) की बाइक को ग्राम रमपुरा के पास अंकुर इंटरनेशनल स्कूल के सामने तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। इस हादसे में पिता-पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को तुरंत एंबुलेंस से सौ शैया अस्पताल पहुंचाया गया। यहां उपचार के दौरान श्याम सिंह की मृत्यु हो गई। प्रियांशी की हालत गंभीर होने के कारण उसे कानपुर रेफर कर दिया



गया। श्याम सिंह अपने पीछे पत्नी किरण, पुत्र अभिसार और तीन पुत्रियों–आकांक्षा, शिवानी और प्रियांशी को छोड़ गए। इस दुखद घटना से परिवार में शोक की लहर है। स्थानीय पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अनियंत्रित लीडर ने छात्रा को मारी टक्कर, गंभीर घायल

**रामपुरा, जालौन।** विद्यालय पढ़ने जा रही साइकिल सवार 12वीं की छात्रा को अनियंत्रित लोडर ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। रामपुरा थाना अंतर्गत ग्राम निनावली जागीर निवासी कशिश उम्र 17 वर्ष पुत्री हरनारायण और बसंते राठौर कक्षा 12वीं की छात्रा है। आज बुधवार की सुबह करीब 8:30 बजे कशिश साइकिल से पढ़ने के लिए समर सिंह इंटर कॉलेज रामपुरा आ रही थी उसी समय रामपुरा की ओर से तेज गति से जा रही बनास दूध डेरी से संबद्ध लोडर यूपी 92 टी 3236 में उसे टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सूचना पाकर रामपुरा थाना पुलिस सब इंस्पेक्टर रामकिशोर सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर दुर्घटना करने वाली गाड़ी को कब्जे में ले लिया है।

# ग्राम रोजगार सेवकों ने क्रॉप सर्वे का कार्य का जताया विरोध

- बीडीओ को ज्ञापन सौंप डीसीएस कार्य से हटाने का किया अनुरोध

**माधौगढ़,जालौन समृद्धि न्यूज।**

ग्राम रोजगार सेवकों ने एग्रीस्टेक डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य कराये जाने का कड़ा विरोध जताते हुए प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए डीसीएस कार्य से हटाने का अनुरोध किया।

जिला अध्यक्ष गिरीश राजावत और ब्लॉक अध्यक्ष तेज प्रताप सिंह की अगवाई में एक दर्जन ग्राम रोजगार सेवकों ने प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी नौशाद अली को ज्ञापन देते हुए कहा की ग्राम रोजगार सेवक के पास उच्च तकनीकी के मोबाइल फोन नहीं है,इस कारण उनसे यह कार्य न कराया जाए इसके अलावा एकल कर्मचारी व्यवस्था होने के कारण उन्हें बीएलओ,आवास सत्यापन और जिओ टैग जैसे कार्य भी करने होते हैं, इसके पूर्व भी रोजगार सेवकों ने जो कार्य किया उनका उन्हें भुगतान नहीं किया गया। इसलिए वह सभी इस कार्य को करने में असमर्थ है। मुख्य विकास अधिकारी के पत्रांक संख्या 736 के माध्यम से डीसीएस कार्य लेखपालों की जगह प्राइवेट सर्वेयर से कराया जाना तय हुआ है लेकिन सर्वेयर की जगह कृषि विभाग द्वारा यह काम ग्राम रोजगार सेवकों को सौंप दिया गया है जो उचित नहीं है।

# देश की आजादी के साथ आत्मा की मुक्ति जरुरी : महात्मा राजकुमार गुप्ता

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**

पूर्वी बाईपास स्थित संत निरंकारी भवन में आयोजित सत्संग में परम पूज्य महात्मा राजकुमार गुप्ता ने कहा देश की आजादी के साथ आत्मा की मुक्ति जरुरी है। पूरे भारत में स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्ष के साथ गया लेकिन सीमित दायरे से हमारा देश कमजोर हो रहा है। सदगुरु बाबा जी नें देश की आजादी की कद्र करने पर बल देते हुए कहा था कि देश तो आजाद हो गया किन्तु आज भी हम सीमित दायरों में बन्धे हुये हैं, जिस कारण देश मजबूत नहीं बल्कि कमजोर हो रहा है। आजादी प्राप्त करना हमारा जन्मसिद्ध अधिकार हैं। यह हक तो मिला लेकिन उत्तरदायित्वों के प्रति हम कितने संजीदा है, यह सोचने का विषय हैं।



लालसाएं और खुदगर्जियां इतनी हावी हो गई कि अपने कर्तव्यों को ही भुला दिया। बाबा बूटा सिंह जी नें सत्य ज्ञान के प्रचार का बीड़ा उठाया और फिर युग पुरुष बाबा अवतार सिंह व जितने भी पीर पैगम्बर धरती पर आये उन्होंने भी सत्य के संदेश को विश्व भर में फैलाने के लिए अपना जीवन लगाया। सभी ने यही आवाज दी कि देश तो आजाद हो गया लेकिन शरीर से आजाद होना है। इसके लिए हमें पूर्ण सदगुरु की आवश्यकता है जो आत्मा को परमात्मा से मिला दे तभी मानव जीवन का कल्याण हो सकता है। आज के दिन जहां बाबा अवतार सिंह जी एवं जगत माता वुद्धवन्ती जी को याद किया जाता हैं, वहीं उन महात्माओं की सेवाओं का भी स्मरण किया जाता है जो तप त्याग की भावना से सत्य के प्रचार में अंतिम सांस तक समर्पित रह थे। मुक्ति पर्व की पृष्ठभूमि का वर्णन करते हुए कहा जगत माता वुद्धवन्ती जी 15अगस्त 1964 को और बाबा अवतार सिंह जी भी ब्रह्मलीन हो गये थे तब बाबा गुरुवचन सिंह जी नें निर्णय लिया था कि इनको भी उन्हीं के साथ श्रद्धा से याद किया जाये। तभी से सदगुरु बाबा गुरुवचन सिंह जी नें इसे निरंकारी मिशन में मुक्ति पर्व दिवस का नाम दिया जिससे 15अगस्त को निरंकारी जगत में मुक्ति पर्व के रुप में मनाया जाता है।

## रंगबाजी में युवक से अभद्रता कर दी जानमाल की धमकी

**जालौन (उरई)।** रंगबाजी को लेकर युवक के साथ अभद्रता कर उसे जान से मारने की धमकी देने की शिकायत पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पुरानीनझाई निवासी आयुष ने पुलिस को बताया कि हरीपुरा निवासी शिवम उसके साथ रंजिश रखते हैं। अक्सर उसके साथ विवाद करते रहते हैं। पीड़ित ने आरोप लगाया कि बुधवार की सुबह वह बाजार की ओर जा रहा था। तभी रास्ते में शिवम ने जबरन उसे रोक लिया और उसके साथ अभद्रता करने लगा। जब उसने रोकने की कोशिश तो हाथापाई पर आमादा हो गए। किसी तरह वह वहां से निकला तो आइंदा जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए।

# सड़क से रातों रात इंटरलाकिंग हुई गायब, एसडीएम ने बनायी जांच कमेटी

**पालिका की बगैर जानकारी के कैसे उखड़ कर गायब हो गई इंटरलॉकिंग ईंटें, बनी चर्चा का विषय**

**कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज।**

आजकल नगरपालिका में गजब का खेला चल रहा है। ऐसे ऐसे काम हो रहे हैं जिनकी जानकारी जिम्मेदारों को भी नहीं है। अभी हाल ही में एक नया मामला सामने आया है, नगर पालिका बेखबर सोती रही और रातों-रात पूरी इंटरलॉकिंग सड़क ही गायब हो गई। मामला आजाद नगर में कढ़ोरे राठौर के मकान से गुफ़रान सिद्दीकी के मकान तक पड़ी इंटरलॉकिंग का है। जिम्मेदारों का कहना है, मामला उनके संज्ञान में नहीं है। उधर मामले की जानकारी एसडीएम को मिली तो उन्होंने रातों रात सड़क पर बिछी इंटरलाकिंग गायब होने पर तीन सदस्यीय जांच टीम का गठन करते हुये जल्द आख्या प्रेषित



करने के निर्देश दिये। बताया जाता है कि नगर पालिका द्वारा 2021 में मोहल्ला आजाद नगर में इंटरलॉकिंग सड़क डाली गई थी। उक्त सड़क की इंटरलॉकिंग ईंटें पालिका के बिना जानकारी के कैसे उखाड़ लीं गई, यह हैरान करने वाली बात है। ईंट उखड़ कर कहां गई इसका भी किसी को पता नहीं है। आजाद नगर वार्ड नंबर 20 में कढोरे राठौर के मकान से गुफ़रान सिद्दीकी के आवास तक करीब साढ़े चार लाख की लागत से यह इंटरलॉकिंग सड़क डाली गई थी। इलाकाई लोगों द्वारा बताया गया है कि तीन-चार दिन पहले सड़क पर बिछीं ईंटें उखाड़ कर ट्रैक्टर में भरकर ले जाई गई हैं और पालिका को कानों कान खबर भी नहीं लगी। इलाकाई लोगों का कहना है कि उखाड़ने वालों से पूछा तो बताया गया कि नई सड़क बनना है जिसका टेंडर भी हो गया है, इसी लिए ईंटें उखाड़ी जा रहीं हैं। हैरान करने वाली बात है कि पूरी सड़क ही आराम से गायब हो गई और इंटरलॉकिंग उखड़ कर कहां चली गई इसका भी जबाब किसी के पास नहीं है। पालिका ईओ मोनिका उमराव का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। जानकारी करके संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी। कमोवेश यही पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता का भी कहना है कि मामले की उन्हें कोई जानकारी नहीं है, जल्द ही इसका पता लगाया जाएगा कि कौन इंटरलॉकिंग उखाड़ कर ले गया है। जानकारी होते ही कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल एसडीएम ज्योति सिंह ने जिस तत्परता से सड़क की इंटरलाकिंग गायब होने का मामला संज्ञान में लिया और तीन सदस्यीय जांच टीम का गठन किया उससे नगरवासियों को उम्मीद बंधी है कि जांच टीम ने सड़क की इंटरलाकिंग को बरामद कर दोषियों पर कानूनी कार्यवाही कराने में अहम भूमिका निभायेगी।

## बेटी के घर रह रहे पिता के आवास से लाखों की चोरी

**जालौन,उरई।** स्वास्थ्य खराब होने के चलते घर पर ताला डालकर बेटी के घर रहे वृद्ध के घर से अज्ञात चोरों ने एक लाख रुपये नकद व दो सोने की अंगूठी चोरी कर ली हैं। पीड़ित वृद्ध ने चोरी की सूचना पुलिस को दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरदोई राजा निवासी रमेशचंद्र द्विवेदी ने पुलिस को बताया कि वह घर में अकेले रहते हैं। बीते दो माह से उनका स्वास्थ्य सही न होने के चलते वह घर में ताला डालकर बेटी के यहां रह रहे थे। दो दिन पूर्व गांव से फोन पर उन्हें सूचना मिली कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है और सामान चोरी हो गया है। जिसके बाद वह लखनऊ से वापस गांव लौटे और देखा कि उनके दरवाजे का ताला टूटा है और घर का सामान बिखरा पड़ा है।

## बारदाने का बकाया रुपये मांगने पर व्यापारी ने की मारपीट

जालौन (उरई)। बारदाने के बकाया रुपये मांगने पर गल्ला व्यापारी ने फोन पर गाली, गलौज कर मारपीट की धमकी दे डाली। पीड़ित बारदाना व्यापारी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पुरानी नझाई निवासी अजय कुमार ने पुलिस को बताया कि वह गल्ला मंडी में बारदाने का काम करते हैं। उसने गल्ला मंडी के व्यापारी उमेश कुमार को बारदाना दिया था। जिसका बकाया भुगतान कई बार मांगने के बाद भी नहीं मिला। जब उन्होंने हिसाब मिलाने के लिए उन्हें फोन किया तो उन्होंने तो वह फोन पर ही गालियां देने लगे। इसके बाद वह व उनके साथ मोहित व आलोक दुकान पर आए और जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़ित बारदाना व्यापारी की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**कार्यालय ग्रा0पं0 अलावलपुर वि0ख0 मोहम्मदाबाद, फर्रु0**

पत्रांकः मीमो/ग्रा0पं0/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2025-2026 — दिनांक 20/08/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत अलावलपुर वि0ख0 मोहम्मदाबाद जनपद फर्रुखाबाद द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 21/08/2025 से 27/08/2025 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 27/08/2025 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | संविलियन विद्यालय अलावलपुर में पुताई कार्य | 2.70 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | संविलियन विद्यालय अलावलपुर में मरम्मत कार्य | 1.49 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

नियम व शर्ते- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान-(सत्यप्रिय दिवाकर) ग्रा0पं0 अलावलपुर वि0ख0 मोहम्मदाबाद सचिव-(रामवीर शाक्य)

# जानवर चराने को लेकर दबंगों ने युवक को पीटा, उपचार के दौरान मौत

**▸ दो लोगों के नाम प्रकाश में आने पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा**

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

जानवर चराने को लेकर हुए विवाद में युवक को मारपीट कर घायल कर दिया गया। उसे घायलावस्था में सीएचसी ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। घटना से गुस्साये परिजनों ने जमकर हंगामा काटा तथा पड़ोसी गांव के दो लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए, पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं सीओ ने बताया कि घटना में दो लोगों के नाम प्रकाश में आये हैं। उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिशें दी जा रही हैं।


रोते-रोते बेहोश हुई मां को संभालते लोग


चिकित्सक से जानकारी करते थानाध्यक्ष


जानकारी के अनुसार कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव उमराव नगला निवासी पीआरडी जवान रघुनंदन का पुत्र संजेश बुधवार को अपने जानवर चराने दूसरे गांव में करीब 10 बजे गया था। शाम लगभग 3 बजे पड़ोसी गांव हुसैनगंज के लोगों से जानवर चराने को लेकर विवाद हो गया। जिस पर दबंगों ने संजेश की जमकर पिटाई कर दी। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। उसे सीएचसी ले जाया गया। जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गयी। जिसके बाद परिवारीजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि जानवर चराते समय हुसैनगंज के लोगों से संजेश का विवाद हुआ था। जिसके चलते गांव वालों ने मेरे बेटे के साथ मारपीट कर उसकी हत्या कर दी। इसी बीच नगरीया देवधरापुर निवासी गोविंद अपनी घायल माता मिथलेश को दिखाने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आया। जहां पर संजेश के पारिवारीजनों ने गुनहगार समझकर उसके साथ में मारपीट कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तुरंत गोविंद को बचाया और भीड़ से छुड़ाकर गोविंद को तथा उसकी माता को उपचार के लिए भेजा। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई की मृतक के गांव के लोग हुसैनगंज की तरफ मारपीट करने के लिए जा रहे हैं। आनन-फानन में पुलिस मौके पर पहुंची और वहां जाकर मामले को शांत करवाया। पुलिस ने पंचनामा भरने के लिए शव को उठाना चाहा, तो पारिवारीजनों ने गदर काटना शुरू कर दिया तथा रोड जाम करने की बात होने लगी। जिस पर थाना अध्यक्ष ने पीएसी को बुलाया। वहीं सीओ अमृतपुर भी मौके पर पहुंचे। जैसे-तैसे पुलिस ने मिलकर मामला शांत करवाया। इसके बाद शव का पंचनामा भरकर पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक पांच भाइयों में से तीसरे नंबर का था। मृतक के भाई सुखदेव, अखिलेश, हिमांशु, लोकेश तथा दो बहनें अनुराधा और प्रीती हैं। इधर मृतक के पारिवारीजनों तथा माता कलावती का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं सीओ ने बताया कि उपरोक्त घटना में नन्दू व सूरज पुत्रगण परशुराम राजपूत निवासी हुसैनगंज का नाम प्रकाश में आया है। इनके विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की जा रही है।

# एसीएमओ ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र तथा सीएचसी का किया निरीक्षण

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**


सीएचसी का निरीक्षण करते एसीएमओ

एसीएमओ डॉ. दलवीर सिंह ने बुधवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जाकर निरीक्षण किया। उन्होंने कम्पिल के गॉंव धर्मपुर में बाढ़ से प्रभावित ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। इसके बाद उन्होंने कायमगंज चिकित्सालय का निरीक्षण किया। अस्पताल में भर्ती मरीजो से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली तथा आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने व साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। एसीएमओ के निरीक्षण से स्वास्थकर्मियों की धड़कने बढ़ गईं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पर्चा काउंटर, दवा वितरण कक्ष, एआरवी इंजेक्शन कक्ष, महिला ओपीडी कक्ष, लेबर रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान समय-समय पर साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। इस दौरान मरीजों ने एसीएमओ से मरीजों ने डॉ. अमरेश, डॉ. अमित, डॉ. जितेन्द्र बहादुर की काफी तारीफ की।


घटना की जांच पड़ताल करतीं थानाध्यक्ष

## दंपति के घर चोरी, पुलिस ने माना संदिग्ध

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** चोरों ने ग्राम हरसिंहपुर में राजेश पुत्र अलवर के घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया। बताया गया कि चोर रात में घर में घुसे, जबकि उपरी मंजिल पर कोई नहीं था। चोर दीवाल के सहारे छत पर चढ़ गए और ऊपर रखा हुआ सामान जिसमें सोने की जंजीर, झाले, कमरबंद आदि चोर चुरा ले गए। जिसकी जानकारी परिजनों द्वारा थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसी समय रात में ही मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की, लेकिन सब कुछ संदेह के घेरे में नजर आया। पूछताछ करने पर पता लगा कि राजेश के माता-पिता तीर्थ यात्रा पर गए हुए थे। घर में लड़का व बहुयें थीं और चोरी होने के सुराग भी दिखाई नहीं दिए। पुलिस ने बताया कि चोरी की घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है, लेकिन फिर भी जांच के बाद परते खुल जाएंगी और सच्चाई सामने आते देर नहीं लगेगी।

# पीड़ित परिवारों के घर जाकर डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने व्यक्त की शोक संवेदना

**▸ घायल इजहार का इलाज किसी अच्छे हॉस्पिटल में कराने की कही बात**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**


पीड़ित परिवार के बीच डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव

बीते दिन मार्ग दुर्घटना में एक युवक की मौत तथा दूसरा घायल हो गया था। वहीं एक महिला की हार्ट अटैक से मौत होने की जानकारी मिलने पर डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने पीड़ित परिवारों के घर जाकर शोक संवेदन व्यक्त की और उनका दुख दर्द बांटा।

नवाबगंज थाना क्षेत्र तथा अमृतपुर विधानसभा क्षेत्र की नगर पंचायत के ग्राम जाफर नगर में बीते एक दिन पूर्व गुड्डी पत्नी मुस्ताक की हार्ट अटैक से हो गयी थी तथा उनके ही परिवार में युवक कामिल पुत्र महबूब की मार्ग दुर्घटना में मौत हो गयी थी, जबकि दूसरा युवक इजहार पुत्र इरशाद खान घायल हो गया था।

इसकी जानकारी होते ही सपा के प्रदेश सचिव तथा 193 अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव अपने समर्थकों के साथ पीड़ित परिवारों के घर पहुंचे तथा शोक संवेदना व्यक्त की तथा उनका दुख दर्द बांटा। इसके बाद डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव इजहार के घर पहुंचे। जहां परिजनों से मिलकर इजहार के हालचाल लिये तथा उन्होंने कहा कि वह किसी अच्छे हॉस्पिटल या मेडिकल कॉलेज में बात करेंगे। इलाज में जो भी खर्च आयेगा वह वहन करेंगे। इस मौके पर डॉ. जितेंद्र सिंह यादव, अमन सूर्यवंशी, सलमान खान, मोबीन खान, गुलजार खान, शाहिद परवेज, मुस्ताक खान, अख्तर खान, ताज मोहम्मद, बेचे खान, जबरशेर, फिरोज खान, सलमान खान, साबिर खान, चांद मोहम्मद, नफीस खान, गफ्फार खान, कृष्ण यादव आदि मौजूद रहे।

# अमृतपुर व आसपास के गांवों में आसमान में रहस्यमयी रोशनी देख दहशत का माहौल

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

कस्बा अमृतपुर और नजदीकी गांवों में सोमवार व मंगलवार की रात आसमान में रहस्यमयी रोशनी देखी गई। अचानक प्रकट हुई इस चमकदार लाइट को देखकर लोग हैरान रह गए और अपने घरों की छतों पर चढ़कर इसे देखने लगे। स्थानीय लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। कुछ लोगों का मानना था कि यह चोरी की घटनाओं से पहले क्षेत्र की रेकी करने वाले ड्रोन हैं, जबकि कुछ ग्रामीण इसे सरकारी ड्रोन बताकर नदियों की मैपिंग से जोड़कर देख रहे थे। इस अनोखी रोशनी से कस्बे और गांवों में भय का माहौल बना रहा। लोग रातभर चर्चा करते रहे और आपस में अलग-अलग कयास लगाते रहे। जब इस संबंध में उप जिलाधिकारी अमृतपुर संजय कुमार सिंह से पूछा गया तो उन्होंने साफ कहा कि उन्हें इस विषय में जिला प्रशासन से किसी भी तरह की जानकारी नहीं दी गई है। मीडिया द्वारा जानकारी मिलने के बाद ही उन्हें इसके बारे में पता चला है। उन्होंने आश्वासन दिया कि पत्राचार के माध्यम से इसकी पुष्टि करने का प्रयास किया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन को इस मामले में शीघ्र जांच कर स्पष्टता लानी चाहिए। जिससे क्षेत्र में व्याप्त दहशत का माहौल खत्म हो सके।


आसमान में दिखायी दे रही रहस्यमयी रोशनी

## खबरें एक नजर में

### शराब पीने से मना करने पर दबंग ने दुकानदार को पीटा


सीएचसी में भर्ती घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव पितौरा निवासी दुर्गपाल पुत्र प्रकाश चन्द्र की छोले भटूरे की दुकान अचरा रोड पर रेलवे क्रॉसिंग के पास है। बीते दिन मंगलवार को अज्ञात युवक शराब पीने के लिए उसकी दुकान पर आया था। उन्होंने अज्ञात युवक को दुकान पर शराब पीने के लिए मना कर दिया, तो वह आगबबूला हो गया और उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। दुकानदार ने दबंग के खिलाफ सूचना डायल 112 पुलिस को दी। जिस पर युवक उसके साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। आज लगभग 12:00 बजे दुकानदार दुकान पर बैठा था, तभी वह अपने अज्ञात साथियों को साथ लेकर उनकी दुकान में घुस गया और लाठी-डंडों से दुकानदार पर हमला कर दिया। जिस पर दुर्गपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल होने की सूचना पर पहुँचे परिजनों ने घायल अवस्था में दुर्गपाल को कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ उसका उपचार जारी है।

### गैस रिसाव से नानवेज दुकान में लगी आग, हजारों का नुकसान


जली दुकान का दृश्य

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** गैस रिसाव से नानवेज की दुकान में आग लग गयी। देखते ही देखते 24 मुर्गे व हजारों की नकदी खाक हो गयी। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चिलाँका निवासी रवि चक पुत्र राम भरोसे चक की फास्ट फूड की दुकान कायमगंज रेलवे स्टेशन पश्चिमी क्रासिंग के पास है। गैस के रिसाव के कारण नॉनवेज की दुकान में आग लग गई। आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। सूचना फायर ब्रिगेड को भी दी गई, लेकिन फायर ब्रिगेड नहीं पहुंची। आसपास के लोगों की मदद से पानी डालकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक 24 मुर्गे, 14 हजार की नगदी व दुकान का सभी सामान जलकर राख हो चुका था।

### एक ही परिवार की दो महिलाओं सहित छः लोगों के विरुद्ध न्यायलय में याचिका दायर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के ग्राम नगला भूड़ निवासी राधेश्याम पुत्र रामविलास ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष याचिका दायर की। जिसमें बताया कि मेरे गांव के दीपक, सौरभ, शिवम पुत्रगण अशलोक, दीपक की पत्नी, अशलोक की पत्नी दिनांक ०८ अगस्त को समय करीब सात बजे शाम घर में लाठी डंडों व फावड़ा लेकर गली-गलौज करते हुए घुस आए। सभी लोग ने मेरे पुत्रों व पुत्रवधू के साथ मारपीट की। दीपक ने जान से मारने की नियत से प्रभुदयाल के ऊपर फावड़े से हमला कर दिया। मारपीट में प्रभुदयाल, बृजेश व आत्मकुमारी व रीना के चोटें आईं। गांव के ही लालाराम आदि ने बीच बचाव किया। सभी लोग जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। उक्त घटना में घायलों का पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराया, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इसके बाद पुलिस अधीक्षक को रजिस्टर्ड डाक से प्रार्थना पत्र भेजा, लेकिन कोई कार्यवाही न होने पर विवश होकर न्यायालय में याचिका दायर की।

# रामगंगा किनारे झाड़ियों में मिली नवजात बच्ची, इलाज के दौरान मौत

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना राजेपुर क्षेत्र के डबरी तिराहा के पास बुधवार को झाड़ियों में एक नवजात बच्ची मिली। बच्ची के चेहरे पर चींटियां लगी हुई थीं और वह जोर-जोर से रो रही थी। स्थानीय किसान वीरपाल ने मासूम की आवाज सुनकर उसे देखा और तत्काल अपने घर ले आए। इसके बाद उन्होंने थानाध्यक्ष राजेपुर को घटना की सूचना दी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने बच्ची को अस्पताल पहुंचाया। प्रारंभिक उपचार के बाद उसे एसएनबीयू वार्ड में भर्ती कराया गया और बाद में जिला लोहिया अस्पताल रेफर किया गया। हालांकि उपचार के दौरान मासूम ने दम तोड़ दिया। अस्पताल प्रशासन ने बच्ची के शव को मोर्चरी में रखवा दिया। मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक आशुतोष ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है तथा संबंधित विभागों को सूचना दी गई है। स्थानीय लोग इस घटना से गहरे आक्रोश और दुःख में हैं। उनका कहना है कि नवजात को यूं झाड़ियों में फेंकना अमानवीय कृत्य है।


रेफर के बाद बच्ची को लेकर जाती पुलिस

# बाढ़ का पानी कम हुआ, लेकिन संक्रामक बीमारियों ने पसारे पैर

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**


शिविर में दवायें लेते ग्रामीण

मौसम में हो रहे बदलाव तथा गंगा के घटते जलस्तर से गंगापार में संक्रामक बीमारियां पैर पसारने लगी हैं। खांसी, जुकाम, वायरल बुखार, त्वचा रोग तेजी से फैल रहे हैं। इसी के चलते सीएचसी प्रभारी डॉ0 गौरव वर्मा ने गांव मंझा की मड़ैया में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। जिसमें विभिन्न बीमारियों से पीड़ित ग्रामीणों को दवायें वितरित कीं।

बताते चलें कि रामगंगा का जलस्तर घटना शुरु हो गया है। इसके साथ ही बीमारियां पैर पसारने लगी हैं। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देश पर सीएचसी प्रभारी डॉ0 गौरव वर्मा ने बुधवार को ग्राम मंझा की मड़ैया में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। जिसमें विभिन्न बीमारियों से पीड़ित जैसे खांसी, जुकाम, वायरल बुखार, त्वचा रोग से पीड़ित दर्जनों की संख्या में मरीज पहुंचे। जिन्हें देखकर चिकित्सकों ने निःशुल्क दवायें दीं। साथ ही साथ उन्हें ऐतियात बरतने की भी सलाह दी। डॉ0 गौरव वर्मा ने बताया कि मौसम परिवर्तन और गंगा का घटता जलस्तर बीमारियों का कारण बन रहा है। उन्होंने बीमारियों से बचाव के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। जैसे खाना हमेशा ढककर रखें, ताकि मच्छर, छिपकली और कीड़े उस पर न बैठ सकें। गंदे पानी से दूर रहें और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। दूषित पानी के आसपास जाते समय मास्क का प्रयोग करें। केवल स्वच्छ पानी का सेवन करें और बासी पानी न पिएं। खुले में न सोएं। अगर सोएं, तो मच्छरदारी का प्रयोग करें।

# पोर्टल पर पेंडिंग व्यक्तिगत शौचालय के आवेदनों का तीन दिन में करें निस्तारणः डीएम

**जिला स्वास्थ्य ग्रामीण समिति की बैठक में बीडीओ को दिये गये आवश्यक निर्देश**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



बैठक लेते जिलाधिकारी

सायं 6 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य ग्रामीण समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें जिलाधिकारी द्वारा सभी खंड विकास अधिकारी अधिकारियों को निर्देशित किया गया की पोर्टल पर पेंडिंग व्यक्तिगत शौचालय हेतु आवेदनों का 3 दिन में निस्तारण करना सुनिश्चित करें। मुख्य विकास अधिकारी को 22 अगस्त को इसकी समीक्षा करने के निर्देश दिए गए।

इसी प्रकार 825 घोषित ऑडियो प्लस मॉडल गांव में से शेष 207 का सत्यापन भी एक सप्ताह में पूर्ण करने के लिए सभी कंसलटिंग इंजीनियर को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा यह भी निर्देश दिए गए की पांच गांव जहां पर अभी भूमि विवाद अथवा कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है उनका खंड विकास अधिकारी 2 दिन में निस्तारण कर बाढ़ खत्म होते ही बोर्ड भीम का चिन्नांकन कार्यवाही प्रारंभ करायें। सभी आरसी सेंटरों को क्रियाशील और संचारित करने हेतु जिला अधिकारी द्वारा सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया और यह भी निर्देश दिए गए की सभी सचिवों के साथ खंड विकास अधिकारी इसकी समीक्षा कर सभी 576 आरसी का संचालन सुनिश्चित करायें और अगस्त माह हेतु निर्धारित स्वच्छता शुल्क 10 दिन के अन्दर ओसीआर खाते में जमा करायें। खंड विकास अधिकारी कायमगंज और राजेपुर प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट में विद्युत कनेक्शन हेतु विद्युत विभाग को कल तक धनराशि ट्रांसफर करना सुनिश्चित करें।

फिजिकल स्लग मैनेजमेंट यूनिट की स्थापना हेतु विकास खंड कायमगंज से मिस्त्री और मोहम्मदाबाद से सिरौली का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। विशेष विकास खंड भी कल तक विकास खंड में स्थल का चिन्हांकन कर प्रस्ताव उपलब्ध उपलब्ध करा दें। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गये कि वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु अन्त्येष्टि स्थलों के प्रस्ताव का सभी खंड विकास अधिकारी स्वयं निरीक्षण कर सुनिश्चित कर लें कि जो स्थल चयन किया गया है वहां पर सालों भर अंत्येष्टि का कार्य होता हो साथ ही यह भी कहा गया कि सोता बहादुरपुर में इस जनपद तथा अन्य जनपद से भी अन्त्येष्टि हेतु लोग आते हैं। यहां पर दो अंत्येष्टि स्थल का प्रस्ताव हो सकता है। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड में राज्य वित्त आयोग एवं 15वें वित्त आयोग में खराब प्रगति के कारण सभी खंड विकास अधिकारियों को प्रतिदिन ग्राम पंचायत सचिवों के साथ समीक्षा कर और प्रतिदिन की रिपोर्ट उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।

# रात में उड़ रहे ड्रोन को ग्रामीणों ने गिराया सूचना पर 112 पुलिस मौके पर पहुंची

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

रात में उड़ रहे ड्रोन से दहशत का माहौल हो गया। इकट्ठे हुए ग्रामीणों ने एक ड्रोन को गिरा दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ड्रोन को थाने ले आई। ग्रामीणों ने सिपाहियों पर नशे में गाली-गलौज कर मुकदमा दर्ज करने का आरोप लगाया। जिससे ग्रामीण खौफजदा हैं।

क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर में बुधवार की बीती रात ग्रामीणों ने गांव में ड्रोन उड़ते हुए देखे। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने एक ड्रोन को गिरा लिया। जबकि अन्य ड्रोन कुछ ही समय में देखते देखते दूर चले गए। ग्रामीणों ने 112 नंबर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस को ग्रामीणों ने ड्रोन सौंप दिया। आरोप है कि 112 नंबर के दो सिपाही नशे में थे। उन्होंने ग्रामीणों के साथ अभद्रता कर उन्हें अफवाह फैलाने की बात कहकर मुकदमा दर्ज करने की धमकी दी। ग्रामीण रात रात भर जागकर घरों की रखवाली कर रहे हैं। दो दिन पूर्व गांव अकबरपुर के ग्रामीणों ने एक चोर को बाइक चुराते समय पकड़ लिया था, जबकि अन्य साथी मौके से फरार हो गए थे। ग्रामीण चोर को पकड़कर थाने ले आए। पुलिस ने बिना जांच किए चोर को पागल बताकर उसको थाने के गेट से ही भगा दिया। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। गांव रुदायन में एक घर में चोरी के इरादे घुसे से चोरों ने छत से एक युवक को नीचे फेंक दिया। युवक की चीखपुकार की आवाज सुनकर आए ग्रामीणों को देखकर चोर मौके से फरार हो गए। हालांकि युवक बाल-बाल बच गया। मंगलवार की बीती रात गांव पहाड़पुर निवासी प्रधान विवेक चौहान देर रात गौशाला से घर वापस आ रहे थे। जैसे ही वह बाइक लेकर घर की तरफ चले तो उन्हें लगभग 6 असलहा धारी बदमाश रास्ते में मिल गए। घबराए प्रधान बाइक से गांव की तरफ आ गए। उन्होंने फोन से ग्रामीणों व परिजनों को सूचना दी। जिसके बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। आरोप है कि सूचना देने के बाद भी पुलिस ने मौके पर जाकर जांच करना उचित नहीं समझा। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। थाना प्रभारी विश्वनाथ आर्या ने बताया मामले की जानकारी नहीं है।

# टेस्टिंग के दौरान फटा ट्रांसफार्मर, दो घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

टेस्टिंग के दौरान विद्युत ट्रांसफार्मर धमाके के साथ फट गया। जिससे वहां खड़े किशोर समेत दो लोग घायल हो गये। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया।

कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव शाहीपुर निवासी प्रशान्त यादव उम्र 22 वर्षीय पुत्र रनवीर यादव जो की वर्तमान ग्राम प्रधान धीरेन्द के छोटे भाई हैं। बुधवार को प्रशान्त अपने पड़ोसी दीपान्शू उम्र 15 वर्षीय पुत्र ग्रीश चन्द के साथ घर के बाहर खड़ा था। पास में रोड पर रखे ट्रान्सफार्मर पर लाइनमैन सौरभ ने ट्राई ली। वैसे ही ट्रान्सफार्मर धमाके के साथ फट गया। जिससे पास में खड़े ग्राम प्रधान धीरेन्द्र के छोटे भाई प्रशान्त यादव, दीपान्शू बुरी तरह झुलसकर जल गये। आसपास के लोगों की मदद से परिजन झुलसे प्रशान्त सहित दीपान्शू को कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ दोनों का उपचार जारी है।


सीएचसी में उपचार कराता घायल

# समर्पण सेवा समिति व सीपी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

समर्पण सेवा समिति व सीपी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में कंपिल क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर खास में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का आयोजन सत्यपाल सिंह के आवास पर आयोजित किया गया। कैंप का शुभारंभ ग्राम प्रधान हेमा देवी व डॉक्टर शिवम त्रिपाठी द्वारा किया गया। कैंप में कुल 165 मरीजों का उपचार किया गया। ग्रामीण क्षेत्र में बारिश व बदलते मौसम के कारण घर-घर बुखार, खांसी, जुकाम, नाक, कान, गला, हड्डी व पेट से संबंधित मरीजों का निःशुल्क परीक्षण, उपचार व दवाई वितरित की गई। शिविर में गांव कुंवरपुर, हरकरनपुर, मेंदपुर आदि के मरीजों का निःशुल्क उपचार किया गया। शिविर में गंभीर मरीजों को अस्पताल भेजा गया। वहां पर मेडिकल डायरेक्टर डॉक्टर मंगल पांडे द्वारा समुचित निःशुल्क इलाज किया गया। कैंप में कुल 165 मरीज का उपचार किया गया। कैंप में विमल चतुर्वेदी, विमलेश पांडे, नितिन गंगवार, गोपी सक्सेना, विमल सिंह, वीरेंद्र सिंह आदि का अभूतपूर्व सहयोग रहा।



कैंप में दवायें लेते मरीज

# डायमंड जुबली जम्बूरी के पंजीकरण लक्ष्य पूरा करने का दिया गया निर्देश

**स्काउट गाइड पदाधिकारियों ने डीएम से भेंटकर भवन हेतु सौंपा पत्र**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड की बैठक जिला मुख्यायुक्त दिनेश कुमार वर्मा की अध्यक्षता में भारतीय पाठशाला इंटर कालेज में सम्पन्न हुई। सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त मयंक शर्मा ने प्रदेश में हो रही डायमंड जुबली जम्बूरी एवं 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी में पंजीकरण लक्ष्य के सापेक्ष एवं प्रदेश द्वारा जिला संस्था को दिये गये वार्षिक लक्ष्य को पूरा करने के लिए सभी सम्मानित सदस्यों से आग्रह किया। जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड भारती मिश्रा को जनपद में विगनर्स कोर्स कराने का दायित्व दिया गया। जम्बू में पंजीकरण कराने की जिम्मेदारी सुधीर कुमार कुशवाहा एवं योगेश को दी गई। डॉ. सचिव डॉ. महेश चन्द्र राजपूत ने समयबद्ध एवं नवीनीकरण एवं पंजीकरण कराये जाने पर जोर दिया। हिमलेश शाक्य ने राज्यपाल पुरुस्कार आवेदन भराये जाने के लिए सहमति दी। जिला आयुक्त गाइड इंदू मिश्रा द्वारा प्रगतिशील प्रशिक्षण जनपद में कराये जाने के लिए ब्लाक स्काउट मास्टर गाइड कैप्टन को जिम्मेदारी दी। पदाधिकारियों ने जिला मुख्यायुक्त दिनेश कुमार वर्मा को वार्षिक लक्ष्य पूरा करने का भरोसा दिलाया। प्रादेशिक मुख्यालय आदेश के अनुपालन में सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त मयंक शर्मा ने मुख्यायुक्त जिला सचिव आईटी कोआर्डिनेटर प्रधानाचार्य शिवओम दुबे के साथ अध्यक्ष जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व सीडीओ विनोद कुमार गौड़ व डीआईओएस नरेन्द्र पाल सिंह से शिष्टाचार भेंट कर स्काउट गाइड संस्था के कार्यालय कक्ष भवन को उपलब्ध कराये जाने के लिये प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ. प्रभात कुमार का पत्र सौंपा। इस मौके पर प्रतिभा शाक्य, वैभव सोमवंशी, पुष्पा सिंह, चमन शुक्ला, पुष्पेन्द्र कुमार आदि लोग मौजूद रहे।



डीएम को पौधा भेंट करते स्काउट पदाधिकारी

# चुनाव में सुधार की आवश्यकता है: विपिन गुप्ता

**भारतीय मतदाता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संगठन के विस्तार पर की चर्चा**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

भारतीय मतदाता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन गुप्ता ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए जनपद के प्रवास करके संगठन के विस्तार की संभावनाओं को तलाश किया। इस दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उनका स्वागत सम्मान किया व पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

सेनापत स्थित अनुराग अग्रवाल के निवास पर आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि चुनाव में सुधार की आवश्यकता है। आगे मामले के कोर्ट में होने की बात कह कर कुछ कहने से मना कर दिया। उन्होंने जानकारी दी कि वोट का अधिकार संविधान में सबसे पहले मिलने वाला अधिकार है, जो पच्चीस जनवरी 1950 को मिला था और 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू हो गया। उन्होंने ने मतदान के अधिकार के प्रति सभी से जागरूक रहने की अपील की। इस मौके पर संस्कार भारती के प्रांतीय महामंत्री सुरेंद्र पांडेय, रविंद्र भदोरिया, आकांक्षा सक्सेना, हेमलता मिश्रा, प्रीती गुप्ता, व्यापारी नेता संजय गर्ग, प्रधानाचार्य डॉ संदीप चतुर्वेदी, अनुराग अग्रवाल, वैभव सोमवंशी, संजीव गुप्ता, सरदार गुरदीप सिंह आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम को सम्बोधित करते विपिन गुप्ता

# डॉ. रामकृष्ण राजपूत इण्डोनेशिया में आयोजित हिन्दी सम्मेलन में लेंगे भाग



जानकारी देते रामकृष्ण राजपूत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

25वें अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी सम्मेलन मलेशिया-वाली इण्डोनेशिया में फर्रुखाबाद के साहित्यकार डा0 रामकृष्ण राजपूत भाग लेंगे। राष्ट्रपति अहमद सुकर्णो अन्तर्राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। पल्ला स्थित अपने निवास पर डॉ. रामकृष्ण राजपूत ने पत्रकार वार्ता में कहा कि हिन्दी साहित्य को केंद्र में रखकर सभी भाषाओं, बोलियों, लिपियों और विधाओं को समाहित करके भाषा साहित्य, संस्कृत, कला, संगीत, इतिहास, पुरातत्व आदि विभिन्न रुपों को समृद्ध तथा विकसित करने की आकांक्षा और अपेक्षा रखने वाला सृजनगाथा संस्था के संयोजकत्व में 25वां रजत जयंती अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी सम्मेलन का आयोजन 24 अगस्त से 31 अगस्त तक सामूहिक रुप से होगा। हिन्दी सेवा के लिए पद्म श्री तथा जमुनालाल बजाज अन्तर्राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त मलेशियावासी, गांधीवादी, छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, उत्तराखण्ड, असम, दिल्ली के 30 पुरुष व 21 महिला 51 सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल सम्मलित होगा। अपने-अपने प्रांत की विभिन्न बोलियां, लोकनृत्य, गीत, संगीत प्रस्तुत होंगे। पंचम सत्र में यशभारती सम्मानित डॉ. रामकृष्ण राजपूत कार्यक्रम को सम्बोधित करेंगे। साथ ही फर्रुखाबाद की इतिहासज्ञ डॉ. रत्ना सिंह प्रथम व पंचम सत्र का संचालन करेंगी। साथ ही रामकृष्ण राजपूत की दो पुस्तकें व एक काव्य संग्रह तथा रत्ना सिंह की एक पुस्तक व कृतियों को विमोचन होगा। डॉ. रामकुमार सिंह, ज्योतिस्वरुप अग्निहोत्री, डॉ. मोहसिन आदि ने विचार रखे। इस मौके पर रविन्द्र भदौरिया व अन्य लोग मौजूद रहे।




राजीव गांधी की जयंती मनाते कांग्रेसी

# कांग्रेसियों ने राजीव गांधी की जयंती पर मरीजों में बांटे फल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी के नेतृत्व में पार्टी कार्यालय नगला दीना फतेहगढ़ में आधुनिक भारत के निर्माता भारत रत्न पूर्व प्रधान मंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती मनाई गई और उनके विचारों पर चर्चा की। लोहिया हॉस्पिटल में मरीजों को फल वितरण किए गए। सभी ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया और उनके द्वारा कराये गये कार्यों के बारे में विचार रखे। उनकी जयंती पर लोहिया अस्पताल पहुंचकर मरीजों को फल वितरित किये गये। इस मौके पर पुन्नी शुक्ला, मोबीन अंसारी, वसीउर्रहमान, आसिफ, मुजीब खान, वरुण त्रिपाठी, हिलाल शफीकी, अम्मार अली, धर्मेंद्र शाक्य, खालिद उस्मानी, मनोज कुमार, तारिक बशीर, ताज खान, इलियास खान, सलमान अली आदि मौजूद रहे।

# किसान दिवस पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन




गोष्ठी में मौजूद अधिकारी व अन्य

**आरएम फास्फेट एण्ड केमिकल्स कम्पनी द्वारा जिरोन खाद की बतायी गई गुणवत्ता**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

किसान दिवस पर आरएम फास्फेट एण्ड केमिकल्स प्रा.लि. इंदौर के द्वारा बजरिया स्थित एक गेस्ट हाउस में संगोष्ठी का आयोजन हुआ। 170 किसानों ने गोष्ठी में भाग लिया। सैनिक खाद भण्डार मोहम्मदाबाद की ओर से आयोजित संगोष्ठी के मुख्य अतिथि जिला कृषि अधिकारी बृजेश कुमार सिंह ने भाग लिया।

उन्होंने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेती संबंधित जानकारी जरुर रखे। जिससे उनकी फसल को नुकसान से रोका जाये। समय-समय पर खेती वैज्ञानिक की राय ले और इस तरह की संगोष्ठी में प्रतिभाग करें, जिससे उन्हें सरकार की गाइड लाइन का भी लाभ मिले। रमाकांत यादव ने किसानों को उन्नत बनाने की जानकारी दी। अधिकृत विक्रेता टिन्कू यादव, रवि यादव, विमल यादव ने कम्पनी के सीनियर अधिकारी प्रमोद कुमार पाण्डेय, संजय जैन, विवेक यादव आदि का स्वागत किया। किसानों को कम्पनी के विशिष्ठ उत्पाद जिरोन खाद का प्रयोग करने की सलाह दी गई। जिरोन खाद से कृषि के फायदे के बारे में विस्तार से बताया गया। धन्यवाद टिन्कू यादव व रवि यादव ने ज्ञापित किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### लोहिया अस्पताल में टोकिन व्यवस्था समाप्त करने की किसान नेता ने उठायी मांग



सीडीओ को ज्ञापन सौंपते किसान नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन अखण्ड प्रदेश के प्रमुख महासचिव राजेश कुमार बबलू दीक्षित ने किसानों की समस्याओं को लेकर किसान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। विकास भवन में आयोजित किसान दिवस में किसान नेता बबलू दीक्षित ने भाग लिया और उन्होंने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया कि डॉ. राममनोहर लोहिया हॉस्पिटल में मरीजों को पहले टोकिन लेना पड़ता है। बाद में पर्चा बनाया जाता है, जिससे मरीजों को घंटों लाइन में लगना पड़ता है और समय पूर्ण हो जाता है, तब तक डाक्टर चले जाते है। इस टोकिन व्यवस्था को समाप्त किया जाये। सातनपुर मण्डी रोड पर कई लाइटे खराब है। सिंहवाहिनी रोड पर स्ट्रीट लाइट खराब है, उन्हें बदलवाया जाये। भोपत पट्टी में विद्युत विभाग द्वारा छह माह पूर्व खम्बो को लगाया था, आज तक खम्बो को जाम नहीं करवाया गया और न ही खंबों पर बंच बांधा गया है। जिससे खतरा बना रहता है, आदि समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा। सीडीओ ने समस्या का निस्तारण करवाने की बात कही।

### विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस पर कार्यक्रम आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा 21 अगस्त गुरुवार को विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन भारतीय पाठशाला इंटर कालेज लोहाई रोड प्रातः 10 बजे होगा। यह जानकारी कार्यकारी अध्यक्ष राजेश निराला ने दी है।

### आईटीआई में रोजगार मेला आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क पर 21 अगस्त गुरुवार को प्रातः 10 बजे रोजगार मेले का आयोजन होगा। 4 कम्पनियां प्रतिभाग करेगी। 250 रिक्तियों के सापेक्ष अभ्यार्थी अपने शैक्षिक प्रमाण पत्र के साथ विद्यालय में उपस्थित हो और रोजगार मेले में प्रतिभाग करें। यह जानकारी नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने दी है।

### आईटीआई में प्रवेश हेतु 24 अगस्त तक अभ्यार्थी करें आवेदन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में चल रहे चतुर्थ चरण के प्रवेश हेतु अभ्यार्थी अपनी रैंक एवं नवीन रैंग प्राप्त कर ऑन लाइन आवेदन बेवसाइट पर करें। नोडल प्रधानाचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि 24 अगस्त से पूर्व ऑन लाइन अवश्य कर ले। 25 अगस्त से आवंटन कार्यवाही शुरु की जायेगी।

# बैडमिंटन व कुश्ती विजेताओं को किया गया सम्मानित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

स्वर्गीय ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में बैडमिंटन एवं कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में परिषदीय विद्यालय के छात्र/ छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला क्रीड़ा अधिकारी कर्मवीर सिंह ने किया।

समापन अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनुपम अवस्थी ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर जिला व्यायाम शिक्षक संजीव कटियार, कुलदीप यादव, अरुण यादव, मनीष कुमार, आलोक कुमार, संजीव कुमार, अतुल कटियार, अवधेश, विमलेश, बीना गौतम, सत्यवीर आदि लोग मौजूद रहे। बैडमिंटन बालिका वर्ग में रोली विजेता व शिखा उपविजेता रही।



मेडल के साथ विजेता छात्र-छात्रायें

बैडमिंटन बालिका युगल में रोली व रानी विजेता, शिखा व ज्योति उपविजेता रही। बैडमिंटन एकल बालक वर्ग में रजत विजेता व अमोध उपविजेता रहे। बैडमिंटन बालक युगल में रजत व जाविद विजेता। मंकेश बाबू व मोहम्मद मुस्तफा उप विजेता रहे। कुश्ती बालिका वर्ग में बढ़पुर की लक्ष्मी विजेता व मोहम्मदाबाद की जानवी उपविजेता रही। 30 से 33 किलो भार वर्ग में बढ़पुर की आकांक्षा विजेता व शिखा उपविजेता रही। 33 किलो भार वर्ग में अक्षरा विजेता बनी। 36 से 39 किलो भार वर्ग में नंदनी मोहम्मदाबाद विजेता, करीना बढ़पुर उप विजेता रही। 39 से 42 किलो भार वर्ग में ज्योति मोहम्मदाबाद विजेता व बढ़पुर की साक्षी उपविजेता रही। कुश्ती बालक वर्ग में अंशुल विजेता व प्रशांत उप विजेता रहे। कुश्ती 38 किलो भार वर्ग में गुनबाज विजेता व जीवेश उप विजेता रहे। 41 किलो भार वर्ग में प्रवेश विजेता व श्याम सुंदर उप विजेता रहे। कुश्ती 44 किलो भार वर्ग में रहमान विजेता व प्रशांत उपविजेता रहे। कुश्ती 48 किलो भार वर्ग में दिव्यांशू विजेता व अर्पित उपविजेता रहे। 57 किलो भार वर्ग में शिवम विजेता बने। सभी खिलाड़ियों को बीएसए अनुपम अवस्थी ने मेडल पहनाकर पुरुस्कृत किया।

### परमार्थ संस्थान द्वारा बाढ़ पीड़ितों को वितरित की गई सोलर लाइट व भोजन



बाढ़ पीड़ितों को सोलर लाइट वितरित करते केशवभान साध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सेवा ही संकल्प के आहवाहन के साथ परमार्थ संस्थान के प्रमुख व समाजसेवी केशव भान साध अपनी टीम के साथ दिल्ली से आकर बाढ़ पीड़ितों को भोजन वितरित कर रहे है। उन्होंने अपनी टीम के साथ डेरा जमा दिया है और बाढ़ आपदा प्रभावित क्षेत्रों में जाकर जगह-जगह भट्ठी लगवाकर भोजन की आपूर्ति गांव वालों को उपलब्ध करवा रहे है। उन्होंने कहा कि सेवा ही परम धर्म है। उन्होंने कहा कि पुनीत कार्य में समाजहित को देखते हुए बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा भी कर रहे है। ऐसे में लोगों को भोजन मिले, यह सबसे बड़ा परोपकार है। साथ ही ग्रामीणों को सोलर लाइट पहुंचाकर व्यवस्था कर रहे है। ऐसे बाढ़ के चलते विद्युत व्यवस्था बंद है। गांव में अंधेरा रहता है। सोलर लाइट पहुंचाने की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि यह समाजसेवा जीवन भर जारी रखेंगे। मय-समय पर लोगों की सेवा कर अपना धर्म निभाता रहूंगा।

# मांगों को लेकर शिक्षक हुए आंदोलित, दिया धरना

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे व जिला महामंत्री नरेन्द्र पाल सिंह सोलंकी, कोषाध्यक्ष शैलेश दुबे के नेतृत्व में शिक्षकों की मांगों को लेकर धरना दिया और मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन डीआईओएस को सौंपा।

फतेहगढ़ स्थित डीआईओएस कार्यालय के बाहर बने प्रांगण में अपनी मांगों को लेकर कार्यरत शिक्षकों ने 31 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया कि पुरानी पेंशन पुनः बहाल की जाये। वित्तविहीन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतनमान, तदर्थ शिक्षकों का विनियमितीकरण, निःशुल्क चिकित्सा सुविधा एवं ऑफलाइन स्थानान्तरण को पूरा किया जाये। बुधवार को शिक्षकों ने धरना प्रदर्शन कर आंदोलन किया और मांगों को लेकर शीघ्र निस्तारण करने की मांग की। चयन बोर्ड अधिनियम की धारा 12, 18 व 21 की व्यवस्थाओं को पचायत अधिनियमित रूप में मांध्यमिक शिक्षा अधिनियम 1921 में समाहित किया जाये, साथ ही विद्यालय व छात्रहित में उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग 2023 विधेयक की धारा को विलुप्त किया जाये। शिक्षक समुदाय का निश्चित मत है कि एनपीएस अर्थात नई पेंशन योजना शिक्षक की वृद्धावस्था में उसी जीवन स्तर के साथ जीवन यापन करने योग्य नहीं है, जिस जीवन स्तर पर शिक्षक सेवा निवृत्त हो रहा है। पुरानी पेंशन ही वृद्धावस्था का समुचित जीवन स्तर बनाये रखने का माध्यम है।



धरना देते शिक्षक

वहीं पुरानी पेशन सरकार बहाल करे। राजकीय शिक्षकों की भांति सहायक माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को भी निःशुल्क चिकित्सा सुविधा अनुमन्य की जाये। 9 नवम्बर 2023 के शासनादेश द्वारा तदर्थ शिक्षकों की सेवाये समाप्त कर दी गयीं है, ऐसे सभी तदर्थ शिक्षकों को विनियमित करते हुए उनकी सेवायें बहाल की जाये। वित्त विहीन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतनमान के सिद्धान्त पर वेतन एवं सेवा शर्ते लागू की जाये। ऑफलाइन स्थानान्तरण सत्र 2025 की सूची तत्काल निर्गत की जाये। 7वां वेतन आयोग 1 जनवरी 2016 से प्रभावी हुआ था। 8वां वेतन आयोग 01 जनवरी 2026 से देय होता है। वेतन आयोग का गठन शीघ्र किया जाये। विद्यालयों में कार्यरत व्यवसायिक शिक्षकों को भी पूर्णकालिक शिक्षक का दर्जा देते हुए उन्हें समान कार्य के लिए समान वेतन के सिद्धान्त के आधार पर वेतन अनुमन्य किया जाये। शिक्षकों के स्थानान्तरण नीति में आवश्यक संशोधन कर ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाय कि शिक्षक अपनी सुविधानुरूप स्थान पर स्थानान्तरण प्राप्त कर सके। ग्रेच्युटी की सीमा राज्य कर्मचारियों की भांति 20 लाख रूपये से बढ़ाकर 25 लाख रूपये की जाये। पेंशन की राशिकृत्त धनराशि की कटौती 10 वर्ष 08 माह के पश्चात बन्द की जाये। न्यायालय के आदेशों के अनुरूप शिक्षक की 62 वर्ष की सेवा पर सेवा निवृत्ति की दशा में ही ग्रेच्युटी का भुगतान किया जाये। प्रदेश में कार्यरत शिक्षयने एवं कर्मचारियों का कोरोना काल में रोके गये महंगाई भत्ते के अवशेषों का भुगतान किया जाये। वर्ष 2014 से बन्द सामूहिक बीमा को पुनः प्रारम्भ किया जाये। अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत कला, व्यायाम, भाषा, शिल्प संगीत आदि शिक्षकों को भी चयन, प्रोन्नत वेतनमान का लाभ अनुमन्य किया जाये। विद्यालयों में कम्प्यूटर शिक्षक का पद सूचित करते हुए उस पर तात्काल नियुक्ति की जाये। बोर्ड परीक्षाओं की पारिश्रमिक दरें सीबीएसई के समान की जाये, आदि 31 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर विजेन्द्र मथुरिया, प्रदीप जायसवाल, शिक्षक नेता संतोष दुबे, सतेन्द्र सिंह, सुनील कुमार, रजनीश शिवा, हिमांशु शुक्ला, ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी, अतुल दास, कर्णवेन्द्र सिंह, ओमपाल सिंह रघुवंशी, प्रेमपाल सिंह, प्रवीण कुमार आदि बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

### अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू रक्षा मंच ने बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री बांट कराया भोजन



बाढ़ पीड़ितों को भोजन कराते संस्था के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू रक्षा मंच के पदाधिकारियों ने बाढ़ पीड़ित क्षेत्र गंगापार के राजेपुर में जाकर राशन सामग्री व भोजन वितरित किया। अमृतपुर विधानसभा के क्षेत्र राजेपुर मार्ग पर अन्तर्राष्ट्रीय रक्षा मंच के रामवीर चौहान के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने बाढ़ पीड़ितों को भोजन कराया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों को सड़क पर बुलाकर राशन सामग्री वितरित की, साथ ही भोजन कराया। रामवीर सिंह चौहान ने कहा कि बाढ़ आपदा है कि ऐसे में हम सभी लोगों का दायित्व है कि पीड़ितों की मदद करें। उन्होंने सड़क पर पंगत बैठाकर बाढ़ पीड़ितों को भोजन करवाया। इस मौके पर संस्थापक अध्यक्ष आचार्य विवेकानंद, राष्ट्रीय सचिव बबिता पाठक, सभासद व नगर अध्यक्ष अनिल तिवारी, सभासद बिटान देवी चौहान, डा0 निधि मिश्रा, आलोक भारती, शिवम दुबे, शीला तिवारी, अर्चना द्विवेदी, रुवी कश्य, करुणा शंकर मिश्रा, किरण सिंह, आरवी सिंह, विकास गुप्ता, दिव्यांशु गुप्ता, गौरव सक्सेना, हर्षित मिश्रा, अथर्व, लता चौहान, अर्जुन, अंशु, अन्नू शुक्ल, रितु, अभय, शिवम राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।

# सीडीओ की अध्यक्षता में किसान दिवस का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

बुधवार को विकास भवन के सभागार में मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़ की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया।

उप कृषि निदेशक ने आई शिकायतों के निस्तारण से अवगत कराया। खरीफ सत्र में फसल बीमा की अन्तिम तिथि 31 अगस्त है। दैवीय आपदा, बाढ प्रभावित क्षेत्र के कृषक फसल बीमा अवश्य करायें। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में 3 रैक उर्वरक की लगी हुई है। यदि कोई विक्रेता निर्धारित मूल्य से अधिक पर उर्वरक विक्रय करता है, तो उस पर कठोर कार्यावाही अमल में लाई जायेगी। वर्तमान में सात विक्रेतों के लाइसेंस निरस्त किये गये। पर्यावरण विशेषज्ञ गुंजा जैन ने बताया कि खेतों में केंचुओं की मात्रा न के बराबर है एवं जीवाश्म कार्बन की मात्रा अत्यधिक कम है, धातुओं की मात्रा बढ़ती जा रही है जो हमारे मानव जीवन में कई गम्भीर बीमारियों को जन्म दे रही है। रसायन एवं उर्वरकों का संन्तुलित मात्रा में प्रयोग करें। डॉ. अभिमन्यु कृषि वैज्ञानिक ने बताया कि फसलों को नील गाय से बचाने हेतु फसल पर हड्डी का चूर्ण का छिड़काव करें। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि आलू की खुदाई से लेकर भण्डार तक ट्रान्सपोर्ट हेतु अनुदान की व्यवस्था उपलब्ध है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि पशुओं में फैलने वाली बीमारी लम्फी बायरस, एफएमडी का टीकारण अभियान 05 सितम्बर तक चलेगा। सीडीओ ने जनपद में बाढ़ ग्रसित ग्रामों में राहत सामिग्री का वितरण किया जा रहा है, जहा पर अत्यधिक जल भराव की स्थिति है। इस अवसर पर अधिकारीगण कपिल कुमार, अरविन्द मोहन मिश्र, बीके सिंह, गुंजा जैन, डॉ. अभिमन्यु यादव, डॉ. महेन्द्र प्रसाद, डॉ. धीरज कुमार शर्मा, राघवेन्द्र सिंह, सुशील कुमार, आरके राठौर, अनूप कुमार दीक्षित, चन्द्रिका प्रसाद, पुरुषोत्तम दास, प्रदीप कुमार यादव, विपिन कुमार, चन्द्रकॉन्त शर्मा, विनोद कुमार, शशांक कुमार निगम, शिवांशु बाजपेयी, डॉ. सत्येन्द्र प्रताप सिंह, विनोद कुमार, नितिन वर्मा, शिव नरेश, अजय कुमार, रामप्रकाश, मोहित शर्मा, प्रियाशु मिश्रा, गिरीश चन्द्र, रतीक कुमार दीक्षित, प्रवीन कुमार आदि उपस्थित रहे।




किसानों की बैठक लेते सीडीओ

### केक काटकर भाजपा जिलाध्यक्ष का मनाया गया जन्मदिन



जिलाध्यक्ष का मुंह मीठा कराते जिला मंत्री गुरुचरन आजाद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष का जन्मदिन उनके पैतृक गांव में पार्टी के पदाधिकारियों व समर्थकों ने उन्हें उपहार देकर व केक काटकर मनाया और उनकी लम्बी आयु की कामना की। भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र राजपूत का जन्मदिन उनके पैतृक गांव कमालगंज के गांव नगरिया देवधरापुर में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री गुरुचरन आजाद ने जिलाध्यक्ष के आवास पर पहुंचकर उन्हें बुके देकर व माला पहनाकर जन्मदिन की बधाई दी और केक काटकर उनका मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर जिला आईटी सेल प्रमुख अभिषेक बाजपेयी, विधानसभा प्रभारी अरविन्द कटियार, मण्डल अध्यक्ष जहानगंज अनुज कटियार, सुखवीर दिवाकर, विपिन चक, प्रधान राजीव कठेरिया, विमल यादव, रामसेवक वर्मा के अलावा क्षेत्रीय कार्यकर्ता व समर्थकों ने भी जिलाध्यक्ष को जन्मदिन की बधाई दी।

# डीएम ने कृषकों की सुनी समस्याएं, निस्तारण के दिये निर्देश

**किसान हमारे अन्नदाता, अधिकारी इनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुनते हुए करें त्वरित निस्तारण : जिलाधिकारी**



**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में विकास भवन के आडीटोरियम में किसान दिवस का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, उप निदेशक कृषि विकेश पटेल, विद्युत विभाग, कृषि, सिंचाई विभाग, सहकारिता, चिकित्सा विभाग, चकबंदी और अन्य विभागों के अधिकारी के साथ-साथ जनपद के चारों तहसीलों से आए किसान उपस्थित रहे। किसानों ने नवागत जिलाधिकारी का किसानों के द्वारा गुलदस्ता, प्रतीक चिन्ह,और अंगवस्त्रम भेंटकर स्वागत किया गया। जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्ध नाथ सिंह, प्रदेश महासचिव प्रहलाद सिंह, मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह,जिला अध्यक्ष कंचन सिंह फौजी, सुखनंदन दुबे जी, बीडी सिंह जी और तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे।

किसानों के द्वारा जनपद में बाढ़ से प्रभावित किसानों के सभी प्रकार का ऋण माफ हो और क्षतिग्रस्त फसलों का फसल बीमा का लाभ और क्षतिपूर्ति 25000 रूपये प्रति एकड़ मुआवजा तथा पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था कराया जाए व बाढ़ के कारण जिन किसानों के घर गिर गए हैं। उनको पक्का आवास दिलवाया जाए व बिजल के गिरे हुए खंभों का दुरूस्त कर बिजली दिया जाए व बाढ़ का पानी घटने से संक्रामक बीमारियों को फैलने से रोकने के लिए दवाओं का छिड़काव कराया जाए और क्षतिग्रस्त सड़कों का निर्माण अविलंब कराया जाए। किसानों को सिंचाई के लिए निर्वाध रूप से 20 घंटे बिजली दिया जाए। सभी सहकारी समितियो पर उर्वरक यूरिया खाद प्रचुर मात्रा में उपलब्ध कराया जाए। कृषि रक्षा इकाइयों पर खरीफ की फसल के लिए खरपतवार नाशक व कीटनाशक दवाओं को उपलब्ध कराया जाए।

चुनार तहसील अंतर्गत ग्राम कुंडाडीह जादवपुर, करहट, बरईपुर व अन्य गांव के किसानों को रेलवे (डीएफसीसीआई एल)से संबंधित समस्याओं के निवारण के लिए जिलाधिकारी ने 24 जुलाई 2025 को विकास भवन सभागार में किसान दिवस में नायब तहसीलदार के समक्ष निर्देश दिया था कि किसानों, अधिकारियों और डीएफसीसीआईएल के साथ संबंधित समस्याओं के लिए बैठक कराकर निस्तारण कराया जाए परंतु अभी तक बैठक नहीं हो पाई है, रेलवे से संबंधित समस्याओं के लिए अति शीघ्र बैठक कराकर समस्याओं का निस्तारण कराया जाय।

राष्ट्रीय राजमार्ग 7 पर बरईपुर गेट के सामने कट दिया जाए। वाराणसी शक्तिनगर मार्गएसएच-5ए पर अहरौरा में वनस्थली महाविद्यालय के सामने अवैध अस्थाई टोल प्लाजा को हटाया जाए जो डीपीआर में नहीं है। विद्युत वितरण खंड चुनार के उप केंद्र नारायणपुर अंतर्गत ग्राम गोरखपुर माफी में 100 केवीए ट्रांसफार्मर के पास लगा हुआ पैनल का ढक्कन नहीं है और उसका चेंजर भी जल चुका है डायरेक्ट केबल लगाकर ग्राम को सप्लाई दी गई है खुला होने के कारण कभी भी दुर्घटना हो सकती है, उसके पैनल को बदला जाए। विद्युत वितरण खंड चुनार के उपकेद्र नारायणपुर अंतर्गत ग्राम गोरखपुर माफी निवासी बिंदा देवी पत्नी विक्रम पटेल का सौभाग्य योजना अंतर्गत आधार कार्ड लेकर मीटर लगा दिया गया परंतु उनको सप्लाई नहीं दी गई, न ही बिजली का उन्होंने कोई प्रयोग किया ना ही घर में कोई विद्युत उपकरण है, और मीटर का रीडिंग भी जीरो है फिर भी लगभग 42000 रूपये का बिल एक वर्ष पहले भेज दिया गया था।

पूर्व के कनेक्शन को समाप्त कर नया कनेक्शन दिया जाए जिससे बिजली का उपयोग कर सके। जनपद मिर्जापुर में सिविल लाइन रोड रमई पट्टी से कनौरा घाट जो विगत 4 वर्षो से पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है जिससे आमजन के साथ साथ हजारों किसानो को अपने उपज का सामान लेकर मंडी आने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शासन से स्वीकृति मिलने के उपरांत भी अभी तक सड़क नहीं बना है, अति शीघ्र सड़क का निर्माण कराया जाए।

सदर तहसील अंतर्गत ग्राम धौरुपुर, भरूहना और राजपुर के किसानों की जमीन आवास विकास प्राधिकरण द्वारा अधिग्रहण लगभग 20 वर्षों से चल रहा। फिलहाल जमीन की खरीद बिक्री पर भी रोक लगा दी गई है इस अधिग्रहण की प्रक्रिया को निरस्त कर जमीन की खरीद बिक्री को चालू किया जाय। चकबंदी प्रक्रिया के अंतर्गत ग्राम भेड़ा लालगंज में माह जुलाई 2025 में चकबंदी विभाग द्वारा चक सीमांकन किया गया इसमें सभी चकों को सिंचाई के लिए नाली तो दे दी गई परंतु उन नालियों में नहर से नहीं जोड़ा गया चकबंदी लेखपाल या कानूनगो द्वारा बताया गया की कास्त एवं नहर के मध्य वन विभाग की जमीन है।

## मण्डलायुक्त व जिलाधिकारी ने पेंशनरों की सुनी समस्याएं



**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**

मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार कक्ष में राज्य सरकार के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सेवानिवृत्तिक देयों से सम्बन्धित प्रकरणों के निस्तारण हेतु मण्डलीय पेंशन अदालत का आयोजन किया गया। मण्डलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी व जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने आए हुए पेंशनरो की समस्याओं को सुना गया तथा निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस अवसर पर कुल 88 दावे सुने गये जिसमें 65 मामलों का सुनवाई स्थल पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष 23 प्रकरणों को 15 दिवस में निस्तारित किये जाने हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को मण्डलायुक्त ने निर्देशित किया गया। बैठक में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, अपर जिलाधिकारी वि0रा0 अजय कुमार सिंह, अपर निदेशकध्संयोजक पेंशन अदालत गिरीश कुमार, मुख्य कोषाधिकारी अर्चना त्रिपाठी, वरिष्ठ कोषाधिकारी भदोही बृजेश सिंह एवं वरिष्ठ कोषाधिकारी सोनभद्र इन्द्रभान सिंह और मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मिर्जापुर डॉ सी0एल0 वर्मा व अन्य विभागों के अधिकारीगण के साथ पेंशनर्स संघ के पदाधिकारीगण तथा पेंशनर्स उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### वांछित अभियुक्तों के खिलाफ की कार्रवाई



**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** जनपद मिर्जापुर के मुकदमे में पी सी वांछित अभियुक्त गण सोनू नट पुत्र शिव प्रसाद व वासुदेव उर्फगुड्डू पुत्र मोहनलाल निवासीगण झक्कड़पुर थाना पथ्थलगांव जिला जशपुर छत्तीसगढ़ के विरुद्ध न्यायालय से धारा 84 बी एन एस का आदेश अभियुक्तगण के घर पर सार्वजनिक स्थान पर चशपा किया गया तथा डुगडुगी बजाकर यह घोषणा की गई कि यदि वांछित अभियुक्तगण सोनू नट व वासुदेव उर्फगुड्डू न्यायालय के समक्ष हाजिर नहीं होता है तो उसके घर कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। आदेश का तामिल न करने पर थाना चुनार मिर्जापुर के उपनिरीक्षक अभय राजपाल हेड कांस्टेबल इजहार अहमद तथा थाना पथ्थलगांव जिला जशपुर की पुलिस बल द्वारा करवाई किया गया।

### चार वर्षीय बीएड का बेहतर विकल्प : विन्ध्य गुरुकुल कालेज

**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थित पूर्वांचल का एकमात्र शिक्षण संस्थान विंध्य गुरुकुल कॉलेज, गोसाईपुर, चुनार, जहाँ चार वर्षीय इंट्रीग्रटेड बीएड कोर्स में प्रवेश लेकर शिक्षक बनने का सपना पूरा करना आसान हुआ हैं। ऐसे छात्र-छात्राएं जो 12 वी के बाद सीधे बीएड कोर्स में प्रवेश लेना चाहते हैं उनके लिए यह सुनहरा अवसर हैं। इस कोर्स में कला एवं विज्ञान वर्ग से 12 वी उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं सीधे बीए -बी0एड एवं बी0एससी-बी0एड में सीधे प्रवेश ले सकते हैं। आधुनिक क्षिशा और विरासत को संरक्षित रखने के उदेश्य से संचालित यह शिक्षण संस्थान बी0ए0, बी0एससी0, बी0एससी0 (एग्रीकल्चर ) बी0सी0ए0, बी0एफ0ए, बी0एड0 और डी0एल0एड0, जैसे कोर्स के द्वारा छात्रों के भविष्य को नया आकर दे रहा हैं। इस कॉलेज के आकर्षण का सबसे बड़ा कारण यह भी हैं कि यहां गुणवत्ता परक शिक्षा के साथ ही आधुनिक दौर की चुनौतियों के अनुकूल शौक्षिण माहौल दिया जाता हैं। यहाँ के शौक्षिणीक परिवेश में व्यक्तित्व निर्माण एवं आत्मनिर्भरता के साथ साथ नैतिक मूल्यों के विकास पर भी बल दिया जाता हैं जिससे कि बेहतर कल की नीव खड़ी की जा सके।

### जिला कृषि अधिकारी ने कराया खाद वितरित

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के साधन सहकारी समिति भटवारी दिघिया पर खाद वितरण की शिकायत पर मंगलवार की देर शाम जिला कृषि अधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार यादव व एआर विपिन कुमार सिंह समिति पर पहुंचकर किसानो को खाद वितरण कराया है। सुबह से ही समिति पर खाद के लिए किसानो की भीड़ जुट गई थीं जिस पर सहकारी समिति के सचिव रमाकांत मौर्य ने स्थानीय पुलिस को सूचना दिया। जिस पर चौकी प्रभारी मतवार कन्हैया राय व हेड कांस्टेबल शैलेन्द्र गुप्ता के साथ समिति पर पहुंचकर नियमानुसार खाद का वितरण शुरू कराया। इसी बीच किसानो ने सहकारी समिति पर हंगामा करते हुए जिला कृषि अधिकारी से शिकायत किया की समिति पर किसानो को नियमानुसार खाद वितरण नहीं किया जा रहा है जिस पर मौके पर पहुँचे जिला कृषि अधिकारी एआर के साथ समिति पर पहुंचकर खाद वितरण की जानकारी समिति के सचिव से जानकारी लिया जिस पर समिति के सचिव ने बताया की ईपास मशीन में तकनीकी खराबी व सर्वर डाउन होने से खाद वितरण में परेशानी हो रही है जिस पर जिला कृषि अधिकारी द्वारा समिति के सचिव को निर्देश दिया गया है की किसानों को नियमानुसार खाद का वितरण सुनिश्चित कराये इसमें किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर कार्रवाई किया जायेगा। इस संबंध में जिला कृषि अधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार यादव ने बताया की समिति पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है लेकिन ईपास मशीन में तकनीकी गड़बड़ी होने के कारण खाद वितरण में परेशानी होने से मौके पर पहुंचकर जांच किया गया है। सचिव को नियमानुसार खाद वितरण करने का निर्देश दिया गया है।




### कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी मनाया जन्म दिन

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती श्रद्धापूर्वक कांग्रेस कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने बड़े उल्लास से मनाया। कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष शरद कुमार सिंह ने की। कार्यक्रम का संचालन नगर पंचायत आनंदनगर के पूर्व अध्यक्ष और जिला कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी पूर्व चेयरमैन जयप्रकाश लाल श्रीवास्तव ने किया। शरद कुमार सिंह ने कहा कि देश में मोबाइल फोन का व्यापक प्रसार राजीव गांधी की देन है। जिला कोषाध्यक्ष कपिल देव शुक्ला ने संचार क्रांति में राजीव गांधी की दूरदर्शिता को याद किया। जिला मीडिया प्रभारी जयप्रकाश लाल ने राहुल गांधी के नेतृत्व में बिहार से शुरू हुए परिवर्तन की चर्चा की। कार्यक्रम में विनोद सिंह, गोपाल शाही, डॉ. रामनारायण, राजन शुक्ला, जिला सचिव रेखा गुप्ता, शिव पूजन, पूर्व प्रमुख विधि नारायण वर्मा, पूर्णमासी यादव, इश्तियाक अहमद समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। तेज बहादुर पांडे, रमेश चंद्र श्रीवास्तव, दिनेश यादव, डॉ. घनश्याम मिश्रा, धर्मेंद्र, संदीप त्रिपाठी, बिराजवीर, अभिमन्यु और शाहिद भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

## वेतन, एरियर व पेंशन समेत कई मांगों को लेकर शिक्षकों ने दिया धरना

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने आज बुधवार को वेतन, पेंशन,एरियर सहित कई बिंदुओं को लेकर डीआईओएस कार्यालय पर धरना दिया। शिक्षकों की प्रमुख मांगों में वेतन और एरियर का भुगतान शामिल है।

महात्मा गांधी इंटर कॉलेज सिसवा बाजार के शिक्षक पंकज कुमार और मोहम्मद हशीम का 15 दिन का वेतन डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन के नाम पर रोका गया है। बापू शताब्दी इंटर कॉलेज जाहवा के शिक्षक डॉ. विजय कुमार पटेल का एरियर भी लंबित है। संगठन के जिलाध्यक्ष प्रभात कुमार पांडेय ने कई अन्य मांगें रखीं। इनमें शिक्षकों को निःशुल्क फॉर्म 16 की उपलब्धता, बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन का भुगतान और चयन-पदोन्नति से जुड़ी फाइलों का निस्तारण शामिल हैं।

जिला कोषाध्यक्ष तेज बहादुर पाल ने बताया कि प्रदेश के सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक पुरानी पेंशन बहाली की मांग कर रहे हैं। साथ ही वित्तविहीन विद्यालयों में समान कार्य के लिए समान वेतन, तदर्थ शिक्षकों का नियमितीकरण और निःशुल्क चिकित्सा सुविधा की मांग भी की गई है। शिक्षक संघ पहले भी धरना-प्रदर्शन कर चुका है और ज्ञापन के माध्यम से अपनी मांगें प्रेषित कर चुका है। इस धरने में जिला मंत्री अरुण कुमार पांडेय, त्रियुगी नारायण और विजय प्रताप सिंह समेत कई शिक्षक मौजूद रहे।

### पुलिसकर्मियों ने थाना क्षेत्र में पड़ने वाले बैंकों का किया निरीक्षण



**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के निर्देशन मे बुधवार को हलिया पुलिस अधिकारीगण द्वारा हलिया थाना क्षेत्र में पड़ने वाले भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैक, यूपी ग्रामीण बैक की चेकिंग की गयी। बैंक मे लगे सीसीटीवी कैमरा,इमरजेंसी अलार्म सिस्टम को चेक कर एटीएम,बैंक व बैंक परिसर के आसपास संदिग्ध व्यक्तियो व वाहनो की चेकिंग की गयी। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की उच्च अधिकारियो के निर्देश पर थाना क्षेत्र में पड़ने वाले बैंको में पहुंचकर पुलिस कर्मियों ने निरीक्षण किया गया है। इस दौरान एसआई चरण सिंह, महिला कांस्टेबल पूजा चौहान, होमगार्ड राम मिलन पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## गौस आलम अध्यक्ष, विकास मंत्री निर्विरोध निर्वाचित

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ महराजगंज के द्वारा पूर्व में लिए गये निर्णय के क्रम में आज बुधवार को फरेन्दा विकास खण्ड के सभागार में समस्त शिक्षक/शिक्षिकाओं की उपस्थिति में निर्वाचन प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी। निर्वाचन प्रक्रिया में आज प्रान्तीय संगठन मंत्री/चुनाव अधिकारी शशिकेश तिवारी एवं चुनाव पर्यवेक्षक दिलीप विश्वकर्मा पर्यवेक्षक उपस्थित में चुनाव प्रक्रिया शुरू हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए गौस आजम एवं मंत्री पद के लिए नामांकनदाखिल किया गया ।निर्विरोध रूप से गौस आजम को अध्यक्ष तथा विकास मिश्र को निर्विरोध रूप से मंत्री निर्वाचित किया गया।

निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न होने के उपरान्त अपने सम्बोधन में जिला अध्यक्ष बलराम निगम ने कहा कि सभी नवनिर्वाचित अध्यक्ष / मंत्री अपने संगठनात्मक दायित्वों का सम्यक निर्वहन करें और अध्यापकों के मध्य अपनी प्रतिबद्धता सुनिश्चित करें।

निर्वाचन प्रक्रिया का संचालन श्री अम्बरीश शुक्ला जिला मंत्री द्वारा किया गया। इस निर्वाचन में विमिलेश राय, चन्दन द्विवेदी, नन्द्र गुप्ता, कैलाशनाथ मौर्य, अजय कुशवाहा, भीमसेन गौतम, अनीता सोनी, नूर आलम, शाह आलम, अब्दुर्रहमान, राधे रमन, मुमताज, रितेश राय, पल्लवी श्रीवास्तव, प्रमोद यादव, अशोक कुमार, इस्तियाक अहमद, जितेंद्र व युवराज सहित सैकड़ो शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## खाद की जमाखोरी का हुआ पर्दाफाश

**117 किसानों ने एक टन से ज्यादा खाद खरीदी, प्रशासन ने जारी किए नोटिस**

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** जिले में खाद की कालाबाजारी का मामला प्रकाश में आया है। कृषि विभाग ने जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा को एक सूची सौंपी है। इसमें सैकड़ों किसानों द्वारा सहकारी समितियों और निजी दुकानों से जरूरत से ज्यादा युरिया खाद खरीदने के मामले का खुलासा हुआ है।

जिला कृषि अधिकारी शैलेंद्र प्रताप सिंह के अनुसार, खाद की नियमित आपूर्ति के बावजूद दुकानों पर भीड़ बढ़ती जा रही थी। जांच में पता चला कि कई किसान एक से अधिक दुकानों से खाद खरीद कर जमा कर रहे थे। जिला प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई करते हुए चारों तहसीलों के एसडीएम को किसानों की सूची भेजी है। उनके खिलाफ नोटिस जारी हुआ है।

एक मीट्रिक टन से अधिक खाद जमा करने वाले किसानों को कानूनी नोटिस जारी किए गए हैं। नौतनवा तहसील में अकेले 117 किसानों की पहचान की गई है। नौतनवा के एसडीएम नवीन कुमार ने बताया कि इन किसानों को दो दिन के अंदर अपनी खतौनी जमा करने को कहा गया है। जांच में दोषी पाए जाने पर इन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का मानना है कि इन किसानों ने मुनाफाखोरी के लिए खाद का अवैध भंडारण किया है।

## डीएम ने सीएम डैशबोर्ड विकास पुस्तिका के अनुसार प्राप्त श्रेणी की समीक्षा कर प्रगति के बारे में ली जानकारी

**एक करोड़ से अधिक लागत वाली परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए डीएम ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्माणाधीन कार्यो को गुणवत्ता व ससमय पूर्ण करने का दिया निर्देश**

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड विकास पुस्तिका की बिन्दुवार समीक्षा की गई। समीक्षा में 53 विभागध्मदों में जनपद को ए श्रेणी प्राप्त हुआ हैं। जिलाधिकारी बी0 व सी0 श्रेणी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अगले माह प्रगति में सुधार लाते हुए ए श्रेणी लाना सुनिश्चित करें तथा ए श्रेणी वाले अधिकारी ऐसे ही प्र्गति बढ़ाते हुए अगले माह भी ए श्रेणी जाना सुनिश्चित करें। पंडित दीनदयाल उपाध्याय सोलर स्ट्रीट लाइट योजना, सोलर स्ट्रीट लाइट बी0के0एस0 ग्राम उन्नति योजना, एकीकृत बागवानी विकास मिशन, पर ड्राप मोर क्राप माइक्रोइरिगेशन, खराब ट्रांसफार्मर की शिकायतें, दैनिक विद्युत आपूर्ति ग्रामीण, दैनिक विद्युत आपूर्ति शहरी, विद्युत बिल में सुधार हेतु आवेदन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पीएम कुसुम, बीज डीबीटी, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मनरेगा भवन निर्माण, सड़क निर्माण, एंबुलेंस 102, एंबुलेंस 108, बायो मेडिकल उपकरण रखरखाव कार्यक्रम, मोबाइल मेडिकल यूनिट, दुग्ध मूल्य भुगतान की स्थिति, सहकारी दुग्ध समितियां, दिव्यांग पेंशन, दिव्यांग पेंशन आधार सीडिंग, जल जीवन मिशन हर घर जल, व्यक्तिगत शौचालय निर्माण फेज-2, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2, सामाजिक वनीकरण, आपरेशन कायाकल्प, पीएम पोषण विद्यालय निरीक्षण, अंडा उत्पादन, निराश्रित गौवंश की सुपुर्दगी, निराश्रित गोवंश का संरक्षण, पशु टीकाकरण, पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान, शादी अनुदान योजना, मत्स्य उत्पादन, निराश्रित महिला पेंशन का आधार सीडिंग, पति की मृत्यु उपरांत निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, प्रोजेक्ट अलंकार, सेतु का निर्माण, सड़कों का अनुरक्षण, कन्या विवाह सहायता योजना, मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना, ओडीओपी वित्त पोषण योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन का आधार सीडिंग, जिला सहकारी बैंक अल्पकालीन ऋण वितरण एवं वसूली, टेल फीडिंग खरीफफसली में ए श्रेणी प्राप्त हुआ हैं। जिलाधिकारी ने नेडा, जिला पंचायत राज अधिकारी, सभी खण्ड विकास अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि पीएम सूर्य योजना के तहत शत प्रतिशत रजिस्ट्रेशन कराते हुए तीन दिनों भीतर रिपोर्ट उपलब्ध कराना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने उप निदेशक कृषि फैमिली आई0डी0 प्राप्त लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने एक करोड़ से अधिक लागत की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा की गई। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्यो को ससमय व गुणवत्तापूर्वक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जो अभी तक प्रारम्भ नही हुआ तथा टेण्डर प्रक्रिया आदि पूर्ण हो गई हो तो तत्काल कार्य प्रारम्भ करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन कार्यो का सम्बन्धित विभागीय अधिकारी समय-समय स्थलीय भ्रमण कर निरीक्षण भी करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी राकेश कुमार, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0 धर्मजीत सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी बाबू लाल, बब्बन मौर्या, उप निदेशक कृषि अधिकारी विकेश पटेल सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

### वरिष्ठ पत्रकार पीयूष त्रिपाठी प्रवीण पत्रकार सम्मान से सम्मानित



**कानपुर, समृद्धि न्यूज।** पत्रकारिता के गढ़ कानपुर मेंआज कीर्तिशेष प्रवीण दीक्षित, संस्थापक सदस्य कानपुर प्रेस क्लब की पावन जयन्ती के अवसर पर आत्मनिर्भर भारत योजना में मीडिया की भूमिका विषयक विचार गोष्ठी का आयोजन कानपुर प्रेस क्लब, नवीन मार्केट, कानपुर में किया गया इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार पीयूष त्रिपाठी को प्रवीण शोध संस्थान की ओर से प्रवीण पत्रकार सम्मान प्रदान किया गया व आत्मनिर्भर भारत योजना में मीडिया की भूमिका विषयक गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार श्री इन्द्र मोहन रोहतगी ने की एवं मंच संचालन कवि मुकेश श्रीवास्तव द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि विधायक सलिल विश्नोई ने कहा कि मीडिया देश का चौथा स्तम्भ के रूप में बहुत बड़ी ताकत है। आत्मनिर्भर भारत केवल एक सरकारी योजना नहीं बल्कि राष्ट्रीय आंदोलन है। इसे सफल बनाने में मीडिया की भूमिका निर्णायक है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि इन्द्र मोहन रोहतगी ने कहा कि मीडिया को चाहिए कि सरकार द्वारा जनहित के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में आम जनता को जागरूक रखे। द मारल समाचार पत्र के संपादक शिवशरण त्रिपाठी ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत योजना में मीडिया की भूमिका अत्यंत प्रासंगिक और महत्वपूर्ण है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद गंगाघाट, उन्नाव

पत्रांकः- मेमो / न0पा0प0 गंगाघाट / स्वतंत्रता दिवस-2025-26 दिनांक- 14/8/2025

स्वच्छ गंगाघाट
सुन्दर गंगाघाट
स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर

15 अगस्त 'स्वतन्त्रता दिवस' के पावन पर्व पर नगर पालिका परिषद गंगाघाट, उन्नाव अपने नगरवासियों का हार्दिक अभिनन्दन करती है।

नगर गंगाघाट को बनाये नं0-1
जनता से अपील

1. देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करेंगें। भारत की एकता को सुदृढ़ करेंगें और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करेंगें।
2. यह नगर आपका है। नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनाने में पालिका का सहयोग करें। सार्वजनिक सम्पत्तियों को नुकसान न पहुंचायें।
3. जल अमूल्य है। आवश्यकतानुसार ही जल का दोहन करें।
4. गंगा में फूल माला व अन्य सामग्री विसर्जित न करें, गंगा में फूल माला व अन्य सामग्री विसर्जित करते हुये पाये जाने पर 1000/- तक जुर्माना वसूल किया जायेगा।
5. स्वकर योजना का लाभ उठाये तथा अपना गृहकर स्वयं निर्धारित करें एवं पालिका के गृहकर-जलकर/जल मूल्य आदि समस्त देयको का भुगतान समय से कर छूट का लाभ उठायें।
6. नगर के सार्वजनिक मार्गो, नालियों आदि पर किसी प्रकार का अतिक्रमण कर अवरोध उत्पन्न न करें। पालिका नियमावली के अन्तर्गत दण्डनीय है।
7. स्वच्छ सर्वेक्षण में भारत सरकार की ओर से नियुक्त सर्वेकर्ता/आब्जर्वर द्वारा सफाई से सम्बन्धित प्रश्नों पर नागरिकों का पॉजिटिव फीडबैक हो।



अधिशासी अधिकारी
न0पा0प0 गंगाघाट,
उन्नाव

समस्त सदस्यगण
न0पा0प0 गंगाघाट,
उन्नाव

कौमुदी पाण्डेय
अध्यक्ष
न0पा0प0 गंगाघाट, उन्नाव